खबरों के 69 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com
पत्र नहीं मित्र
संपर्क करें → jabdesh1@yahoo.com



प्रथम दिवस मां शैलपुत्री

# देशबन्धु

जबलपुर, रविवार 30 मार्च 2025 | वर्ष –69 | अंक –134 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ हवा में रहेगी मेरे ख्याल... ■ बलि का बकरा (कहानी) 04
■ घरों में घुसकर अफगानियों को पकड़ेगी... ■ नेपाल : पत्रकार की मौत पर विरोध प्रदर्शन... 09
■ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के सुर एकदम से बदले... ■ इस साल पेट्रोल-डीजल के घट सकते हैं दाम 11
■ जीत की पटरी पर लौटना... ■ मनीषा ने पहला स्वर्ण... 10

## चैत्र नवरात्र

या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।



*मैहर में विराजीं मां शारदा की मनोहारी छवि*

### मुख्यमंत्री ने नागरिकों को नव संवत्सर, चैत्र नवरात्र, गुड़ी पड़वा और चेटीचंड की मंगलकामनाएं दीं

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नागरिकों को नवसंवत्सर , चैत्र नवरात्र, गुड़ी पड़वा और चेटीचंड की बधाई और मंगलकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि- भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत से प्रारंभ होता है। हमारी संस्कृति से जुड़े नव संवत्सर, गुड़ी पड़वा पर्व, चेटीचंड के त्योहार और चैत्र नवरात्र का अपना महत्व है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नव संवत्सर 2082 का आरंभ हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी प्रदेशवासियों को पर्व, त्योहारों की बधाई देते हुए प्रदेश के विकास के यज्ञ में सहभागिता की अपेक्षा भी की है।

# सुकमा में 17 नक्सली ढेर

## हिंसा और हथियार बदलाव नहीं ला सकते : शाह



### दो जवान घायल

- 25 लाख का ईनामी नक्सली लीडर भी मारा गया
- बड़ी संख्या में घातक और स्वचलित हथियार तथा विस्फोटक बरामद

**रायपुर, सुकमा, देशबन्धु।** नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा एजेंसियों, बलों का अभियान जारी है। इस बीच छत्तीसगढ़ के सुकमा में सुरक्षा बलों ने लम्बी मुठभेड़ में 17 नक्सलियों को मार गिराया है। इसमें 25 लाख रुपए का ईनामी नक्सली लीडर भी मारा गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 17 नक्सलियों के मारे जाने के बाद कहा कि हथियार रखने वाले और हिंसा का सहारा लेने वाले बदलाव नहीं ला सकते, शांति और विकास ही ला सकते हैं।

उन्होंने एक्स पर पोस्ट लिख कहा कि नक्सलवाद पर एक और प्रहार! हमारी सुरक्षा एजेंसियों ने सुकमा में एक अभियान में 17 नक्सलियों को मार गिराया और स्वचालित हथियारों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार 31 मार्च, 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। हथियार रखने वालों से मेरी अपील है कि हथियार और हिंसा बदलाव नहीं ला सकते, शांति और विकास ही ला सकते हैं।

**बस्तर आईजी ने की 17 नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि**-बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने अपडेट देते हुए बताया कि 17 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। दो जवानों को मामूली चोटें आई हैं। इस मुठभेड़ में डीवीसीएम जगदीश ढेर हो गया है।

वहीं सुकमा एसपी किरण गंगाराम चव्हाण ने बताया कि हमने अब तक 17 नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। बड़ी संख्या में एके-47, एसएलआर, इंसास राइफल और अन्य हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए गए हैं। दो जवानों को मामूली चोटें आई हैं।

मुठभेड़ केरलापाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक जंगल में हुई है। मुठभेड़ उस वक्त हुई जब सुरक्षाबलों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। केरलापाल क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर शुक्रवार रात को अभियान शुरू हुआ। अभियान में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान शामिल हैं।

सुकमा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, जिला सुकमा के थाना केरलापाल क्षेत्र में माओवादियों के उपस्थिति की सूचना परब 28 मार्च को जिला सुकमा डीआरजी और सीआरपीएफ की संयुक्त पुलिस पार्टी नक्सल विरोधी सर्च अभियान में रवाना हुए हुई। अभियान के दौरान आज सुबह सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच रूक-रूक कर मुठभेड़ जारी रही। मुठभेड़ स्थल और आस-पास क्षेत्रों की सुरक्षाबलों द्वारा सघन सर्चिंग जारी है। जवानों ने नक्सलियों को चारों तरफ से घेर रखा है। मुठभेड़ में डीवीसीएम केडर के नक्सलिक जगदीश के भी मारे जाने की खबर है। हाल ही में 25 लाख का नक्सली सुधाकर भी मार गिराया गया था। मुठभेड़ में दो जवान घायल हुए हैं, जिन्हें सुकुमा के स्थानीय अस्पताल में लाया गया है।

# मुख्यमंत्री उज्जैन से करेंगे जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

## 30 मार्च से प्रारंभ होकर 30 जून तक चलेगा अभियान



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश में वर्षा जल की बूंद-बूंद बचाने का जल गंगा संवर्धन महा अभियान गुड़ी पड़वा के दिन 30 मार्च से शुरू होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन स्थित क्षिप्रा तट पर वरुण (जल देवता) पूजन और जलाभिषेक के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान का विधिवत शुभारंभ करेंगे। यह प्रदेशव्यापी अभियान ग्रीष्म ऋतु में 30 जून तक 90 दिन से अधिक समय तक लगातार चलेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव हर दिन एक छोटी-बड़ी जल संरचना को लोकार्पित करेंगे। जल संरक्षण के इस अभियान से प्रदेश में भूजल स्तर में सुधार आएगा। पानी की बूंद-बूंद बचाएं, तभी हमारी सांसें बचेंगी। मध्यप्रदेश सरकार जन, जल, जंगल, जमीन और वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का जल संरक्षण अभियान देशभर में एक व्यापक जन-आंदोलन बना है। राज्य सरकार भी खेत का पानी खेत में-गांव का पानी गांव में के सिद्धांत पर जल संरक्षण की दिशा में अभियान चला रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए वर्षा जल संचयन, जल स्रोतों का पुनर्जीवन और जल संरक्षण तकनीकों को अपनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार का यह अभियान जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता देकर अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ें। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान, प्रदेश में जल की प्रचुर उपलब्धता और भावी पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

# मोदी सरकार ने बैंकों को कलेक्शन एजेंट बनाया: खड़गे

### एटीएम निकासी शुल्क बढ़ाना जनविरोधी कदम

## मिनिमम बैलेंस न रखने पर जनता से 43,500 करोड़ वसूले

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एटीएम से पैसे निकालने पर शुल्क बढ़ाने के सरकार के निर्णय को जन विरोधी करार देते हुए कहा है कि सरकार बैंकों के माध्यम से देश की जनता को लूट रही है।

खड़गे ने कहा कि बैंक एटीएम, केवाईसी, व्हाट्सएप पर निकासी तथा जमा संबंधी संदेश देने, ग्राहक का अपने खाते का विवरण हासिल करने आदि पर पैसे वसूल कर आम लोगों को लूटने में लगी है। पहले बैंक इसका डाटा देते थे, लेकिन अब सरकार यह कहते हुए डाटा देने से इनकार कर दिया कि रिजर्व बैंक डाटा नहीं रखता है। उन्होंने एटीएम पर शुल्क बढ़ाने को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए कहा, दुर्भाग्य ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

## आईपीएल में आज

TATA IPL

दिल्ली विरूद्ध
हैदराबाद (विशाखापट्टनम)
3.30 दोपहर से

राजस्थान विरूद्ध
चेन्नई (गोहाटी)
7.30 शाम से

## बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो-** प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई है भारत में एमआरआई मशीन बनने के बाद जांच सस्ती होगी।

**चुहिया- हां प्रिये-** फायदा तभी होगा जब लुटेरे अस्पतालों पर भी लगाम कसी जाए।

# म्यांमार में भूकंप से मृतकों की संख्या 1000 से ज्यादा हुई

## शनिवार को फिर आया 5.1 तीव्रता का भूकंप

**यांगून,( एजेंसियां )।** शुक्रवार को 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद म्यांमार में भारी तबाही हुई है। भूकंप के झटके थाईलैंड, बांग्लादेश, चीन और भारत तक महसूस किए गए थे। रॉयटर्स के मुताबिक म्यांमार की सैन्य सरकार ने कहा है कि



मरने वालों का आंकड़ा 1,002 हो चुका है, जबकि 2400 से ज्यादा लोग घायल हैं। उधर, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में एक 30 मंजिला इमारत गिर गई है। इसमें 10 लोगों की मौत हुई है।

रेड क्रॉस के अनुसार, म्यांमार में 1.9 करोड़ से अधिक लोगों को मानवीय सहायता की तत्काल आवश्यकता है, जिनमें से अनेक लोग विस्थापित हैं, खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे हैं तथा संघर्ष के कारण स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में कमी से पीड़ित हैं।

### भारत ने मानवीय सहायता की पहली खेप भेजी

भारत ने मानवीय सहायता की पहली खेप म्यांमार भेजी है। विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर ने शनिवार को यह जानकारी दी। वायु सेना का सी-130 विमान कंबल, तिरपाल, स्वच्छता किट, स्लीपिंग बैग, सोलर लैंप, भोजन के पैकेट और रसोई सेट लेकर जा रहा है। इस उड़ान के साथ एक खोज और बचाव दल और चिकित्सा दल भी है।

### 10,000 से अधिक लोगों की मौत की आशंका

भूकंप की तीव्रता और गहराई के आधार पर पूर्वानुमानात्मक विश्लेषण करते हुए अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने अनुमान लगाया है कि 10,000 से अधिक लोगों की मौत की आशंका है। नुकसान देश के सकल घरेलू उत्पाद से भी अधिक हो सकता है। म्यांमार की सैन्य सरकार ने मांडले और राजधानी नेपीडॉ सहित कई क्षेत्रों में आपातकाल की घोषणा की और कहा है कि सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में खोज और बचाव अभियान जारी है।




**उपलब्धि**

## उपचार के क्षेत्र में आगे बढ़ा एक और कदम

# भारत ने बना ली एमआरआई मशीन, अब जांच होगी सस्ती



### दुनिया भारत मैन्युफैक्चरिंग हब के तौर पर देख रही- मोदी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** भारत ने हेल्थ सेक्टर में एक बड़ा कदम उठाते हुए अपनी पहली स्वदेशी एमआरआई मशीन विकसित कर ली है, जिसे अक्टूबर तक एम्स दिल्ली में टेस्टिंग के लिए इंस्टॉल किया जाएगा। इस बड़ी उपलब्धि का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक कार्यक्रम में जिक्र किया। पीएम मोदी मेड इन इंडिया का जिक्र किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हम भारत की मैन्युफैक्चरिंग एक्सीलेंसी का नया रूप देख रहे हैं। अभी तीन-चार दिन पहले ही सूचना मिली है कि भारत ने अपनी पहली एमआरआई मशीन बना ली है। इतने दिनों तक हमारे यहां विदेशी एमआरआई मशीन थी। अब मेड इन इंडिया एमआरआई मशीन होगी, तो जांच की कीमत भी बहुत कम हो जाएगी। आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया अभियान ने देश के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को एक नई ऊर्जा दी है।

पीएम मोदी ने कहा कि पहले दुनिया भारत को ग्लोबल मार्केट कहती थी। आज वही दुनिया भारत मैन्युफैक्चरिंग हब के तौर पर देख रही है। ये सफलता कितनी बड़ी है, इसके उदाहरण हर सेक्टर में देखने को मिलेंगे। दरअसल, मेड इन इंडिया स्नह्न मशीन के आने से भारत को मेडिकल टेक्नोलॉजी में अधिक आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगी। इस कदम का उद्देश्य ट्रीटमेंट कॉस्ट और इंपोर्टेड मेडिकल डिवाइसेस पर निर्भरता को कम करना है। मौजूदा समय 80-85 फीसदी उपकरण भारत आयात करता है।

दिल्ली एम्स के डायरेक्टर डॉ एम श्रीनिवास का कहना है कि भारत में क्रिटिकल केयर, पोस्ट ऑपरेटिव केयर, आईसीयू, रोबोटिक्स, एमआरआई सहित तमाम उपकरण आयात किए जाते हैं और 80 से 90 प्रतिशत गैजेट महंगे होते हैं और बेहद जरूरी भी। हमारे पास देश में सर्वश्रेष्ठ टैलेंट है ।

# देश-विदेश

## मुर्मु ने चैत्र शुक्लादि, गुड़ी पड़वा की दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों को चैत्र शुक्लादि, उगाड़ी, गुड़ी पड़वा, चेती चांद, नवरेह और साजिबू चेराबा की पूर्व संध्या पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। ये उत्सव सामाजिक एकता और आपसी सम्बंधों को नया आयाम देते हैं। इन त्योहारों पर नई फसल की खुशी में हम उत्सव मनाते हैं और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा, मेरी कामना है कि ये सभी त्योहार हमारे समाज में सौहार्द और एकता की भावना को मजबूत बनाएं और हम सब मिलकर नव-ऊर्जा के साथ देश के विकास में अपना योगदान दें।

## कुणाल कामरा पर तीन नए मामले दर्ज

**मुंबई,( एजेंसियां )।** मुंबई के खार पुलिस स्टेशन में कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। इन तीनों मामलों में महाराष्ट्र के विभिन्न स्थानों से जीरो एफआईआर के तहत शिकायतें मुंबई के खार पुलिस स्टेशन में ट्रांसफर की गई हैं। यह एफआईआर बुलढाना, नाशिक और ठाणे जिलों से दर्ज की गई थीं और अब इनकी जांच मुंबई के खार पुलिस स्टेशन द्वारा की जा रही है। मुंबई पुलिस के अनुसार इन मामलों में कामरा पर आरोप है कि उन्होंने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं। खार पुलिस इन मामलों की जांच कर रही है, और पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वे इस मामले में उचित कानूनी कार्रवाई करेंगे। इस संबंध में कुणाल कामरा को दो बार पूछताछ के लिए बुलाया जा चुका है, लेकिन वो पुलिस स्टेशन में उपस्थित नहीं हुए हैं। पुलिस ने उन्हें 31 मार्च तक पूछताछ के लिए हाजिर होने का निर्देश दिया है।

**-कल पूछताछ के लिए हाजिर होने का निर्देश**

**-उपमुख्यमंत्री शिंदे के खिलाफ की थी टिप्पणियां**

**कुणाल कलाकार हैं, आतंकवादी नहीं: राउत** -उधर, शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत ने कहा कि, जिस तरह भाजपा सांसद कंगना रनोट को शिवसेना से टकराव के बाद सुरक्षा दी गई थी, वैसी ही सिक्योरिटी कुणाल को भी दी जानी चाहिए। राउत ने मुंबई में कहा- मैंने कुणाल कामरा से बोला है कि वो कानून का सामना करें, भागे नहीं। मुंबई पुलिस निष्पक्ष है। कुणाल देश के नागरिक और कलाकार हैं, कोई आतंकवादी नहीं हैं।

## अमेरिका में सैकड़ों विदेशी छात्रों को किसने भेजा ईमेल

# चेतावनी-'सेल्फ डिपोर्ट करो या फिर हिरासत में लिया जाएगा'

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका में रहने वाले सैकड़ों विदेशी छात्रों को अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने जोर का झटका दिया है। दरअसल अमेरिका में रहने वाले सैकड़ों विदेशी छात्रों को अमेरिका के डिपार्टमेंट ऑफ स्टेट (ड्डह्य) की तरफ से एक ईमेल भेजा गया है, जिसमें उन सभी छात्रों से सेल्फ-डिपोर्ट करने को कहा गया है और इसके पीछे कैंपस एक्टिविज्म को कारण बताया गया है।

टाइम्स ऑफ इंडिया ने इमिग्रेशन अटॉर्नी से इस बात की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि ट्रंप प्रशासन के इस कदम से निशाने पर कुछ भारतीय छात्र भी हो सकते हैं, जिन्हें सोशल मीडिया पर कैंपस एक्टिविज्म के कारण सेल्फ डिपोर्ट करने से संबंधित ईमेल भेजा गया हो। उन्होंने कहा कि अमेरिका के ट्रंप प्रशासन सिर्फ उन छात्रों को निशाना नहीं बना रही जो कैंपस एक्टिविज्म के दौरान खुद मौजूद थे, बल्कि इसमें उन छात्रों को भी शामिल किया गया है जो सोशल मीडिया पर इससे संबंधित किसी भी पोस्ट को शेयर, लाइक जैसी किसी भी गतिविधि में शामिल थे।

**अमेरिकी विदेश विभाग ने सोशल मीडिया के रिव्यू के बाद उठाया कदम**-अमेरिका के विदेश विभाग ने यह कदम सोशल मीडिया के रिव्यू के बाद उठाया है, जिसमें दूतावास के अधिकारी भी शामिल थे। ऐसे में संयुक्त राज्य अमेरिका में स्टूडेंट वीजा के लिए आवेदन करने वाले नए छात्र भी सोशल मीडिया की इस स्क्रूटनी के दायरे में आ जाएंगे, फिर चाहे वह रू (एकेडमिक स्टडी वीजा), रू (वोकेशनल स्टडी वीजा) या छ् व (एक्सचेंज वीजा) के तहत आते हों। अमेरिकी प्रशासन की ओर से लिए गए इस कदम के कारण अब स्टडी वीजा के लिए अप्लाई करने वाले नए आवेदकों को अमेरिका में पढ़ने का मौका नहीं मिलेगा।

### अमेरिका में 3.31 लाख भारतीय छात्र कर रहे पढ़ाई

ओपेन डोर्स की लेटेस्ट रिपोर्ट के मुताबिक, 2023-24 में संयुक्त राज्य अमेरिका में कुल 1.1 मिलियन (करीब 11 लाख) विदेश छात्र पढ़ाई कर रहे हैं, जिनमें से करीब 3.31 लाख छात्र भारत के रहने वाले हैं।

**आतंकियों के समर्थकों की पहचान के लिए एआई का किया इस्तेमाल**-एक्सियोस ने पहले अपनी रिपोर्ट में बताया था कि अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने हमास या किसी अन्य आतंकवादी समूह को समर्थन करने वाले किसी भी विदेशी नागरिक के वीजा को कैंसिल करने के लिए एआई के जरिए कैच एंड रिवोक के कदम को लॉन्च किया था।

## जस्टिस वर्मा के खिलाफ वकीलों का प्रदर्शन

**वाराणसी, (एजेंसियां)।** केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के इलाहाबाद हाई कोर्ट में ट्रांसफर की मंजूरी के बाद वाराणसी में वकीलों ने शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया। वाराणसी सेंट्रल बार के अध्यक्ष मंगलेश दुबे ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के पास एक मौका था, जिसमें वह दिखाते कि भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी जीरो टॉलरेंस की नीति है। लेकिन, जस्टिस यशवंत वर्मा के मामले में ऐसा देखने को नहीं मिला। कोई स्टैंड लेने के बजाय, सर्वोच्च न्यायालय अपने फैसले पर अड़े रहा और दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया। लोकतांत्रिक प्रणाली में वकीलों के अधिकार छीन लिए गए। उन्होंने कहा कि हम भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं और इसलिए आज काम नहीं होगा। इस दौरान वाराणसी कचहरी में वकीलों ने जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की।

**-वर्मा का इलाहाबाद हाई कोर्ट में किया गया है ट्रांसफर**

दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के घर कथित तौर पर नोटों की अधजली गड्डियां मिलने के बाद सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने उनका तबादला इलाहाबाद हाई कोर्ट करने की सिफारिश की थी। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को इस सिफारिश पर अपनी मुहर लगा दी। सरकार की मंजूरी मिलने के बाद जस्टिस यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाई कोर्ट में कार्यभार संभालने के लिए कहा गया है।

## सैफ अली पर हमले के आरोपी शरीफुल ने मांगी जमानत

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हमला करने के आरोपी शरीफुल इस्लाम शहजाद ने मुंबई सत्र न्यायालय में जमानत के लिए याचिका दायर की है। अपने वकील के जरिए दायर इस याचिका में शरीफुल ने दावा किया कि उसने कोई गलत काम नहीं किया और उसके खिलाफ दर्ज मामला पूरी तरह झूठा है। यह मामला अभी बांद्रा मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रहा है, लेकिन मुंबई सेशन कोर्ट के दायरे में आता है।


**कार्यालय प्रशासक सर विश्वैसरैया तकनीक सहकारी समिति मर्या. नरसिंहपुर, जिला-नरसिंहपुर**

(पंजीयन क्र. / 779, दि. 25.4.2015), क्र/निर्वा./2025/02, दिनांक- 29.3.2025

**- निर्वाचन आमसभा की सूचना -**

संस्था के समस्त सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मंडल के निर्वाचन बाबत निर्वाचन आमसभा दि. 12.4.2025 को दिन-शनिवार को दोपहर 12 बजे से स्थान संस्था कार्यालय पुराना बस स्टेण्ड, ब्रांच स्कूल के सामने, जिला-नरसिंहपुर (म.प्र.) में आयोजित की गई है। रिटर्निंग अधिकारी श्री शितांशु धुर्वे द्वारा दि. 5.4.2025 को दोपहर 12 से 2 बजे तक नामांकन पत्र लिये जायेंगे, दि. 6.4.2025 को दोपहर 12 बजे से नामांकन पत्रों की जांच की जावेगी, 7.4.2025 को दोपहर 12 से 2 बजे तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। उपरोक्त समस्त कार्यक्रम स्थान संस्था कार्यालय पुराना बस स्टेण्ड, ब्रांच स्कूल के सामने, जिला-नरसिंहपुर (म.प्र.) पर सम्पन्न होंगे। तत्पश्चात चुनाव लड़ने वाले अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आवंटन रिटर्निंग अधिकारी श्री शितांशु धुर्वे द्वारा किया जावेगा। आमसभा की सूचना के साथ रिटर्निंग अधिकारी द्वारा घोषित कार्यक्रम की सूचना सदस्यों को पृथक से साधारण / स्पीड पोस्ट डाक द्वारा भेजी गई है।

प्रशासक सर विश्वैसरैया
तकनीकी सहकारी समिति मर्यादित, नरसिंहपुर


# उत्तर प्रदेश में धार्मिक स्थलों के पास मांस की बिक्री पर प्रतिबंध

## अवैध बूचड़खानों को बंद करने, धार्मिक स्थलों के 500 मीटर के दायरे में मांस बिक्री पर रोक लगाने निर्देश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने अवैध बूचड़खानों को बंद करने और धार्मिक स्थलों के 500 मीटर के दायरे में मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का सख्त आदेश जारी किया है। नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने सभी जिलाधिकारियों, पुलिस आयुक्तों और नगर आयुक्तों को बूचड़खानों को तत्काल बंद करने और धार्मिक स्थलों के पास मांस बिक्री पर प्रतिबंध लागू करने के निर्देश दिए हैं। साल 2014 और 2017 में जारी आदेशों का हवाला देते हुए योगी सरकार ने स्पष्ट किया है कि अवैध पशु वध और धार्मिक स्थलों के पास मांस बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित होगी।

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य भर में अवैध बूचड़खानों को बंद करने और धार्मिक स्थलों के 500 मीटर के दायरे में मांस की दुकानों पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है।

नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने सभी जिलाधिकारियों, पुलिस आयुक्तों, नगर आयुक्तों और अन्य स्थानीय अधिकारियों को अनधिकृत बूचड़खानों को तुरंत बंद करने और धार्मिक स्थलों के पास मांस बिक्री पर प्रतिबंध लागू करने का निर्देश दिए हैं ।

निर्देश में 2014 और 2017 के पिछले सरकारी आदेशों का हवाला दिया गया है, जिनका उद्देश्य अवैध पशु वध को रोकना हैं । दस्तावेज के अनुसार, वर्तमान प्रशासन ने अवैध बूचड़खानों को बंद करने एवं धार्मिक स्थलों के 500 मीटर के दायरे में मांस बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश जारी किये हैं । इस नीति को लागू करने के लिए, जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समितियों का गठन किया गया है। इन समितियों में पुलिस, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पशुपालन विभाग, परिवहन विभाग, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग और खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अधिकारी शामिल हैं। इन समितियों को बूचड़खानों का निरीक्षण करने, दैनिक पशु वध पर आंकड़े एकत्र करने और उल्लंघनों की रिपोर्ट राज्य सरकार को देने का कार्य सौंपा गया है। आदेश में विशेष रूप से उल्लेख किया गया है कि धार्मिक स्थलों और मंदिरों के पास कोई पशु वध या मांस बिक्री नहीं होनी चाहिए।



## लखनऊ : जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण हेतु समितियां गठित

**लखनऊ।** लखनऊ जिलाधिकारी विशाख जी की अध्यक्षता में अपरान्ह् 11:00 बजे डाएपीजे अब्दुल कलाम, सभागार कलेक्ट्रेट, लखनऊ में महिला कल्याण विभाग, उप्र द्वारा जनपद लखनऊ में संचालित राजकीय, स्वैच्छिक संस्थाओं के सुचारू रूप से संचालन एवं संस्थाओं के विस्तृत स्थलीय निरीक्षण हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक राजकीय/स्वैच्छिक संस्थाओं के सुचारू रूप से संचालन एवं संस्थाओं के विस्तृत स्थलीय निरीक्षण हेतु समिति गठित की गयी।

**संबंधित अपर नगर मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी-** जिला स्तरीय अधिकारी (समाज कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, दिव्यांग कल्याण, प्रोबेशन) प्रभारी चिकित्साधीक्षक और खाद्य सुरक्षा अधिकारी।

समिति द्वारा उनको आवंटित राजकीय/स्वैच्छिक संस्थाओं में विस्तृत स्थलीय निरीक्षण करते हुए -संस्था में पर्याप्त साफ-सफाई, पेयजल, खान-पान, शौचालय, शयन कक्ष की व्यवस्था, स्वास्थ्य व चिकित्सा संबंधी व्यवस्था,बच्चों के स्वास्थ्य संबंधित व्यक्तिगत पत्रावली, सुरक्षा एवं शिक्षा/व्यवस्था आदि को सुनिश्चित करना है।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए की राजकीय/स्वैच्छिक संस्थाओं में निवासरत प्रत्येक बच्चे की व्यक्गित स्वास्थ्य संबंधी पत्रावली/हेल्थ रिपोर्ट कार्ड तैयार किया जाए जिसमें उनकी पूर्व में स्वास्थ्य की जानकारी, वर्तमान में स्वास्थ्य की स्थिति, गम्भीर बीमारी होने की दशा में विस्तृत चिकित्सीय परामर्श, जॉच रिपोर्ट तथा दवाईयों का विशेष उल्लेख हो। निवासरत बच्चे में कोई बीमारी इंगित होने की दशा मे विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श/ईलाज करना एमओआईसी एवं संस्था अधीक्षक की जिम्मेदारी होगी। संस्थाओं में आवासित संवासियों/बच्चों के स्वास्थ्य जांच हेतु संबंधित एमओआईसी मुख्य चिकित्साधिकारी से संपर्क करते हुये मोबाईल टेस्टिंग फैसिलिटी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करायें ताकि समस्त प्रकार की जांच संस्थान में ही की जा सके।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### मोदी सरकार ने बैंकों को....

से मोदी सरकार ने हमारे बैंकों को 'कलेक्शन एजेंट' बना दिया है। मोदी सरकार ने 2018 से 2024 के बीच बचत खातों और जन धन खातों से न्यूनतम शेष राशि न रखने के कारण कम से कम 43,500 करोड़ रुपए निकाले हैं। खड़गे ने बैंकों पर नागरिकों को लूटने का आरोप लगाते हुए उन्होंने बैंकों द्वारा वसूले जाने वाले शुल्कों का विवरण देते हुए ने कहा, बैंकों को सालाना निष्क्रियता शुल्क 100-200 रुपए है। स्टेटमेंट जारी करने का शुल्क 50-100 है। एसएमएस अलर्ट के लिए प्रति तिमाही 20-25 का शुल्क लिया जाता है। ऋण प्रसंस्करण शुल्क के रूप में एक से तीन प्रतिशत शुल्क लेते हैं। यदि ऋण का भुगतान समय पर किया जाता है, तो ऋण पूर्व-समापन शुल्क लगाया जाता है। एनईएफटी, डिमांड ड्राफ्ट शुल्क अतिरिक्त बोझ हैं। केवाईसी अपडेट जैसे हस्ताक्षर परिवर्तन पर भी शुल्क लगता है। पहले केंद्र सरकार इन शुल्कों से एकत्रित राशि का डेटा संसद में उपलब्ध कराती थी, लेकिन अब यह प्रथा भी यह कहकर बंद कर दी गई है कि 'रिजर्व बैंक' ऐसा डेटा नहीं रखता है।

**रुपया वेंटिलेटर पर, लेकिन मोदी खामोश** - खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे तो एक डॉलर के मुकाबले उस समय रुपये की कीमत 60 थी और वह कहते थे रुपया आईसीयू में चला गया है, लेकिन आज डॉलर की तुलना में रुपया 89 पर है। रुपया वेंटिलेटर पर लेकिन श्री मोदी खामोश हैं।


**सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया Central Bank of India** क्षेत्रीय कार्यालय- शहडोल

**कब्जा सूचना- अचल सम्पत्तियों के लिए**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी होने की हैसियत से वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा- 13(2) प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित ऋणधारियों/जमानतदारों को ब्याज राशि सहित नोटिस प्राप्ति की दिनांक से 60 दिन की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋणी द्वारा सूचना पत्र के पालन में ऋण की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान करने में विफल होने के कारण उधारकर्ता तथा जनसाधारण को एतद् द्वारा नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा- 13 की उपधारा (4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए- अधोलिखित प्रतिभूत संपत्ति का आधिपत्य कर लिया है। अतः ऋणी को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को सामान्यतः सावधान किया जाता है कि अधोलिखित संपत्ति के संबंध में क्रय-विक्रय रहन, दान अथवा किसी भी प्रकार का संव्यवहार न करें। प्रतिभूति संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार का संव्यवहार सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, मध्यप्रदेश की आजवर शाखा के प्रभार के अधीन होकर ऐसे संव्यवहार पर भार होगा। **कब्जा: अचल संपत्ति**

| ऋणी/जमानतदार का नाम | बंधक संपत्ति का विवरण | मांग सूचना राशि | मांग पत्र दिनांक | कब्जा दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. श्रीमति गनशी टांडिया (मृतक) पत्नी स्व. पुरूषोत्तम टांडिया (उधारकर्ता) पताः सुबखार तहसील डिंडोरी जिला डिंडोरी (म.प्र.) वारिसगण (1) श्री राजेंद्र टांडिया (पुत्र), पताः वार्ड क्रमांक 01 पुलिस लाइन डिंडोरी तहसील जिला डिंडोरी (2) श्रीमति हेमलता बघेल (पुत्री), पताः चीरखाना मोहल्ला प्राथमिक शाला के पीछे सुबखार तहसील डिंडोरी जिला डिंडोरी (म.प्र.) (3) श्रीमति मीना सोनवनी (पुत्री), पताः तहसील मंडला जिला मंडला (म.प्र.) (4) श्रीमति रतना टांडिया (पुत्री), पताः ग्राम मोहगाँव जनपद पंचायत मोहगाँव जिला मंडला (म.प्र.) यदि कोई अन्य वारिसगण हो तो 2. श्रीमति संगीता टांडिया पत्नी श्री राजेंद्र टांडिया (सह- उधारकर्ता) पताः वार्ड क्रमांक 01 पुलिस लाइन डिंडोरी तहसील जिला डिंडोरी 3. श्री आशीष शर्मा पुत्र श्री राम निहोर शर्मा (गारंटीदाता) पताः ब्लॉक क्रमांक 4 पुलिस क्वार्टर डिंडोरी (म.प्र.) पताः क्वार्टर नं. 32, पुलिस लाइन, पुलिस क्वार्टर जबलपुर (म.प्र.) शाखाः आजवर (म.प्र.) | स्थावर संपत्ति का विवरणः संपत्ति के ऐसे सभी भाग, जिसमें प्रथम संपत्ति का विवरण- खसरा क्र. 422/2 ग्राम देवरामाल तहसील एवं जिला डिंडोरी (म.प्र.), कुल क्षेत्रफल 0.02 हे. उस पर निर्मित भवन/इकाई, भू-स्वामी/ बंधककर्ता- श्रीमति गनशी टांडिया पत्नी स्व. पुरूषोत्तम टांडिया, चतुर्सीमाः उत्तर- आबादी की भूमि, दक्षिण- दिनेश मेहरा की भूमि, पूर्व- दिनेश ठाकुर की भूमि, पश्चिम- रामलाल की भूमि। | रू. 10,21,144/- + भविष्य ब्याज + विधिक व्यय | 16/10/2024 | 27/03/2025 |

दिनांक- 30/03/2025 प्राधिकृत अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, शहडोल



**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार UGRO CAPITAL LTD. JABALPUR (M.P.) से प्राप्त निर्देशों के अनुसार आम सूचना प्रेषित करता हूँ कि, हितग्राहीगण श्रीमती श्वेता बाई साहू पति श्री कमलेश साहू एवं श्री कमलेश साहू पिता स्व. श्री लीलाधर साहू दोनो निवासी 55, गुबराकला जबलपुर की संपत्ति मौजा नटवारा, प.ह. नं. 34 रानिमं. मनकेड़ी भूमि खसरा नं. 4/1/1 रकवा 1.025 हेक्टेयर डायवर्टेड खसरा नं. 4/1/2 रकवा 0.075 हेक्टे. तल मंजिल निर्मित रकवा 8000 वर्गफीट प्रथम मंजिल निर्मित रकवा 300 वर्गफीट शहपुरा जिला जबलपुर में स्थित है उक्त संपत्ति हितग्राही श्री कमलेश साहू ने रजिस्टर्ड सहस्वामित्व पत्र दिनांक 15-12-2022 E Regi. No. MP 182552022 A11252378 के जरिये हितग्राही श्रीमती श्वेता बाई साहू के पक्ष में निष्पादित किया है उक्त संपत्ति मेरे पक्षकार की कंपनी में बंधक कर ऋण प्राप्त कर रहे हैं, उक्त संपत्ति के संबंध में यदि आम जनता, व्यक्ति, संस्था, बैंक, सरकारी/गैर सरकारी, प्राधिकरण या अन्य को ऋण सुरक्षा में बंधक/रहन/गिरवी में किसी प्रकार की आपत्ति हो या किसी का कोई हक्क, हिस्सा, दावा उक्त जायदाद पर हो, तो इस सूचना पत्र के प्रकाशन से 03 दिनों के अन्दर मेरे समक्ष / मेरे पक्षकार के समक्ष मय दस्तावेजों के, लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे, निर्धारित अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर उक्त सम्पत्ति को ऋण सुरक्षा में बंधक किया जाकर हितग्राही ऋण प्राप्त करेंगें, तत्पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

जबलपुर दिनांक : 29-03-2025

प्रवेश गिदरोनिया (एडवोकेट)
म.प्र. उच्च न्यायालय
कार्या/निवास-823, शाहीनाका गढ़ा
जबलपुर, मो.नं. 9300122264



**नाम एवं जन्मतिथि सुधार सूचना**

मैं देवी प्रसाद गोंडाने ( महार ) पिता श्री प्रभुदास गोडाने ( महार ) उम्र 49 वर्ष निवासी- 241 राजीव गांधी नगर सदर केन्ट जबलपुर हूं यह कि मेरे आधार कार्ड में देवी प्रसाद गोंडाने लिखा एवं जन्म तिथि 1.1.74 दर्ज है। जो कि गलत है। मैं आधार कार्ड में देवी प्रसाद गोंडाने के आगे जाति ( महार ) एवं जन्म ता. 27.6.1976 सुधार कर दर्ज करवाना चाहता हूं, यह कि आज दिनांक से मुझे देवी प्रसाद गोंडाने ( महार ) जन्म ता. 27.6.1976 सुधारा जाये एवं मुझे इसी नाम से पहचाना व लिखा जाये एवं मेरे समस्त दस्तावेजों में भी सुधार किया जाकर दर्ज किया जावे।

जबलपुर,
दिनांक ........

देवी प्रसाद गोंडाने (महार)
र.नं. 3561 मो. 9827391455



**Change of Name**

I, Kenny Bharat Kumar Shah Spouse of Tejas Doshi R/o/C/o Tejas Doshi 1057, Doshi Niwas Golbazar, Jonsenganj Jabalpur P.O. Jabalpur Distt. Jabalpur Madhya Pradesh 482001 have changed my previous Name Kenny Bharat Kumar Shah as per Passport to my Present Name Kenny Doshi as per My Adhar Card No. 3876 8371 3603. Henceforth, I am recognized and known as Kenny Doshi for all Future Purposes. That Kenny Bharat Kumar Shah and Kenny Doshi is same and One Identical for all future purposes.

Date: 28.03.2025
Place : Jabalpur
र.नं. 3567



**कार्यालय, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग डिण्डौरी, जिला डिण्डौरी (म.प्र.)**

नि.आ.सू. क्रमांक/06/व.ले.लि./2024-25 डिण्डौरी, दिनांक 26.03.2025

**ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद द्वारा केन्द्रीयकृत लो.नि.वि. में पंजीकृत समस्त निविदाकारों को सूचित किया जाता है कि लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी जिला डिण्डौरी के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों की ऑन लाईन निविदा पोर्टल https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की गई है। कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाईट पर देखा जा सकता है -

| ई-टेंडर नम्बर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत ( लाख में ) | निविदा प्रपत्र ( रुपये में ) | अमानत राशि ( रुपये में ) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | निविदा खोले जाने का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2025_PWD RB_412083 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग डिण्डौरी अंतर्गत मटेरियल कलेक्शन का कार्य। | 10.00 | 2000.00 | 20000.00 | 08 माह वर्षाऋतु सहित | कार्यालय मुख्य कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी |
| 2025_PWD RB_412085 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग शहपुरा अंतर्गत मटेरियल कलेक्शन का कार्य। | 12.00 | 2000.00 | 24000.00 | 08 माह वर्षाऋतु सहित | कार्यालय मुख्य कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी |
| 2025_PWD RB_412086 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग डिण्डौरी अंतर्गत आने वाले पुल-पुलियों का मरम्मत कार्य। | 19.50 | 2000.00 | 39000.00 | 04 माह वर्षाऋतु सहित | कार्यालय मुख्य कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी |
| 2025_PWD RB_412087 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग शहपुरा अंतर्गत आने वाले पुल-पुलियों का मरम्मत कार्य। | 20.00 | 2000.00 | 40000.00 | 04 माह वर्षाऋतु सहित | कार्यालय मुख्य कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी |
| 2025_PWD RB_412088 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग डिण्डौरी अंतर्गत आने वाले मार्गो का पेंच रिपेयर एवं मरम्मत कार्य। | 20.00 | 2000.00 | 40000.00 | 06 माह वर्षाऋतु सहित | कार्यालय मुख्य कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी |
| 2025_PWD RB_412089 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग शहपुरा अंतर्गत आने वाले मार्गो का पेंच रिपेयर एवं मरम्मत कार्य। | 20.00 | 2000.00 | 40000.00 | 06 माह वर्षाऋतु सहित | कार्यालय मुख्य कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी |
| 2025_PWD RB_412091 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग डिण्डौरी अंतर्गत आने वाले शासकीय भवनों का रंगाई-पुताई का कार्य। | 20.00 | 2000.00 | 40000.00 | 06 माह वर्षाऋतु सहित | कार्यालय मुख्य कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी |
| 2025_PWD RB_412092 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग शहपुरा अंतर्गत आने वाले शासकीय भवनों का रंगाई-पुताई का कार्य। | 10.00 | 2000.00 | 20000.00 | 06 माह वर्षाऋतु सहित | कार्यालय मुख्य कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी |
| 2025_PWD RB_412093 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग डिण्डौरी अंतर्गत आने वाले आवासीय भवनों का वार्षिक मरम्मत कार्य। | 19.50 | 2000.00 | 39000.00 | 06 माह वर्षाऋतु सहित | कार्यालय मुख्य कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी |
| 2025_PWD RB_412094 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग डिण्डौरी अंतर्गत आने वाले गैर आवासीय भवनों का वार्षिक मरम्मत कार्य। | 19.50 | 2000.00 | 39000.00 | 06 माह वर्षाऋतु सहित | कार्यालय मुख्य कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी |
| 2025_PWD RB_412095 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग शहपुरा अंतर्गत आने वाले शासकीय आवासीय भवनों का वार्षिक मरम्मत / विशेष मरम्मत एवं अन्य डिपाजिट कार्य। | 10.00 | 2000.00 | 20000.00 | 06 माह वर्षाऋतु सहित | कार्यालय मुख्य कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी |
| 2025_PWD RB_412096 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग शहपुरा अंतर्गत आने वाले शासकीय गैर-आवासीय भवनों का वार्षिक मरम्मत / विशेष मरम्मत एवं अन्य डिपाजिट कार्य। | 10.00 | 2000.00 | 20000.00 | 06 माह वर्षाऋतु सहित | कार्यालय मुख्य कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी |

1. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र खरीदने की तिथि 27.03.2025 से 11.04.2025 सायं 5:30 बजे तक है। 2. ऑनलाईन बिड सबमिट करने की अंतिम तिथि 11.04.2025 सायं 5:30 बजे तक है। 3. टेण्डर डाक्यूमेंट ( e-EMD ) तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही सबमिट किये जायेंगे। निविदा दिनांक 15.04.2025 से खोली जावेगी। 4. संशोधन या शुद्धिपत्र सिर्फ वेबसाईट में अपलोड किये जावेंगे। 5. निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर भुगतान उपरांत प्राप्त हो सकेंगे। अतिरिक्त जानकारी वेबसाईट पर टेण्डर डाक्यूमेंट में देखी जा सकती है।

G-24916/24 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

(मोहपत सिंह धुर्वे) कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संभाग डिण्डौरी



फौती

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**

रा.प्र.क्रं/1456/अ-6/2024-2025

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गुरमीत कुमार बंसल/ स्व. बद्री प्रसाद बंसल निवासी- नरसिंह नगर मस्ताना होटल के पास, रांझी ने नजूल ब्लाक नं. ... प्लाट नं. .... निर्मित रकवा 2560 व.फु./ अवि. हिस्सा ..../ग्राम रांझी प.ह.नं. .... खसरा नं. 94/21, 46/1/1/1/1/1/1/1/ रकवा 2560 व.फु./हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक...... मृत्यु दिनांक 01.10.2024 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र ...... खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/ पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं..... प्लाट नं. ..... निर्मित रकवा/रकवा 2560 व.फु./ अवि. हिस्सा... ग्राम रांझी प.ह.नं. ... खसरा नं. 94/21, 46/1/1/1/1/1/1/रकवा 2560 व.फु./ .... के नाम दर्ज है।

अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 30/12/2024 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 13/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 13/12/2025
पेशी दिनांक 04/04/2025

र.नं.- 3568 तहसीलदार, रांझी, जबलपुर



**नाम परिवर्तत सूचना**

मैं, मिरखू लोधी आत्मज स्व. दुजिया लोधी (Mirkhu Lodhi S/o Late Dujiya Lodhi) निवासी ग्राम सिजहरी, मोहनिया, राम पाटन, तहसील बहोरीबंद, कटनी (म.प्र.) सर्व साधारण को सूचित कर रहा हूं कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सुगराम लोधी (Sugaram Lodhi) भूलवश दर्ज हो गया है क्योंकि मिरखू लोधी (Mirkhu Lodhi) एवं सुगराम लोधी (Sugaram Lodhi) मेरे की नाम हैं तथा अब मुझे मिरखू लोधी (Mirkhu Lodhi) के नाम से जाना पहचाना जावे जो मेरे स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, मेरे बैंक खाता, भू-अधिकार ऋण पुस्तिका एवं सरपंच ग्राम पंचायत मोहनिया (राम), तहसील बहोरीबंद, कटनी के द्वारा जारी प्रमाण पत्र में दर्ज है। अत: प्रकाशन के उपरांत मेरे आधार कार्ड, समस्त शासकीय एवं अशासकीय दस्तावेजों में मेरा सही नाम मिरखू लोधी (Mirkhu Lodhi) दर्ज किया जावे।

र.नं.- 3570 ( मिरखू लोधी/



**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर**

**आम इश्तहार**

रा.प्र.क्र. 3396/अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक - 21/03/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपक पहारिया पिता स्व. बेनी प्रसाद पहारिया निवासी उपरैनगंज छोटा फुहारा जबलपुर के द्वारा मौजा.... नजूल ब्लाक नंबर 13 प्लाट नंबर 93, 94 स्थित भूमि खसरा नंबर .... में से रकवा 460 वर्गफुट भूमि पर दादा जगन्नाथ पहारिया अन्य की मृत्यु दिनांक 22/3/1956 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र/फौती/ वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 8/4/25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक : 21/03/25
पेशी दिनांक : 08/04/25

तहसीलदार, अधारताल जबलपुर
र.नं.- 3573

# देश-प्रदेश

उवाच

**संसद में महत्वपूर्ण मुद्दों पर सार्थक चर्चा को अवरुद्ध कर रही सरकार : प्रियंका**

**वायनाड।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने शनिवार को केंद्र सरकार पर संसद में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करने और सार्थक चर्चा को अवरुद्ध करने का आरोप लगाया। कांग्रेस सांसद ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार का दृष्टिकोण किसी भी संभव तरीके से महत्वपूर्ण मुद्दों पर सार्थक चर्चा से बचना है, तथा इसके लिए वह विभिन्न हथकंडे अपनाती है। विपक्षी आवाजों को कथित तौर पर दबाने से जुड़े सवालों पर प्रियंका ने आरोप लगाया कि सरकार ने संसद में चर्चा को अवरुद्ध कर दिया है। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, ''मैंने संसद के पिछले कुछ सत्रों में देखा है कि सरकार की नीति किसी भी तरह से चर्चा से बचना है।



## नव संवत्सर सभी के जीवन में सुख- समृद्धि और आनंद का भाव लाए : मुख्यमंत्री



**मुख्यमंत्री निवास पर हुआ कार्यक्रम, डॉ. यादव को भेंट की गई चार गुड़ी**

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय संस्कृति के अंतर्गत पर्व और त्योहारों का निर्धारण मंगल तिथियां के आधार पर होता है। खगोलीय गतिविधियों की दृष्टि से गुड़ी पड़वा अर्थात प्रतिपदा, वर्ष की पहली मंगल तिथि है। इसी आधार पर होली, दीपावली जैसे त्योहारों की तिथियों का निर्धारण होता है।

इस मंगल तिथि का अभिवादन कहीं चेटीचंड, कहीं वर्ष प्रतिपदा और कहीं गुड़ी पड़वा सहित अन्य अनेक नाम से किया जाता है। यह प्राचीन सनातन संस्कृति की अनुपम परंपरा है, इसी तिथि पर चंहुओर खुशियों, समृद्धि और हर्षोल्लास का वातावरण होता है। गुड़ी पड़वा पर घर-घर स्थापित होने वाला कलश हमारी पवित्र आत्मा को अभिव्यक्त करता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समृद्धि और विकास का नव संवत्सर सभी के जीवन में सुख- समृद्धि और आनंद का भाव लाए, ईश्वर से यही कामना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, प्रदेश के वृहद मराठी समाज द्वारा गुड़ी पड़वा के संदर्भ में मुख्यमंत्री निवास के सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबांधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का समाज बंधुओं ने मंत्रोच्चार के बीच तिलक कर स्वागत किया और अंगवस्त्र एवं श्रीफल भेंट कर उनका अभिवादन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मराठी साहित्य अकादमी, श्री संत सेवा संघ पुणे, पिपलानी गणेश मंडल भोपाल और कोलार महाराष्ट्र मंडल भोपाल की ओर से परम्परागत गुड़ी भेंट की गई। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने मध्यप्रदेश मराठी साहित्य संघ, भोपाल द्वारा प्रकाशित पत्रिका भोजपत्र का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में संस्कृत उत्कर्ष का महायज्ञ चल रहा है। यह सनातन, साहित्यिक, सांस्कृतिक पहलुओं के साथ ही सभी पर्व और त्योहारों के उत्कर्ष का अवसर है। वसुदेव कुटुंबकम का भाव सबको साथ लेकर चलने और सब के प्रति सद्भाव रखने का प्रतीक है। भारतीय संस्कृति के सभी त्योहारों को समाज और सरकार मिलकर पूर्ण आनंद और उल्लास के साथ मनाएं इस दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही है।

## विक्रम सम्वत प्रकृति के संरक्षण, संवर्धन और विकास का उत्सव

**डॉ. मोहन यादव**



**भारतीय नववर्ष की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं**

आज से विक्रम सम्वत् 2082 आरंभ हुआ है। यह प्रदेशवासियों के लिये गर्व और गौरव का विषय है कि भारतीय नववर्ष विक्रम सम्वत् के उज्जयिनी से शुरू हुआ। यह सम्राट विक्रमादित्य के राज्याभिषेक की तिथि है। सम्राट विक्रमादित्य ने विदेशी आक्रांताओं को पराजित कर विक्रम सम्वत् का प्रवर्तन किया था। न्यायप्रियता, ज्ञानशीलता, धैर्य, पराक्रम, पुरुषार्थ, वीरता और गंभीरता जैसी विशेषताओं के लिए सम्राट विक्रमादित्य को समूचे विश्व में स्मरण किया जाता है। उन्होंने सुशासन के सभी सूत्रों को स्थापित करते हुए अपने सुयोग्य 32 मंत्रियों का चयन किया, इसीलिए उनके सिंहासन को 'सिंहासन बत्तीसी' कहा जाता है।

भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का दिन ऋतु परिवर्तन के अनुरूप स्वयं को सक्षम बनाने का समय है। इसे कहीं 'गुड़ी पड़वा' तो कहीं 'चैती चांद', कहीं 'युगादि' तो कहीं 'उगादि' और कहीं 'नवरोज अगदु' के रूप में मनाया जाता है। विविध स्वरूपों में मनाया जाने वाला नववर्ष का यह पर्व 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना को स्थापित करता है। इसके साथ नवरात्र का आरंभ होता है। यह नौ दिन आरोग्य, साधना और कायाकल्प के लिए होते हैं।

नवसम्वत्सर की तिथि सृष्टि निर्माण की तिथि है। इसका निर्धारण संपूर्ण वैज्ञानिक अनुसंधान के साथ हुआ है। इसे मनाने की परंपरा व्यक्ति, परिवार और समाज, तीनों के स्वस्थ जीवन और समृद्धि को ध्यान में रखकर शुरू की गई। यह हमारे पूर्वजों के शोध की विशेषता है कि हजारों वर्ष पहले पूर्वजों को ग्रहों की गति और नक्षत्रों की स्थिति का पूर्ण ज्ञान था और इस गणना को ही वैदिक घड़ी कहा गया है। बाबा महाकाल की नगरी विश्व में कालगणना का केंद्र रही है। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उज्जैन की वेधशाला में स्थित विश्व की पहली विक्रमादित्य वैदिक घड़ी की पुनर्स्थापना की है। मुझे यह बताते हुए खुशी है कि भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न पहलुओं के प्रकटीकरण के लिए हम विक्रमोत्सव का आयोजन कर रहे हैं। विक्रमोत्सव हमारी गौरवशाली विरासत और वर्तमान के विकास का उत्सव है। यह उत्सव 26 फरवरी से प्रारंभ होकर 30 जून तक चलेगा। इस 125 दिन तक चलने वाले उत्सव में विविध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक कार्यक्रमों के साथ सम्राट विक्रमादित्य के समूचे व्यक्तित्व, कृतित्व और विशेषताओं को परिचित कराने का प्रयास किया जा रहा है। आगामी 12-13 और 14 अप्रैल 2025 को नई दिल्ली में सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रित एक भव्य आयोजन होने जा रहा है।

श्रीकृष्ण की दीक्षा नगरी उज्जयिनी का संबंध भारत की हर विशेषता से है। उज्जैन धरती के केन्द्र में स्थित है। यहां भगवान श्रीकृष्ण ने सांदीपनि आश्रम में शिक्षा प्राप्त की थी। मध्यप्रदेश सरकार ने संकल्प लिया है कि सांदीपनि आश्रम से श्रीकृष्ण पाथेय के निर्माण का आरंभ होगा।

मध्यप्रदेश का 2025-26 का बजट प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को केन्द्र में रखकर प्रस्तुत किया गया है। इसमें विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण की अवधारणा अनुसार बजट को बहुआयामी स्वरूप दिया गया है। इस बजट में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के साथ विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि का भी प्रावधान है। वर्ष भर के संकल्पों की पूर्ति के लिए हमने बजट में 15 प्रतिशत की वृद्धि की है। हमारा यह बजट मध्यप्रदेश की समृद्धि और आत्मनिर्भरता के लिए बनाये रोडमैप के संकल्प की पूर्ति के लिए है। इसमें आर्थिक सुधार, सामाजिक न्याय, सतत् विकास के साथ प्रधानमंत्री जी का मंत्र, ज्ञान, पर ध्यान शामिल है। ज्ञान के चारों स्तंभों को सशक्त करने के लिए बजट में विशेष प्रावधान हैं। इसमें गरीब कल्याण में अंत्योदय की अवधारणा को साकार किया जायेगा। युवा शक्ति में कौशल विकास, प्रशिक्षण तथा रोज़गार के अवसर प्रदान किये जायेंगे। अन्नदाता में किसानों की आय में वृद्धि करने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जायेगा। नारी शाक्ति में महिलाओं को समग्र रूप से सशक्त बनाने के लिए आयोजना बनाई गई है।

हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने हमें विरासत से विकास का सूत्र दिया है। उनके नेतृत्व में समाज, प्रदेश और देश को सशक्त बनाने के लिए मध्यप्रदेश सरकार अपनी तरह से कार्य कर रही है। मुझे बताते हुए खुशी है कि प्रधानमंत्री जी के 'विरासत के साथ विकास' मंत्र को प्रदेश में धरातल पर उतारने का प्रयास किया जा रहा है। मध्यप्रदेश के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और पुरातात्विक स्थलों के विकास के लिए बजट में अलग से प्रावधान किया है। ऐतिहासिक विरासत को सहेजने के इस अभियान में ओंकारेश्वर, उज्जैन, मैहर आदि धार्मिक स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा। वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ पर्व के आयोजन की भव्यता और दिव्यता के लिए दो हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। श्रीराम वन गमन पथ और श्रीकृष्ण पाथेय के लिए अलग से बजट है। हम इन स्थानों पर अधोसंरचना विकास के साथ पर्यटन को प्रोत्साहित करने की दिशा में भी कार्य करेंगे। इससे स्थानीय लोगों को रोज़गार मिलेगा और मध्यप्रदेश की विरासत संसार के सामने आएगी।

प्रधानमंत्री जी के लोकल फॉर वोकल के संकल्प को आकार देने के लिए रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और ग्लोबल इंडस्ट्री समिट में प्राप्त प्रस्तावों को धरातल पर उतारा जायेगा। इससे मध्यप्रदेश के हर क्षेत्र की विशेषता, क्षमता और दक्षता विश्व स्तर तक पहुंचेगी। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूर्ण करने के लिए हम प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वर्ष 2047 तक 2 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

गुड़ी पड़वा के अवसर पर हमारी परंपरा में सूर्योदय के पहले बहते हुए स्वच्छ जल में स्नान करने का विधान है। ऊषाकाल में सूर्य को प्रणाम किया जाता है। यह जलस्त्रोत के प्रवाह स्थल को सुरक्षित रखने का संकल्प है। प्रकृति के इस संदेश को स्वरूप प्रदान करते हुए हम प्राकृतिक स्त्रोतों की सुरक्षा के लिए आज से जल गंगा अभियान शुरू कर रहे हैं। इसकी शुरुआत उज्जैन के क्षिप्रा तट से होने जा रही है। इसमें जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए वर्षा जल संचयन, जलस्त्रोतों का पुनर्जीवन और जल संरक्षण तकनीकों को अपनाने पर विशेष जोर दिया गया है। इसके अंतर्गत 1 लाख जलदूत तैयार किये जायेंगे। लघु एवं सीमांत किसानों के लिए 50 हजार नए खेत-तालाब बनाए जाएंगे। प्रदेश की 50 से अधिक नदियों के वॉटरशेड क्षेत्र में जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य होंगे। ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्व के तालाबों, जलस्त्रोतों एवं देवालयों में कार्य किए जाएंगे। यह अभियान आज से प्रारंभ होकर 30 जून तक चलेगा। मुझे विश्वास है कि यह अभियान प्रदेश में जल संकट को खत्म करने और भावी पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

भारतीय नववर्ष प्रकृति के संरक्षण, संवर्धन और निर्माण की प्रेरणा देता है। इसमें सृष्टि, संस्कृति और समाज का संगम है। ऋतुकाल संधि के इन दिनों में नवचेतना, नवजागृति का संदेश है। मैं प्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता के साथ प्रकृति के नवसृजन और विकसित मध्यप्रदेश निर्माण का संकल्प लेता हूं।

मुझे उम्मीद है कि इस वर्ष आरंभ होने वाले विशेष प्रयास आप सभी के जीवन में समृद्धि, खुशहाली और आनंद लेकर आएंगे। यह वर्ष आप सभी के लिए मंगलमय हो, शुभ हो। एक बार पुन: भारतीय नववर्ष की शुभकामनाएं।

**( लेखक, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं )**

## सरकार के कुप्रबंधन ने बैंकिंग क्षेत्र को बर्बाद किया : राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि नियामक कुप्रबंधन तथा सरकार के नजदीकी पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने वाले कदमों के कारण देश के बैंकिंग सिस्टम को बर्बाद कर दिया है और बैंक गंभीर संकट में आ गए हैं। श्री गांधी ने कहा कि बैंकों में भाई-भतीजावाद चल रहा है और सरकार के करीबी उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए उनका ऋण माफ किया जा रहा है। संसद परिसर में उनसे मिलने आए आईसीआईसीआई बैंक के प्रतिनिधियों से हुई बातचीत में उनकी शिकायतों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों की कीमत कर्मचारियों को चुकानी पड़ रही है और उनका शोषण तथा उत्पीड़न हो रहा है। उन्होंने शोषण का शिकार लोगों से उनसे मिलकर अपनी पीड़ा व्यक्त करने भी आग्रह किया है।

## यूपीआई के नए नियम 1 अप्रैल से होंगे लागू

**-इनएक्टिव मोबाइल नंबर वालों को आ सकती है परेशानी**

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने न्यूमेरिक यूपीआई आईडी सॉल्यूशन पर हाल ही में यूपीआई नंबर से जुड़े भुगतानों के लिए कस्टमर एक्सपीरियंस बढ़ाने के उद्देश्य से नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। नए दिशानिर्देश 1 अप्रैल से प्रभावी होंगे। इन नए दिशा-निर्देशों का पालन किया जाना यूपीआई मेंबर बैंक, यूपीआई ऐप्स और थर्ड पार्टी प्रोवाइडर के लिए जरूरी होगा।

नए दिशा-निर्देशों के अनुसार, इनएक्टिव मोबाइल नंबर से जुड़ी यूपीआई आईडी भी इनएक्टिव हो जाएगी। अगर किसी यूपीआई यूजर का बैंक में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर लंबे समय से इनएक्टिव है तो यूजर की यूपीआई आईडी भी अनलिंक हो जाएगी और यूजर यूपीआई सर्विस का इस्तेमाल नहीं कर सकेगा। ऐसे में यूपीआई सर्विस का इस्तेमाल करने वाले हर यूजर को यह सुनिश्चित करने की जरूरत होगी कि उसके बैंक में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर एक्टिव हो। सही मोबाइल नंबर के साथ बैंक रिकॉर्ड अपडेट रखे जाने पर ही यूपीआई सर्विस का बिना किसी परेशानी के इस्तेमाल किया जा सकेगा। इनएक्टिव या दोबारा असाइन किए गए मोबाइल नंबर को लेकर उनसे जुड़ी यूपीआई सर्विस को लेकर परेशानी आ सकती है।

**अमित शाह ने जस्टिस वर्मा मामले पर तोड़ी चुप्पी**

## 'सीजेआई की मंजूरी के बिना एफआईआर नहीं'



**नई दिल्ली।** जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास पर कथित तौर पर मिली नकदी का मामला इस समय पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यों की जांच समिति का गठन किया है। इस मामले पर अब केंद्रीय गृह अमित शाह की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि पैनल के फैसले का इंतजार करना चाहिए।

केंद्रीय गृह मंत्री ने शुक्रवार को कहा, 'हमारी न्यायिक प्रणाली में जब ऐसे सवाल उठते हैं, तो सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार जजों की एक समिति फैसला करेगी और फिर निष्कर्ष सार्वजनिक किए जाएंगे। मेरा मानना है कि हमें समिति के फैसले का इंतजार करना चाहिए।' अमित शाह ने आगे कहा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश ने मामले का संज्ञान लिया है और एक समिति गठित की है। एक सम्मिट में शाह ने कहा, 'एक समिति गठित की गई है और वे जांच कर रहे हैं। वे दिल्ली पुलिस और फायर डिपार्टमेंट से दस्तावेज मांग रहे हैं। हम उन्हें उपलब्ध करा रहे हैं और जांच में सहयोग कर रहे हैं।' बड़ी मात्रा में नकदी की बरामदगी से जुड़े विरोधाभास के बारे में पूछे जाने पर शाह ने विसंगतियों के दावों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, 'फायर चीफ ने ऐसा कभी नहीं कहा। उन्होंने जब्ती में शून्य दर्ज किया। चूंकि हम एफआईआर दर्ज नहीं कर सकते, तो जब्ती कैसे हो सकती है? एफआईआर केवल सीजेआई की अनुमति से ही दर्ज की जा सकती है। हमें समिति के फैसले का इंतजार करना चाहिए।'

## जज के दरवाजे पर कैश; 15 लाख रिश्वत मामले में निर्मल यादव बरी

**89 गवाहों के दर्ज किए गए थे बयान**

**नई दिल्ली।** सीबीआई कोर्ट ने पूर्व जस्टिस निर्मल यादव को दरवाजे पर कैश मामले में शनिवार को बरी कर दिया। साल 2008 में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में जज रहते समय उन पर 15 लाख रुपये रिश्वत मांगने के आरोप लगे थे। स्पेशल सीबीआई जज अलका मलिक की अदालत ने आज अपना फैसला सुनाया। बचाव पक्ष के वकील विशाल गर्ग ने बताया कि कोर्ट ने पूर्व न्यायाधीश निर्मल यादव और 4 अन्य को बरी कर दिया है।

इस मामले में कुल 5 आरोपी थे, जिनमें से एक की पहले ही मौत हो चुकी है। अदालत ने बीते गुरुवार को पूर्व जज यादव के खिलाफ ष्ट्बक्ष्ठ की ओर से दर्ज मामले में अंतिम दलीलें सुनीं और फैसला 29 मार्च को सुनाने की तारीख तय की थी। दरअसल, 17 साल पहले गलत डिलीवरी के चलते रिश्वत का यह मामला सामने आया था। जस्टिस निर्मलजीत कौर 2008 में महज 33 दिन पहले ही हाई कोर्ट की जज बनी थीं। उनके घर के दरवाजे पर अचानक नोटों से भरा पैकेट पहुंचा दिया गया। मगर, उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी। ऐसे में उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी और इस तरह रिश्वत के बड़े खेल का पर्दाफाश हुआ। दरवाजे पर कैशकांड मामले को लेकर कुछ समय बाद रिटायर्ड होने वाली जस्टिस निर्मल यादव पर आरोप लगे। यादव और हरियाणा के एडिशनल एडवोकेट जनरल संजीव बंसल पर केस दर्ज हुआ। बंसल की कुछ वर्षों बाद मौत हो गई।

इस बीच, केस चलता रहा और कई जज बदल गए। इस मामले में करीब 89 गवाहों के बयान दर्ज किए गए। 12 गवाहों के दोबारा बयान के लिए बुलाया गया। आखिरकार 29 मार्च को सीबीआई की स्पेशल कोर्ट का फैसला आया। शनिवार को फैसला देते हुए सीबीआई कोर्ट ने कहा कि आरोप साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं मिले हैं। साथ ही, मुख्य गवाहों ने अदालत में पहले दिए गए बयानों से पलटी मगर ली, जिससे केस कमजोर हो गया। अदालत ने यह भी कहा कि सीबीआई ने ठोस डिजिटल या दस्तावेजी सबूत पेश नहीं किए।

## दिल्ली जीत गए, अब बिहार की बारी है: नड्डा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से बिहार विधानसभा चुनाव के लिए कमर कसने का आह्वान करते हुए कहा कि दिल्ली जीत गए हैं, अब बिहार की बारी है। श्री नड्डा ने दिल्ली भाजपा के पूर्वांचल मोर्चा की ओर से यहां के अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' स्नेह मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता लालू यादव पर तीखा प्रहार किया।

## कई राज्यों में बदला मौसम का मिजाज

**नई दिल्ली,(एजेंसियां)।** राजधानी दिल्ली समेत देशभर के कई राज्यों में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया है। एक और जहां मार्च महीने में गर्मी ने पिछले रेकॉर्ड तोड़ दिए, तो वहीं अब महीने के अंत में तेज हवाओं ने एक बार फिर तापमान कम कर दिया है। मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जारी किया है। पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव उत्तरी भारत में बना रहेगा, जबकि दक्षिण और पूर्वी क्षेत्रों में गर्मी और उमस का असर रहेगा। आईएमडी ने तेज हवाओं, हल्की बारिश और कुछ इलाकों में बर्फबारी की भविष्यवाणी की है। जानिए कल कहां कैसा मौसम रहेगा।

दिल्ली-एनसीआर में कल को मौसम शुष्क रहेगा लेकिन तेज हवाएं चलने से तापमान में मामूली कमी आएगी। उत्तर प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कल मौसम में बदलाव होगा। पश्चिमी यूपी में हल्की बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं। पूर्वी यूपी में बादल छाए रहेंगे।

## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

### नाम परिवर्तन सूचना

I, Army No JC-583369K Rank SUB NAME TAJ MOHAMMAD of Presently residing at Vill TAHARPUR KALAN, P/O- TAHARPUR KALAN, TEH-CHHACHHRAULI, DISTT-YAMUNA NAGAR (HR) PIN 135103 शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में पुत्री का नाम SONAM KHATOON दर्ज है जो कि गलत है मेरी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम SONAM KHATUN है जो कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड स्कूल सर्टिफिकेट एवं अन्य कागजातों में दर्ज है एवं मेरी पुत्री के इस नाम को पढा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र नं. 33AA 136284 दिनांक 29/03/2025 नोटरी जबलपुर म प्र।

गलत नाम- SONAM KHATOON
सही नाम- SONAM KHATUN

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं ARMY NO 2704018M HAV (CLK) ANIL KUMAR PERADA, UNIT- THE GRENADIERS RECORDS R/O VILLAGE- GOVINDAPURAM POST PUNDI (RS) TEH-VAJRAPUKOTTURU, DISTT-SRIKAKULAM, STATE-(ANDHRA PRADESH) PIN-532218 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम NAVYASRI PERADA दर्ज है जो कि गलत है मेरी पत्नी का सही नाम CHINTADA NAVYA SRI है जो कि मेरी पत्नी के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है एवं मेरी पत्नी के इस नाम CHINTADA NAVYA SRI को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

गलत नाम-NAVYASRI PERADA
सही नाम-CHINTADA NAVYA SRI

### CHANGE OF NAME/DOB

I, Army No. 15709830W, Rank-LNK, NAME- MANJUNATH MUGAD presently residing at Village-SHIVANUR, Post- NICHANKI,Teh- KITTUR, Distt.- BELAGAVI,State-KARNATAKA, PIN-591115 do hereby solemnly affirm and declare that my mother name and DOB is SANGAVVA & 01-07-1961 has been mistakenly recorded in my Army Service Record which is incorrect. The correct name and DOB mother is SANGAVA GURULINGAPPA MUGAD & 10-03-1973_as per her Aadhar Card and other documents and same shall be considered in future in all Records. Vide Affidavit No. 34AA 271681 Dated 29/03/25 before Notary, Jabalpur M.P.

INCORRECT NAME & DOB - SANGAVVA & 01-07-1961
CORRECT NAME/DOB- SANGAVA GURULINGAPPA MUGAD & 10-03-1973

र.नं. 3575

### नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन सूचना

मैं ARMY No - 15486177P RANK - LD Vill - SUNDERPUR post -SUNDERPUR Teh - PANAGAR Disst - JABALPUR STATE - MADHYA PRADESH Pin. 482005 NAME- RAJENDRA PRASAD YADAV शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरी माता का नाम एवं जन्मतिथि MUNNI BAI एवं 01/01/1954 दर्ज है जो कि गलत है मेरी माता का सही नाम एवं जन्मतिथि MUNNI BAI YADAV एवं 15/10/1955 जो कि आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है मेरी माता जी के नाम एवं जन्मतिथि को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। र.नं. 3575

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं Army no JC-584222A Rank NB/SUB Name SANJAY KUMAR OF UNIT- 17 JAK RIF Presently residing at VILL- CHARWAL (KANGRI), PO- BAIN BAIN, TEH- SUNDERBANI, DISTT- RAJOURI, STATE- J&K, PIN- 185156 शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे पिताजी का नाम BAL KRISHAN से BALKRISHAN SHARMA एवं मेरी माताजी का नाम VIMLA DEVI से BIMBLA DEVI परिवर्तन हुआ है इस आशय का शपथ पत्र साथ में संलग्न है। द्वारा शपथ पत्र दिनाँक 29/03/2025 नोटरी जबलपुर मप्र।

**शहादत देने में जम्मू कश्मीर पुलिस सबसे आगे**

## 1989 से अब तक 1709 अफसरों-जवानों को गंवा चुकी

**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, देशबन्धु।** देश में जब शहादत देने की बात आती है तो जम्मू कश्मीर पुलिस को भूला नहीं जा सकता। वर्ष 1989 से लेकर अभी तक प्रदेश में 1709 पुलिसकर्मी मारे भी जा चुके हैं। गैर सरकारी तौर पर मरने वाले पुलिसकर्मियों की संख्या 1850 से ज्यादा है।

आधिकारिक आंकड़ों के बकौल, कश्मीर में आतंकी हिंसा में मृत पुलिसकर्मियों में सबसे अधिक कांस्टेबल हैं जिनकी संख्या 593 है तो उसके बाद दूसरा स्थान एसपीओ अर्थात विशेष पुलिस अधिकारियों का आता है। आंकड़ों के मुताबिक, 566 एसपीओ इस अवधि में जान गंवा चुके हैं। जम्मू कश्मीर पुलिस की शहादत की शोर्यगाथाएं भी अपना एक मुकाम रखती हैं। तभी तो इन शहादतों के लिए वे कई बार कई पदकों से नवाजी जा चुकी है। इन शहादतों के लिए उसे अभी तक एक अशोक चक्र, दो कीर्ति चक्र, 18 शौर्य चक्र, 1672 प्रेसिडेंट पुलिस गैलेंटरी अवार्ड तथा 1822 जम्मू कश्मीर पुलिस मेडल फार गैलेंटरी भी प्राप्त हुए हैं।

कश्मीर में फैले आतंकवाद की तस्वीर का एक पहलू यह है कि जम्मू कश्मीर पुलिस कभी सिर्फ लाशें गिनने वाली फोर्स बन रह गई थी पर अब वह सबसे आगे रहकर आतंकवाद का खात्मा करने की ओर अग्रसर है। आतंकी हमलों, चेतावनियों और धमकियों के बावजूद कश्मीर में मारे जाने वाले हजारों आतंकियों में से आधे की मौत में जम्मू कश्मीर पुलिस की प्रमुख भूमिका रही है।

**22 डीएसपी, 28 इंस्पेक्टर हो चुके शहीद**-कश्मीर में 37 सालों से फैले आतंकवाद के दौर में जम्मू कश्मीर पुलिस एक डीआईजी, एक एसपी, 22 डीएसपी, 28 इंस्पेक्टर, 39 सब इंस्पेक्टर और 70 एएसआई रैंक के अधिकारियों को भी खो चुकी है। यही नहीं 153 हेड कांस्टेबल, 191 सीनियर ग्रेड कांस्टेबल तथा 26 फालोअर्स भी आतंकी हिंसा में शहादत पा चुके हैं।

# साहित्य

# हवा में रहेगी मेरे ख़याल की बिजली...

■ ज़ाहिद ख़ान

'इंक़लाब ज़िन्दाबाद' और 'साम्राज्यवाद मुर्दाबाद' ये इंक़लाबी नारे देकर, जंग-ए-आज़ादी में फ़ैसलाकुन मोड़ लाने वाले शहीद-ए-आज़म भगत सिंह भारत ही नहीं, बल्कि समूचे भारतीय उपमहाद्वीप की सांझा विरासत का क्रांतिकारी प्रतीक हैं। अविभाजित भारत के लायलपुर बंगा में जन्मे भगत सिंह बचपन से ही क्रांतिकारी गतिविधियों में शामिल होने लगे थे। ग़दर पार्टी के क्रांतिकारी आंदोलन के जानिब उनका गहरा आकर्षण था। ख़ास तौर पर शहीद करतार सिंह सराभा उनके आदर्श थे। जिनका फ़ोटो वे हमेशा अपनी जेब में रखते थे। भगत सिंह ने जैसे ही होश संभाला, क्रांतिकारी संगठन 'नौजवान भारत सभा' और 'हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन' से जुड़ गए। यह बतलाना भी लाज़िमी होगा कि इस संगठन के नाम में 'सोशलिस्ट' शब्द उन्हीं के सुझाव पर जुड़ा था। भगत सिंह को बचपन से पढ़ने-लिखने का जुनूनी शौक़ था। साल 1924 में जब उन्होंने लिखना शुरू किया, तब उनकी उम्र महज़ सत्रह साल थी। 'प्रताप' (कानपुर), 'महारथी' (दिल्ली), 'चाँद' (इलाहाबाद), 'वीर अर्जुन' (दिल्ली) आदि समाचार पत्रों और पंजाबी पत्रिका 'किरती' में उनके कई लेख प्रकाशित हुए। हिंदी, पंजाबी, उर्दू व अंग्रेज़ी चारों भाषाओं पर उनका समान अधिकार था। छोटी सी ही उम्र में उन्होंने ख़ूब पढ़ा।

दुनिया को क़रीब से देखा, समझा और व्यवस्था बदलने के लिए जी भरकर कोशिशें कीं। अंग्रेज़ सरकार के 'पब्लिक सेफ्टी बिल' व 'ट्रेड डिस्प्यूट बिल' के ख़िलाफ़ उन्होंने 8 अप्रैल, 1929 को केन्द्रीय असेम्बली में बम फेंककर, अपनी गिरफ़्तारी दी। बम फेंकने का मक़सद किसी को घायल करना, जान से मारना नहीं था। बल्कि बहरी अंग्रेज़ हुकूमत के कान खोलना था। लाहौर की सेन्ट्रल जेल में बिताए अपने दो सालों में भगत सिंह ने ख़ूब अध्ययन, मनन, चिंतन व लेख़न किया। किताब 'हिस्ट्री ऑफ दि रेव्युल्यूशनरी मूवमेंट इन इंडिया', 'दि आईडियल सोशलिज्म', 'एट दि डोर ऑफ डेथ' और अपनी जीवनी उन्होंने जेल के कठिन हालात में ही लिखी थीं। भगत सिंह ने जेल के अंदर से ही न सिर्फ़ क्रांतिकारी आंदोलन को बचाए रखा, बल्कि उसे विचारधारात्मक स्पष्टता भी प्रदान की।

7 अक्टूबर, 1930 को बरतानिया हुकूमत ने सरकार के ख़िलाफ़ क्रांति का बिगुल फूंकने के इल्ज़ाम में भगत सिंह को फांसी की सज़ा सुनाई। सज़ा सुनाए जाने के पाँच महीने बाद 23 मार्च, 1931 को उनको दो साथियों सुखदेव और राजगुरु के साथ फांसी पर चढ़ा दिया गया। फांसी के पहले 3 मार्च को भगत सिंह ने अपने छोटे भाई कुलतार को भेजे एक ख़त में अपने जज़्बात कुछ इस तरह से पेश किए थे,'उसे ये फ़िक्र है हरदम, नया तर्ज़-ए-ज़फ़ा क्या है/हमें ये शौक़ है देखें, सितम की इंतिहा क्या है/....हवा में रहेगी मेरे ख़याल की बिजली/ये मुश्ते ख़ाक है फ़ानी, रहे न रहे।'' फांसी की सज़ा पर भगत सिंह ज़रा से भी विचलित नहीं हुए और हॅंसते-हॅंसते फांसी के तख़्ते पर चढ़ गए। महज़ साढ़े तेईस साल की छोटी—सी उम्र में शहादत के लिए फांसी का फ़ंदा हँसकर चूमने वाले, क्रांतिकारी भगत सिंह सिर्फ़ जोशीले नौजवान नहीं थे, जो कि जोश में आकर अपने वतन पर मर मिटे थे।

**23 मार्च, शहीद-ए-आज़म भगत सिंह शहादत दिवस**

उनके दिल में देशभक्ति के जज़्बे के साथ एक सपना था। भावी भारत की एक तस्वीर थी। जिसे साकार करने के लिए ही उन्होंने अपना सर्वस्व: देश पर न्यौछावर कर दिया। फांसी से पन्द्रह दिन पहले उन्होंने अपने एक साथी से कहा था, 'अगर मुझे छोड़ दिया गया, तो अंग्रेज़ों के लिए मैं एक मुसीबत बन जाऊॅंगा। अगर मुस्कुराहटों की माला पहने मैं मर गया, तो हिंदुस्तान की हर माँ अपने बच्चे को भगत सिंह बनाना चाहेगी और इस तरह आज़ादी की लड़ाई में सैकड़ों बहादुर पैदा होंगे, तब इस शैतानी ताक़त के लिए क्रांति का यह मार्च रोकना बहुत मुश्किल होगा।' इतिहास गवाह है, भगत सिंह की फांसी के बाद,अंग्रेज़ हुकूमत के ख़िलाफ़ मुल्क में जो जनज्वार उभरा, वह फिर थामे नहीं थमा। कुछ बरसों में ही अंग्रेज़ों को आख़िरकार हिंदुस्तान से अपनी विदाई लेनी पड़ी।

भगत सिंह सिर्फ क्रांतिकारी ही नहीं, बल्कि युगदृष्टा, स्वप्नदर्शी, विचारक भी थे। वैज्ञानिक, ऐतिहासिक दृष्टिकोण से सामाजिक समस्याओं के विश्लेषण की उनमें अद्भुत क्षमता थी। भगत सिंह ने कहा था कि 'मेहनतकश जनता को आने वाली आज़ादी में कोई राहत नहीं मिलेगी।' यही नहीं अपनी माँ को लिखे एक ख़त में उन्होंने कहा था, 'माँ, मुझे इस बात में बिल्कुल शक नहीं, एक दिन मेरा देश आज़ाद होगा। मगर मुझे डर है कि 'गोरे साहब' की खाली की हुई कुर्सी में काले/भूरे साहब बैठने जा रहे हैं।' उनकी भविष्यवाणी अक्षरश: सच साबित हुई। देश आज़ाद ज़रूर हो गया, लेकिन सत्ताधारियों का किरदार और आम आदमी के जानिब उनका बर्ताव नहीं बदला। आज़ादी के बाद मुल्क में जिन आर्थिक सुधारों का तसव्वुर क्रांतिकारियों ने किया था, वह आज तक नहीं हुआ है। अमीर-ग़रीब के बीच दूरी ख़त्म होने की बजाए, और ज़्यादा बढ़ी है।




आज देश में प्रतिक्रियावादी शक्तियों की ताक़त पहले के मुकाबले कई गुना बढ़ी है। पूँजीवाद, बाज़ारवाद, साम्राज्यवाद के नापाक गठबंधन ने सारी दुनिया को अपने आगोश में ले लिया है। अपने ही देश में हम आज दुष्कर परिस्थितियों में जी रहे हैं। चहुॅं ओर समस्याएं ही समस्याएं हैं।

कहीं समाधान नज़र नहीं आ रहा है। ऐसे माहौल में भगत सिंह के फांसी पर चढ़ने से कुछ समय पूर्व के विचार याद आते हैं,'जब गतिरोध की स्थिति लोगों को अपने शिकंजे में जकड़ लेती है, तो किसी भी प्रकार की तब्दीली से वह हिचकिचाते हैं, इस जड़ता और निष्क्रियता को तोड़ने के लिए एक क्रांतिकारी स्प्रिट पैदा करने की ज़रूरत होती है। अन्यथा पतन और बर्बादी का वातावरण छा जाता है। लोगों को गुमराह करने वाली प्रतिक्रियावादी शक्तियाँ जनता को ग़लत रास्ते में ले जाने में सफ़ल हो जाती हैं। इससे इंसान की प्रगति रुक जाती है और उसमें गतिरोध आ जाता है। इस परिस्थिति को बदलने के लिए यह ज़रूरी है कि क्रांति की स्प्रिट ताज़ा की जाए। ताकि इंसानियत की रूह में एक हरकत पैदा हो।' अफ़सोस, आज़ादी मिलने के बाद नई पीढ़ी में क्रांति की वह स्प्रिट उत्तरोत्तर कम होती गई। जिसके परिणामस्वरूप आज हमें कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। स्वतंत्र भारत में बढ़ते साम्प्रदायिक रुझान और प्रतिक्रियावादी शक्तियों के उभार ने भगत सिंह की चिंताओं को सही साबित किया है।

भगत सिंह साम्राज्यवाद, उपनिवेशवाद के घोर विरोधी थे। सच मायने में वे भारत में समाजवादी व्यवस्था क़ायम करना चाहते थे। भगत सिंह की सारी ज़िंदगानी पर यदि हम गौर करें, तो उनकी ज़िन्दगी के आख़िरी चार साल बेहद इंक़लाबी थे। इन चार सालों में भी, उन्होंने अपने दो साल जेल में बिताये। लेकिन इन चार सालों में उन्होंने एक सदी का लंबा सफ़र तय किया। क्रांति की नई परिभाषा दी। अंग्रेज़ी हुकूमत, नौजवानों में भगत सिंह की बढ़ती लोकप्रियता और क्रांतिकारी छवि से परेशान थी। लिहाज़ा अवाम में बदनाम करने के लिए भगत सिंह को आतंकवादी तक साबित करने की कोशिश की गई। मगर क्रांति के बारे में ख़ुद, भगत सिंह के विचार कुछ और थे। वह कहते थे,'क्रांति के लिए ख़ूनी संघर्ष अनिवार्य नहीं है और न ही उसमें व्यक्तिगत प्रतिहिंसा को कोई स्थान है। वह बम और पिस्तौल की संस्कृति नहीं है।

क्रांति से हमारा अभिप्राय यह है कि वर्तमान व्यवस्था जो खुले तौर पर अन्याय पर टिकी हुई है, बदलनी चाहिए।' भगत सिंह ने क्रांति शब्द की व्याख्या करते हुए कहा था,'क्रांति से हमारा अभिप्राय अन्ततः एक ऐसी सामाजिक व्यवस्था से है, जिसको इस प्रकार के घातक हमलों का सामना न करना पड़े और जिसमें सर्वहारा वर्ग की प्रभुसत्ता को मान्यता हो।' यानी भगत सिंह हक़, इंसाफ़ की लड़ाई में हिंसा को नाजायज़ मानते थे। उनकी लड़ाई सिर्फ़ व्यवस्था से थी। आदमी का आदमी के द्वारा जो शोषण होता है, उसके ख़िलाफ़ थी। सत्ता में सर्वहारा वर्ग क़ाबिज़ हो, यही उनकी ज़िंदगी का आख़िरी मक़सद था। भगत सिंह आज भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके विचार हमें एक नई क्रांति की राह दिखलाते हैं।

# बलि का बकरा



बांग्ला कहानी

■ शरतचंद्र चट्टोपाध्यार्य

लोग उसे लालू के नाम से पुकारते थे, लेकिन उसका घर का नाम कुछ और भी था। तुम्हें यह पता होगा कि 'लाल'शब्द का अर्थ प्रिय होता है। यह नाम उसका किसने रखा था, यह मैं नहीं जानता; लेकिन देखा ऐसा गया है कि कोई-कोई व्यक्ति यों ही सबके प्रिय बन जाते हैं। लालू भी ऐसा ही व्यक्ति था।

स्कूल से पास होकर हम कॉलेज में दाखिल हो गए। लालू ने कहा, 'भाई! अब मैं रोजगार करूँगा।'

इसके बाद अपनी माँ से दस रुपए माँगकर उसने ठेकेदारी का काम करना शुरू कर दिया। हम लोगों ने हँसकर उसका मजाक उड़ाते हुए कहा, 'दस रुपए से भला कहीं रोजगार होता है। अगर इतनी पूंजी से रोजगार होता तो सब कर लेते।'

लालू ने कहा, 'मेरे लिए इतना ही काफी है।'

वह सबके लिए प्रिय था, इसलिए उसे काम मिलते देर न लगी। कॉलेज से लौटते वक्त रोजाना हम उसे रास्ते में सिर पर छाता लगाए हुए कुछ मजदूरों के बीच अपने काम में संलग्न पाते थे। हम लोगों को देखते ही चिढ़ाते हुए वह कह उठता था, 'अरे जल्दी-जल्दी कदम बढ़ाकर जाओ, वरना 'परसेंटेज' में कमी आ जाएगी!'

गाँव की पाठशाला में जब हम एक साथ पढ़ते थे, तभी से वह मिस्त्री का काम करने में चतुर था। उसके बस्ते में एक नहनी, एक छुरी, एक छोटी हथौड़ी, एक घोड़े की नाल और एक छैनी हर वक्त रखी रहती थी। इन चीजों का संग्रह उसने कब और कैसे किया, यह मैं नहीं जानता; लेकिन ऐसा कोई कार्य नहीं बचा था, जिसे वह इन सामग्रियों से न कर सके। स्कूल के सभी साथियों का छाता मरम्मत, स्लेट का फ्रेम ठीक करना, खेलकूद के समय पाजामा या कमीज को सी देना, इसी तरह वह बहुत से काम किया करता था।

इसी तरह दिन गुजरते गए। जिमनास्टिक लालू सबसे अधिक तेज खेलता था। उसके बदन में जैसी ताकत थी वैसा ही साहस था। डरने का नाम उसने कभी नहीं सुना था। अगर उसमें कोई ऐब था तो एक यही था कि मौका पाने पर डराया करता था। चाहे कोई भी क्यों न हो, बच्चा-बूढ़ा, उसके लिए सब बराबर थे। हम तो समझ ही नहीं पाते थे; लेकिन वह न जाने कैसे ऐसे विचित्र उपायों को खोज डालता था। आज उसकी एक कहानी सुना ही दूँ।

पड़ोस के मनोहर चटर्जी के यहाँ काली की पूजा हो रही थी। ठीक अर्द्धरात्रि के समय बकरा-बलिदान होना था, लेकिन बलि देने वाले लोहार का कहीं भी पता नहीं था। देर होते देख कई व्यक्ति उसके यहाँ गए तो देखा, लोहार के पेट में काफी दर्द है और आने में बिलकुल असमर्थ है।

लौटकर आकर लोगों ने खबर दी। खबर पाते हो सब के सब सिर पर हाथ रखकर बैठ गए। इधर बिना बलिदान किए पूजा अधूरी रह जाएगी। अब इतनी रात को दूसरे आदमी की तलाश कहाँ की जाए। इस साल अब देवी-पूजा ठीक ढंग से नहीं हो पाएगी। तभी किसी ने कहा, 'अरे भाई, लालू यह काम कर सकता है। इस तरह न जाने कितने बकरों को वह काट चुका है।'

इतना कहना था कि कुछ लोग लालू के घर उसे बुलाने के लिए दौड़ पड़े। लालू उस समय सो रहा था। उठकर बोला, 'नहीं।'

'नहीं? अरे बेटा, मना मत करो। चले चलो, वरना देवी की पूजा संपन्न न होने से गाँव का सत्यानाश हो जाएगा।'

लालू ने कहा, 'होने दो। बलिदान कार्य बचपन में मैंने किया था, लेकिन अब नहीं करूँगा।'

जो लोग बुलाने आए, काफी मान-मनौवल करने लगे, क्योंकि बलिदान के मुहूर्त में अब केवल 15 मिनट बाकी थे। इसके बाद बलिदान देना, न देना बराबर होगा। महाकाली के प्रकोप से सर्वनाश हो जाएगा।

तभी लालू के पिता ने आकर कहा, 'ये चारों तरफ से निराश होकर आए हैं। गाँव के कल्याण के लिए तुम्हें जाना चाहिए, जाओ।' इस आदेश को अस्वीकार कर दे, इतनी हिम्मत लालू में नहीं थी। फिर उसे चटर्जी साहब के यहाँ जाना पड़ा।

लालू को अपने यहाँ देखकर चटर्जी महाशय प्रसन्न हो उठे। इधर बलिदान का समय नजदीक आता जा रहा था। जल्दी से बकरा लाकर उसे माला-सिंदूर पहनाया गया, फिर कठघरे में उसका सिर रख दिया गया। पूजा देखने के लिए आई हुई भीड़ 'जय काली माता की जय' का नारा लगाने लगी। उसी के बीच में देखते-ही-देखते खच्च से आवाज हुई और एक निरीह-बेजान जीव का धड़ सिर से अलग होकर नीचे गिर पड़ा। लालू ने कुछ देर के लिए अपनी आँखें बंद कर ली। पुन: कुछ देर के लिए शंख ध्वनि, घंटे की आवाज रुक गई। दूसरा बकरा आया, उसे भी पहले की तरह माला-फूल और सिंदूर लगाया गया। इसके बाद भक्तों द्वारा 'जय काली माता की' आवाज गूंजी और लालू का दाव एक बार पुन: ऊपर उठा और फिर एक बार आखिरी बार तड़फड़ाते हुए बकरा समस्त भक्तों के विरुद्ध न जाने कौन सी फरियाद करते हुए शांत हो गया। उसके खून से लाल मिट्टी फिर भीग उठी।

बाहर शहनाई बज रही थी, आँगन में बहुत से व्यक्ति जमा थे। सामने गलीचों के ऊपर मनोहर चटर्जी आँखें बंद करके इष्टनाम जप रहे थे। तभी लालू एकाएक भयंकर रूप से गरज उठा-कोलाहल वाद्य ध्वनि सबकुछ एकबारगी रुक गई। सब की कौतूहल भरी निगाहें लालू की तरफ घूम गईं।

लालू ने बड़ी बड़ी आँखें नचाते हुए कहा, 'और बकरा कहाँ है?'

घर के भीतर से किसी ने डरते हुए पूछा, 'और बकरा? दो ही का तो बलिदान होने वाला था।'

लालू ने खून से लथपथ दाव को ऊपर की ओर तीन-चार बार घुमाते हुए भीषण गर्जन करते हुए कहा, 'और बकरा नहीं है? यह नहीं हो सकता। मेरे सिर पर खून चढ़ गया है, लाओ बकरा, वरना मैं आज जिसे देखूँगा, उसी का बलिदान करूंगा, नर बलि-जय भवानी की! जय माता काली!' कहता हुआ इधर-से-उधर उछलने लगा। इधर उसके हाथ का दाव लाठी की तरह भनाभन घूम रहा था। उस समय लालू का रंग-ढंग देखकर वहाँ की जो हालत हुई, उसका वर्णन करना मुश्किल है, सभी एक साथ बाहर को दौड़ पड़े। कहीं लालू उन्हें पकड़कर बलि पर न चढ़ा दे। इस भगदड़ के कारण वहाँ की हालत बहुत ज्यादा खराब हो गई। कोई उधर गिरा तो कोई उधर। कोई मुंह के बल गिरा तो कोई सिर के बल। कोई किसी के हाथ के नीचे से भाग रहा है तो कोई किसी की टाँग के नीचे से, यह सब कांड कुछ देर तक होता रहा, फिर सब शांत हो गया।

लालू गरज उठा, 'मनोहर चटर्जी कहाँ हैं? पुरोहित कहाँ गया?'

पुरोहित महाशय दुबले पतले थे और इसी भगदड़ के समय काली देवी की प्रतिमा के पीछे जाकर छिप गए। गुरुदेव महाशय कुशासन पर बैठे माला जप रहे थे, हालात देखकर वे भी एक बड़े खंभे की आड़ में जा छिपे, लेकिन मनोहर चटर्जी अपनी भारी-भरकम तोंद लेकर भागने से लाचार रहे। लालू ने आगे बढ़कर उनका एक हाथ कसकर पकड़ते हुए कहा, 'चलो, अब तुम्हारी बलि दूँ!'

एक तो कसकर उसने हाथ पकड़ रखा था, दूसरे हाथ में दाव देखकर चटर्जी के प्राण सूख गए। रोते हुए विनती करते हुए बोले, 'लालू बेटा! जरा शांत होकर देख, मैं बकरा नहीं हूँ, आदमी हूँ। रिश्ते के नाते में मैं तेरा ताऊ लगता हूँ। तेरे पिताजी मेरे छोटे भाई की तरह हैं।'

'यह सब मैं नहीं जानता, इस वक्त मुझे खून चाहिए। चलो, तुम्हारा बलिदान करूंगा। जगदंबा की यही इच्छा है।'

चटर्जी फफककर रोते हुए बोले, 'नहीं बेटा! माँ की यह इच्छा नहीं है। वे तो जग जननी हैं।'

'वे जगज्जननी हैं, इसका पता है तुम्हें? अब फिर बकरा बलिदान करोगे? मुझे बलिदान देने के लिए अब बुलाओगे?'

चटर्जी ने रोते-रोते कहा, 'नहीं बेटा! अब बलिदान कभी नहीं कराऊँगा, मैं काली माता के सामने कसम खाता हूँ, आज से मेरे यहाँ कभी बलिदान नहीं होगा।'

'ठीक कह रहे हो न?'

'हाँ बेटा! ठीक कह रहा हूँ। अब कभी नहीं कराऊँगा, मेरा हाथ छोड़ दे बेटा, पाखाने जाऊँगा।'

लालू ने हाथ छोड़ते हुए कहा, 'अच्छा जाओ, तुम्हें छोड़े दे रहा हूँ, लेकिन पुरोहित कहाँ गया? और गुरुदेव? वह कहाँ गया?' कहता हुआ वह एक बार फिर गरज उठा। फिर कमरे में से इधर-उधर टहलते हुए बरामदे के करीब आ गया।

उसका भयंकर रूप देखकर खंभे की आड़ से गुरुदेव और प्रतिमा की आड़ से पुरोहितजी दोनों एक साथ करुण स्वर में दो प्रकार की आवाजों में चीख उठे। दोनों का स्वर दो ढंग का ऐसा बेसुरा हो गया कि लालू अपने को संभाल नहीं पाया। हो-होकर हंसते हुए दाव एक ओर फेंककर भाग खड़ा हुआ।

तब यह किसी को समझते देर न लगी कि लालू ने यह सब ढोंग किया था, सचमुच उसके ऊपर काली माता सवार नहीं हुई थीं। यह कांड लोगों को डराने के लिए ही उसने किया।


थोड़ी देर बाद पुन: भक्तों की भीड़ जुट गई। अभी पूजा पूरी नहीं हुई थी। थोड़ी देर में महाकलरव के साथ पूजा समारोह शुरू हो गया।

मनोहर चटर्जी ने नाराज होकर कहा, 'कल ही कमबख्त ललुवा को पचास जूते उसके बाप से लगवाऊँगा।'

लेकिन उसे जूते नहीं खाने पड़े। सवेरा होने के पहले ही वह गाँव से गायब हो गया। एक हफ्ते के बाद वह एक दिन शाम के समय मनोहर चटर्जी के यहाँ जाकर उनसे माफी माँग आया। बाप की नाराजगी भी दूर हो गई; लेकिन इससे एक फायदा यह हुआ कि उस घटना के बाद मनोहर चटर्जी के यहाँ फिर कभी बलिदान नहीं हुआ।

# बच्चों के समान मंच पर खेलना चाहिए : प्रसन्ना

जाने माने रंगचिंतक, गांधीवादी कार्यकर्ता व इप्टा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रसन्ना दो दिवसीय प्रवास पर जबलपुर में रहे। इस दौरान आयोजित नाट्य कार्यशाला में उन्होंने जबलपुर के युवा अभिनेताओं को अभिनय की बारीकियों से परिचय कराया।




सुप्रसिद्ध नाटक निर्देशक और नाट्य शिक्षक प्रसन्ना जी के वर्कशॉप के पहले दिन आज उन्होंने अभिनय करने की तैयारियों पर बात की। उन्होंने कहा कि अभिनेता को अभिनय नहीं करना है वरन उसे बच्चों के समान मंच पर खेलना है तभी वो स्वाभाविक अभिनय कर सकेगा। उसे अपने चरित्र का बोझ लेकर मंच पर नहीं जाना चाहिए। उसे प्रस्तुति से ज्यादा



रिहर्सल में मेहनत करना चाहिए। नाट्यशास्त्र पर बात करते हुए उन्होंने कहा की अभिनय मतलब नकल करना है। यही ग्रीक परंपरा में भी कहा गया है। अभिनेता को अपने चरित्र का बुनियादी भाव समझना चाहिए। उन्होंने अभिनेताओं से कहा कि तुम्हें दिमाग से नहीं वरन संवेदना से कार्य करना चाहिए। प्रसन्ना जी ने विभिन्न संस्थाओं के लगभग 75 उपस्थित अभिनेताओं से कुछ अभ्यास भी कराए।

दूसरे सत्र में उन्होंने अभिनय हेतु साधना पर बल दिया। उन्होंने आंगिक वाचिक अभिनय के बारे में बताया और अभिनेताओं से अभ्यास कराया। इसके अलावा उन्होंने संवाद अदायगी, अभिनेता के हाव भाव व खड़े होने चलने और हंसने बोलने की विशेषताओं के बारे में बातचीत की। सत्र के समापन पर हिमांशु राय ने प्रसन्ना व सभी युवा अभिनेताओं का आभार व्यक्त किया।

कला वीथिका, रानी दुर्गावती संग्रहालय में शाम के सत्र में प्रसन्ना जी की दूसरी किताब 'एक्टिंग एंड बियोंड' का विमोचन कार्यक्रम हुआ। मंच संचालन करते हुए पंकज स्वामी ने प्रसन्ना जी का जीवन परिचय दिया। उनकी पहली किताब 'इंडियन मेथड इन एक्टिंग' की चर्चा करते हुए बताया कि यह पुस्तक अभिनय के बुनियादी सिद्धांतों और व्यवहार पर बहुत सरल भाषा में बात करती है और बिना किसी तकनीकी शब्दों का प्रयोग किए अभिनेता के प्रशिक्षण के बारे में विस्तार से बात करती है। इसकी सरलता ही इसकी विशेषता है।

इस अवसर पर विवेचना के सचिव व इप्टा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हिमांशु राय ने जबलपुर के कलाकारों की ओर से प्रसन्ना जी का स्वागत करते हुए कहा कि प्रसन्ना जी रंगकर्मियों के लिए एक उदाहरण हैं कि किस तरह सादा जीवन रखकर बहुत बड़ा काम किया जा सकता है। प्रसन्ना जी ने राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में पढाया भी है। आज उनके शिष्य दुनिया भर में स्थापित हैं।

उन्होंने महत्वपूर्ण नाटक लिखे हैं और अनेक महत्वपूर्ण नाटकों का निर्देशन किया है। इसके अलावा



उन्होंने ग्रामीण रोजगार बढ़ाने के लिए बैंगलुरू के पास अपने गांव हेग्गाडू में जाकर खादी निर्माण व विक्रय के लिए महिलाओं की सहकारी समिति का निर्माण किया है। जहां सैकड़ों महिलाएं पूरा कार्य सम्हाल रही हैं। देश में प्रेम और सद्भाव के लिए उन्होंने इप्टा की यात्रा 'ढाई आखर प्रेम' का नेतृत्व किया और पूरे देश में विभिन्न वर्गों और समुदायों के बीच प्रेम की बयार बहे इसके लिए एक सांस्कृतिक आंदोलन चलाकर एक नयी दिशा दी।

राजीव कुमार शुक्ल ने किताब 'एक्टिंग एंड बियांड' के बारे में विस्तार से चर्चा की और प्रसन्ना जी की रचना प्रक्रिया के बारे में बताया। अपनी किताब के बारे में बोलते हुए प्रसन्ना ने कहा कि यह किताब पिछली किताब के आगे की कहानी कहती है। इस किताब को लिखने के लिये लाखों की संख्या में जो युवा मुम्बई में बहुत बुरी अवस्था में रहकर जीवन यापन कर रहे हैं उनके साथ रहकर जो अनुभव किए हैं उन्हें लिखा है।

ये युवा कला के मजदूर के रूप में बदल दिये गये हैं। ये सभी बहुत चिंतनशील युवा हैं। आज के समय की मांग है कि अब बड़ों के बजाय बच्चों के थिएटर पर काम किया जाए जो युवाओं के लिए रोजगार भी है और बच्चों को आज के समय की विकृतियों से दूर करने का साधन भी है।

**हिमांशु राय**

## आज से शक्ति की भक्ति में डूबेगी संस्कारधानी



### प्रथम दिवस शैलपुत्री की होगी उपासना

चैत्र नवरात्रि का आरंभ 30 मार्च रविवार से होने जा रही है। चैत्र नवरात्रि का आरंभ हर साल चैत्र मास की प्रतिपदा तिथि से होता है। इस साल चैत्र नवरात्रि पर कई शुभ योग रहने वाला है। नवरात्रि में इस बार 4 राजयोग का संयोग रहने वाला है। साथ ही इस दिन सिद्धि योग और सर्वार्थ सिद्धि योग दोनों का शुभ संयोग रहेगा।


30 मार्च से 6 अप्रैल तक पूरे 8 दिनों में मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूप की पूजा की जाएगी। नवरात्र में मां दुर्गा की पूजा जिनती महत्ता रखती है। मां का आगमन और गमन की सवारी का भी उतना ही महत्व है। इस वर्ष मां का आगमन और गमन दोनों ही शुभ संकेत दे रहे हैं।

इस बार चैत्र नवरात्रि में माता रानी की सवारी हाथी है। इतना ही नहीं धर्म शास्त्रों के मुताबिक हाथी को शांति और समृद्धि का प्रतीक माना गया है। यह देश और देशवासियों के जीवन में शांति और समृद्धि लाएगी। अगर नवरात्रि की शुरूआत रविवार के दिन होती है तो मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आती हैं। इसके अलावा 6 अप्रैल को रविवार के दिन नवरात्रि का समापन होगा। इसके बाद माता रानी हाथी पर प्रस्थान करेंगी। माता का हाथी पर सवार होकर प्रस्थान करना शुभ संकेत माना जाता है। सुख व सौभाग्य की वृद्धि करती हैं। इसका असर राष्ट्र पर भी होता है। राष्ट्र में सुख समृद्धि और मान-प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी।

#### घट स्थापना का मुहूर्त

पंडित राजकुमार पयासी ने बताया घट स्थापना का मुहूर्त वैसे रविवार की सुबह 6 बजकर 10 मिनट से सुबह 10 बजकर के 21 मिनट तक रहेगा। जहां तक अभिजित मुहूर्त की बात है वह 12 बज कर 1 मिनट से 12 बजकर 50 मिनट तक रहेगा।

## वृद्धाश्रम समाज का स्याह पक्ष



**जबलपुर, देशबन्धु।** वृद्धाश्रम किसी भी सभ्य समाज के लिए एक धब्बा ही है। लेकिन बेसहारा बुजुर्गो के लिए किसी स्वर्ग से कम नहीं, । अपने खून ने जहां उसे दर दर की ठोकरें खाने खुले आसमान के नीचे छोड़ दिया, उम्र के उस दौर मे जहां दो कदम चलना भी मुश्किल होता है। समाज मे बुजुर्गो के प्रति इस तरह की अवहेलना बेहद चिंताजनक है। जिसकी ऊंगली पकड़ के सीखा था चलना उसे कैसे छोड़ आते हैं ये पत्थर दिल इन्सान, लिखते हुए मन बहुत व्यथित हो रहा है, आज समाज मे चर्चा है की मेले में लोग बुजुर्गों को छोड़ आते हैं। एक फिल्म अभी रिलीज़ हुई है अभिनेता नाना पाटेकर अभिनीत '' वनवास'' उसमें दिखाया है की कैसे संपत्ति के लालच में बेटे अपने पिता को बनारस में छोड़ आते हैं। कहने वाले तो यहां तक कह रहे हैं की कुंभ में भी कितने ही बुजुर्ग खो गए। ऐसे में ये वृद्धाश्रम अनजान लोगों को ना सिर्फ़ रहने को छत देते हैं, बल्कि दो वक्त की रोटी भी देते हैं, स्नेह और सेवा भी उम्र के आखरी पड़ाव में और क्या चाहिए।

शहर में भी कुछ ऐसे आश्रम है, जो ऐसे बेसहारा बुजुर्गों को आश्रय देते हैं, इसमे रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित, (जिसका पदेन अध्यक्ष कलेक्टर होता है,) इस आश्रम में 60 वर्ष से अधिक उम्र के महिला पुरुषों को आश्रय दिया जाता, पुलिस वेरिफिकेशन के बाद। जहां दोनो समय का भोजन तथा सुबह शाम की चाय दी जाती है।

समय समय पर अन्य संस्थाएं यहां कार्यक्रम करती रहती हैं । वर्तमान में 50 महिलाएं तथा 27 पुरुष यहां रहते हैं, साथ ही समय समय स्वास्थ्य निरीक्षण शिविर लगते रहते हैं। तथा भजन आदि के कार्यक्रम भी होते रहते हैं , यहां से कोई यदि अपने बुजुर्गों को ले जाना चाहे तो उसे 15 दिन का अवकाश देते हैं, और सब ठीक रहने पर,और यदि बुजुर्ग संतुष्ट है तो हमेंशा के लिए परिवार के साथ भेज देते हैं । एक दो लोग यहां से वापस भी गए हैं। इसी कड़ी में अनुराधा चौहान द्वारा 2017 से खारीघाट में हनुमान मंदिर के पास स्थित वानप्रस्थ महिला वृद्धाश्रम भी बुजुर्ग महिलाओं को आश्रय प्रदान करता है । ये आश्रम सिर्फ़ महिलाओं के लिए ही है । इस आश्रम में महिलाओं को घर जैसा वातावरण दिया जाता है वानप्रस्थ महिला वृद्धाश्रम वृद्ध और बेसहारा महिलाओं के लिए एक ऐसी जगह है, जहां पर वो सुरक्षित और सम्मान के साथ जीवन का शेष समय व्यतीत कर सकती हैं। निश्चित तौर पर किसी भी महिला के लिए ये बेहद कठिन समय होता है, कि पूरा जीवन परिवार को समर्पित करने के बाद, हासिल ये होगा ये सोचा ना था, महिलाओ की ये स्थिति एक महिला के लिए तो दुरुह तो है ही साथ ही हमारे समाज की सोच पर भी प्रश्न चिन्ह लगाती है। वर्तमान में यहां 17 महिलाएं हैं, और 5 महिलाओं को परिवार के पास काउंसलिंग करके और बुजुर्ग महिला के संतुष्ट होने के बाद वापस भी भेजा गया है।

देशबन्धु खबर

एक और अन्य ओल्ड एज होम है सेंट एलॉयसिस स्कूल रिमझा में है जो की 2009 से संचालित है यहां 65 वर्ष के गरीब और बेसहारा महिला पुरुषों को पुलिस वेरिफिकेशन के बाद आश्रय दिया जाता है। वर्तमान में यहां 14 पुरुष और 23 महिलाएं हैं, यहां पर बुजुर्गों का पूरा ख्याल रखा जाता है, सुबह नाश्ता, दोपहर का भोजन, शाम की चाय रात्रि भोजन, और महिला पुरुष की अलग अलग विंग है, तथा मनोरंजन कक्ष है, टी वी देखने के लिए अलग हॉल है।

एक बड़ी गाड़ी है, जिसमें किसी बुजुर्ग के बीमार होने पर उसे तत्काल हस्पताल ले जा सकें। यहां बड़े हिस्से में बगीचा है जिसमें अपनी रुचि अनुसार बुजुर्ग पौधों की देखभाल आदि कर सकते हैं, जिससे बुजुर्ग व्यस्त रहते हैं।

#### इनका कहना है



वर्तमान में जो कुछ कमी स्टाफ आदि की है उसे नई बिल्डिंग में दूर कर लेंगे। उन्होंने बताया की शीघ्र ही वर्तमान वृद्धाश्रम के पीछे एक नई बिल्डिंग बन चुकी है, उसका शीघ्र ही उदघाटन होना है। जहां 100 बुजुर्गों को रहने की व्यवस्था रहेगी। पिछ्ले कुछ वर्षों से ये वृद्धाश्रम चैरिटी पर ही चल रहा है।

**डा. सुनील मिश्रा**
(रेडक्रास स्टेट कार्यकारिणी, सदस्य जिला रेडक्रास )

## उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल आयेंगे



**जबलपुर, देशबन्धु।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल का रविवार 30 मार्च को दोपहर 12 बजे रीवा से कार द्वारा जबलपुर आगमन होगा। उप मुख्यमंत्री यहाँ एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया के जबलपुर चेप्टर द्वारा होटल विजन महल में आयोजित 26 वें मेडिसिन अपडेट 2025 कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा दोपहर 1.30 बजे कार द्वारा हरदा प्रस्थान करेंगे।

## लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के रविवार के कार्यक्रम



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह रविवार 30 मार्च को शहर में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह रविवार को दोपहर 1 बजे समन्ववय सेवा केन्द्रक छोटी लाईन फाटक के पास आयोजित चेट्रीचण्डी महोत्सिव में शामिल होंगे। श्री सिंह दोहपर 1.30 बजे होटल शॉन एलिजे में वैवाहिक कार्यक्रम एवं रात 8 बजे गुर्तोशिवर रोड स्थित श्रीराम मंदिर में श्रीराम जन्मोशत्संव श्रीराम कथा में हिस्सा लेंगे।

## पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल गौरीघाट नर्मदा दर्शन करेंगे



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल का रविवार 30 मार्च को सुबह 7.25 बजे नई दिल्ली से रेल मार्ग द्वारा जबलपुर आगमन होगा। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल रविवार 30 मार्च की सुबह 10.30 बजे गौरीघाट स्थित सिद्धघाट में मां नर्मदा जी का दर्शन एवं पूजन करेंगे तथा सुबह 11 बजे कार द्वारा सिवनी के लिए प्रस्थाघन करेंगे। श्री पटेल का सिवनी जिले में आयोजित विभिन्ना कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद रविवार को ही शाम 4.30 बजे जबलपुर आगमन होगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री पटेल रविवार 30 मार्च की सुबह 7.25 बजे नई दिल्ली से हजरत निजामुद्दीन- जबलपुर सुपर फास्ट् एक्स प्रेस द्वारा जबलपुर आ रहे हैं।

## रीवा से अमृतसर-वैष्णोदेवी धाम के लिये भारत गौरव ट्रेन चलेगी

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के तीर्थ यात्रियों के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) द्वारा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन किया जा रहा है जो 27 मई को रीवा शहर से उत्तर दर्शन के साथ गुरुकृपा (अमृतसर) यात्रा के लिए रवाना होगी।



यह ट्रेन मध्यप्रदेश रीवा, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, इटारसी, रानी कमलापति, विदिशा, बीना एवं झाँसी स्टेशनों से होते हुए जाएगी, जहां से यात्री इस ट्रेन पर सवार हो सकेंगे। 09 रातें/10 दिनों की इस यात्रा में मथुरा, हरिद्वार, ऋषिकेश, अमृतसर एवं वैष्णोदेवी के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जायेगा। इसके लिए यात्रियों को रु. 17,600/- प्रति व्यक्ति (इकॉनामी श्रेणी), रु. 28,700/- प्रति व्यक्ति (स्टैण्डर्ड श्रेणी) एवं रु. 37,800/- प्रति व्यक्ति (- कम्फर्ट श्रेणी) किराया निर्धारित है।

## मौसम का मिजाज नरम-गरम, पारा नीचे लुढ़का

**पूर्वानुमान** जबलपुर,आस-पास के जिलों में बूंदा-बांदी नहीं

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर के साथ आस-पास के जिलों में हर रोज मौसम के मिजाज में बदलाव हो रहा है। शनिवार को जबलपुर में दिन और रात के तापमान में मामूली गिरावट देखने को मिली। इसी के साथ एकाएक उत्तरी हवाएं चलने लगी हैं। इससे लोगों को गर्मी की तपन से भी राहत रही है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अधिकतम तापमान 35.0 और 17.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो क्रमश: 1 से दो डिग्री सामान्य से कम आंका गया। बीते साल 40.4 एवं 23.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अभी महाकोशल संभाग में आम तौर पर मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई गई है। इधर मौसम का रूख बार-बार अपना असर दिखा रहा है। इससे अब भी ग्रामीण इलाकों में विशेष रूप से किसान वर्ग से आने वाले लोग असमंजस में हैं। यहां यह बात ध्यान देने वाली है कि गेहूं और चने की फसल कटने को तैयार है। ऐसे में बूंदा-बांदी भी खड़ी फसल के लिये हानिकारक हो सकती है। क्योंकि पिछले दिनों ओलावृष्टि और बारिश ने किसानों को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचाया हैं, जिसका भय फिलहाल बरकरार है।

सुबह उठने के साथ कृषक आसमान की तरफ देखने लगते हैं, उस समय उनकी चिंता कम हो जाती है जब आसमान साफ दिखाई देता है।

## होम्यापैथिक चिकित्सा एक वरदान

**जबलपुर,देशबन्धु।** डॉ. सुप्रियो सरकार एक अनुभवी होम्योपैथ कोलकाता से होम्योपैथिक डिग्री प्राप्त किये एवं होम्योपैथिक रिसर्च सेन्टर में 5 साल काम किये है।

जबलपुर में 30 साल से प्रैक्टिस कर रहे है। होमियोपैथी का विश्वास दुनिया भर में




बढ़ता जा रहा है सबसे कम खर्च में बिना कोई साइड इफेक्ट कठिन से कठिन बीमारी को होम्योपैथिक में उपचार हो रहा है। डॉ. सुप्रियो सरकार होम्योपैथिक रसल चौक जबलपुर में प्रैक्टिस करते हुए देश-विदेश में बहुत सारे पुरस्कार सर्टिफिकेटस प्राप्त किये है साथ में इंडिया के सारे राज्य व विदेशों के मरीजों को ऑनलाइन ट्रीटमेंट देते हैं डॉ सुप्रियो सरकार जिस-जिस बीमारी को ठीक किये है उसका नाम और प्रमाण आप लोगों को दिखाना चाहते हैं।


डॉ. सुप्रियो सरकार चाहते हैं मरीज हताश न हो, कम खर्चे में विश्वास के साथ डॉ. सुप्रियो सरकार इस प्रकार की सेवा में पूर्ण समर्पित है जिससे मरीज को एक नया स्वस्थ जीवन मिलेगा।

## जबलपुर को केंद्र में रखकर बने औद्योगिक कॉरिडोर : आशीष दुबे




**जबलपुर, देशबन्धु।** संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री आशीष दुबे ने जबलपुर को केंद्र में रखते हुये एक नये औद्योगिक कॉरिडोर (गलियारे) की स्थापना का आग्रह केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी से किया है। नई दिल्ली में श्री कुमारस्वामी से भेंट के दौरान सांसद आशीष दुबे ने केंद्रीय मंत्री को इस आशय का मांग पत्र भी सौंपा। सांसद श्री दुबे ने केंद्रीय मंत्री श्री कुमारस्वामी से कहा कि जबलपुर मध्यप्रदेश के साथ-साथ देश का प्रमुख नगर है और उच्च शिक्षा का भी बड़ा केंद्र है। जबलपुर संसदीय क्षेत्र कृषि प्रधान होने के साथ-साथ विपणन का भी बड़ा केंद्र है। जबलपुर में अनेक उद्योग स्थापित हैं और आर्थिक रूप से क्षेत्र को और सशक्त बनाने के लिए जबलपुर नगर को लक्षित कर नया औद्योगिक कॉरिडोर बनाया जाएगा तो यह क्षेत्र विकास की राह पर और तेज गति से आगे बढ़ेगा।

सांसद आशीष दुबे ने केंद्रीय मंत्री श्री कुमारस्वामी से कहा कि जबलपुर में औद्योगिक कॉरिडोर बनने से रोजगार के नये अवसर तो सृजित होंगे ही वहीं आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। नये उद्योगों की स्थापना के साथ बुनियादी ढांचे का भी विकास होगा और जबलपुर की नई उज्ज्वल छवि उभरकर सामने आयेगी। सांसद श्री दुबे ने कहा कि औद्योगिक कॉरिडोर बनने से जबलपुर में निवेश को बढ़ावा मिलेगा और किसानों को भी काफी लाभ होगा जिससे वे अपने उत्पादों को सुविधापूर्वक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचा सकते हैं। सांसद श्री दुबे ने केंद्रीय मंत्री श्री कुमारस्वामी से कहा कि औद्योगिक कॉरिडोर के निर्माण से पर्यावरण भी संरक्षित होता है जिसका फायदा भी जबलपुर को मिलेगा।






## बिजली बिल बकाया राशि के लिए कार्रवाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** पाटन संभाग अंतर्गत पाटन एक वितरण केंद्र के टाऊन मुख्यालय में विद्युत बिल बकाया राशि की लाइन काटने की कार्यवाही की गई। जिसमें सत्यम झारिया की लाइन काटे जाने पर संभागीय कार्यालय में आकर उनके द्वारा यह कहा जा रहा है कि मेरा विद्युत बिल सही नहीं है और इसी बात को लेकर भीड़ इकठ्ठा कर हंगामा किया गया। अवगत हो कि सत्यम झारिया का विद्युत बिल की बकाया राशि माह जनवरी 25 की स्थिति में 25141/- रुपए में से फरवरी माह में 10000/- रुपए जमा किया गया है। माह जुलाई 2024 में उपभोक्ता के विद्युत बिल में 1265 रुपए का संशोधन भी किया गया है। वर्तमान में 15420 रुपए बिजली बिल बकाया है।











J.B.F.A

जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | | |
|---|---|---|
| मुर्गा छोटा | - | रु. 118 |
| मुर्गा मीडियम | - | रु. 106 |
| मुर्गा बड़ा | - | रु. 90 |
| मुर्गा जम्बो | - | रु. 90 |

मो.-9039925000, 9425800409

सोनू पोल्ट्री

| | | |
|---|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - | रु. 86 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - | रु. 102 |
| छोटा ब्रॉयलर | - | रु. 114 |

मो.- 9039925999



FARNAZ

# भगवान झूलेलाल जी के अवतरण दिवस चेटीचंड पर निकली झूलेलाल प्रभात यात्रा



**जबलपुर, देशबन्धु।** भगवान झूलेलाल जी के अवतरण दिवस चेटीचंड महोत्सव के पावन अवसर पर विशाल झूलेलाल प्रभात यात्रा का आयोजन किया गया यात्रा श्री झूलेलाल मंदिर से प्रारम्भ हो कर गलगला, मुकदमगंज, तुलाराम चोक, करमचंद चोक, कॉफ़ी हाउस रोड, बड़ी ओमती, घंटाघर, सिंधु भवन मे समापन हुई जिसमे भगवान श्री झूलेलाल जी बैलगाड़ी मे, पूज्य ज्योति, बैंड दल, धमाल पार्टी, मांकि मैन, गोरीला आकर्षक का कैन्द्र थे। यात्रा मे स्वामी रामदास जी महाराज, स्वामी अशोकानंद जी महराज, स्वामी प्रदीप महाराज, अशोक ईश्वरदास रोहणी, अध्यक्ष रत्नेश सोनकरसोनू बचवानी द्वारा हरी झंडे दी गई, हजारों की संख्या मे सिंधी समाज शामिल हुआ तत्पश्चात विशाल भंडारा सिंधु भवन मे किया गया।

यात्रा मे उद्धवदास पारवानी, दिलीप तलरेजा,राम आहूजा, कैलाश वासवानी,रमेश आहूजा, राम आहूजा, माधवदास कुंदवानी, राजकुमार आहूजा,अर्जुन पुरसवानी गोविन्द, हीरानी, गोपी खत्री,प्रकाश आहूजा विकास नोतनानी,निक कुंवादनी, त्रिलोक वासवानी सोनू लालवानी, धर्मेन्द्र मंगलानी, पप्पू जय भोले, रोशन रामचंदनी, अनिल रोहरा, महेश पुरष्वाणी, हरीश आहूजा, अजय सुखवानी, अशोक लालवानी महिला मण्डल अनीता भाटिया, ऋतू वासवानी, काजल खेमानी, सोनी वासवानी, सोनिया नोतनानी, सीमा भाटिया, सिमरन रामराख्यानी ने सभी उपस्थित थे।

आज सुबह 8.30 बहराणा पूजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, सत्संग का कार्यक्रम रखा गया हैं, साथ शाम 7 बजे से विशाल शोभायात्रा सिंधु भवन से निकाली जाएगी।

## भुगतान के आदेश जारी करने की मांग

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष तथा कार्यवाहीक प्रांतीय अध्यक्ष एच.पी. उरमलिया ने म.प्र. शासन के मुख्यमंत्री एवं मुख्यसचिव महोदय को एक पत्र भेजकर निवेदन है कि केन्द्र सरकार के द्वारा जारी महंगाई राहत के आदेश जिसमें जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत तथा जनवरी 2025 से 2 प्रतिशत इस प्रकार 5 प्रतिशत महंगाई राहत राज्य के पेंशनर्स को कम भुगतान हो रही है। हमारी मांग है कि पेंशनर्स हित को ध्यान में रखते हुए देय तिथि से 5 प्रतिशत महंगाई राहत के भुगतान जारी कराये जाने के आदेश जारी कराये जाने की कृपा करें ताकि राज्य के पेंशनर्स में व्याप्त आक्रोश समाप्त हो सके। संगठन के एच.पी. उरमलिया, शेषमणि पाण्डे, गौरीशंकर पाण्डे, आर.के. श्रीवास्तव, बी.एस.गौर, ए.के. शुक्ला, एस.पी. शुक्ला, आर.आर.तिवारी, डॉ.एस.पी. सिंह, सी.एल. दोहरे, बी.पी. अवस्थी, जी.पी.सराठे, नरेश तिवारी आदि ने यथाशीघ्र महंगाई राहत के आदेश जारी कराने की मांग की है।

# इतिहास से ज्ञान के स्रोत निकलते हैं, युवा अध्ययन के लिए चुनें नए विषय




**जबलपुर, देशबन्धु।** इतिहास संकलन समिति महाकोशल प्रांत एवं पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाकोशल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में रानीताल यूथ हॉस्टल में 'स्वाधीनता का अमृतकाल के परिप्रेक्ष्य में भारतीय इतिहास संस्कृति और संविधान अतीत से वर्तमान तक' विषय पर प्रांतीय अधिवेशन एवं राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. बालमुकुंद पांडे ने 'भारतीय इतिहास संस्कृति और संविधान से अतीत से वर्तमान तक' विषय पर कहा कि सभी को गौरवशाली इतिहास को जानना होगा, क्योंकि इतिहास ही संविधान का आधार है। इतिहास से ज्ञान से स्रोत निकलते हैं।

**इतिहास का अध्ययन आवश्यक है-** मुख्य अतिथि रादुविवि कुलपति प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने कहा कि नई शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परंपरा को वास्तविक रूप पर दिखाने के लिए इतिहास का अध्ययन जरूरी है। कार्यक्रम अध्यक्ष इतिहास के संकलन समिति महाकौशल प्रांत के अध्यक्ष प्रो. कपिल देव मिश्र ने कहा कि विश्व की समस्याओं का समाधान भारतीय संस्कृति में छिपा है, जिसे सभी को खोजने के उपाय करने होंगे। विशिष्ट अतिथि प्रो. अलकेश चतुर्वेदी, डॉ. नीरज कालिया, समन्वयक डॉ. महेंद्र मनी द्विवेदी, संचालक व समिति उपाध्यक्ष डॉ. आनंद सिंह राणा, संगोष्ठी संयोजक डॉ. भावना तिवारी रहीं।

**श्रीराम पर आधारित प्रदर्शनी-** राष्ट्रीय संगोष्ठी में श्याम नारायण तिवारी की श्रीराम भगवान पर समर्पित प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें श्रीराम पर जारी डाक टिकट, राम जन्मभूमि विषय से ओतप्रोत आर्टिकल, विभिन्न देशों की मुद्राओं का अवलोकन लोगों ने किया। इस मौके पर डॉ. स्मृति शुक्ला, प्रो. महेंद्र मणि त्रिवेदी, डॉ. ध्रुव दीक्षित, डी. केके चतुर्वेदी, डॉ. सचिन तिवारी, डॉ. अमित ताम्रकार, डॉ. अर्चना देवलिया मौजूद रहीं।

## शनिधाम तिलवारा घाट में 56 प्रकार के व्यंजनों के साथ महाभोग

# शनैश्चरी अमावस्या पर शनि धाम में शनि महाराज का महाभिषेक के साथ लगाया महाभोग

**जबलपुर, देशबन्धु।** हिन्दू नववर्ष की पूर्व संध्या पर चैत्र माह की अमावस्या तिथि शनैश्चरी अमावस्या के रूप में शनि धाम तिलवारा घाट में मनाई गई। शनि महाराज का नर्मदा जल, दूध दही घी शहद शक्कर से पंचामृत अभिषेक, मलय गिरी के चंदन, तिलक कर गुलाब केवड़ा चंपा चमेली मोगरा आक रजनीगंधा, कमल पुष्पों से श्रृंगारित किया गया। श्री शनि अमावस्या महोत्सव के शुभअवसर पर तिलवारा स्थित प्राचीन शनिदेव मंदिर में दिव्य श्रृंगार में सूर्य पुत्र शनि महाराज के साथ नवग्रहो का षोडशोपचार पूजन अर्चन महाभिषेक किया। 56 भोग के साथ भव्य महोत्सव आयोजित किया। शनिधाम में विशेष पूजन, शनि महाअभिषेक, दिव्य आरती, 56 व्यंजनों के साथ, नाना प्रकार भोग अर्पित मथुरा वृंदावन से आये महाराज द्वारा निर्मित 56 प्रकार के व्यंजनों, नाना प्रकार के फलों के साथ विशेष रूप से इमरती का भोग अर्पित किया। शनिदेव की महादशा या साढ़ेसाती से परेशान जातको को शनि अमावस्या के अवसर शनि देव महाराज को कालीतिल, तेल, नींबू, काले वस्त्र, धूप दीप नैवेद्य अर्पित कर मंगल कामना के लिए भक्तों ने प्रार्थना की। भंडारे में हजारों भक्तों ने सरसों तेल से बने विशेष भोग का प्रसाद ग्रहण किया।

श्री शनि अमावस्या पर महाभिषेक पूजन अर्चन पं. सतीश महाराज, पं. अनिल मिश्रा, नितिन शर्मा, विध्येश



भापकर, नितिन भाटिया ,संजय तिवारी , शुभम तिवारी, सोनू कुररिया, राज सिंह,करण भट्टाचार्य,नितेश राजपूत, हितेश पटेल, विवेक पाण्डेय, शिवा तिवारी, अशोक साहू, गणेश साहू, विजय पटेल, ईशान शर्मा, विजय ठाकुर,राजकुमार पटेल, लक्ष्मण पटेल, गौरव सेनी, ब्रजेश कुशवाह, सिद्धांत विनायक,पद्दू उप्रीत, मनीष साहू , आशीष विश्वकर्मा सहित हजारों भक्तों ने किया।

## कुछ यादें, कुछ नगमें

**जबलपुर।** सुरपराग आर्ट एंड कल्चर संस्था एवं शहीद स्मारक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के तत्वावधान में 30 मार्च को शाम 7 बजे से कुछ यादें, कुछ नगमें कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## साहित्य सत्संग

**जबलपुर।** पाथेय संस्था के तत्वावधान में कवि विजय बागरी की तीन कृतियां पुष्प वाटिका (खण्ड काव्य), महके नेह निकुंज (दोहा सतसई) एवं कहां चली तुम बसंत बदने (गीत संग्रह) का विमोचन एवं अलंकरण समारोह 30 मार्च को शाम 4 बजे से रानी दुर्गावती कलावीथिका में आयोजित है।

# सेविंग और इन्वेस्टमेंट के समझे विकल्प




**जबलपुर, देशबन्धु।** वित्तीय साक्षरता हर वर्ग के लिए जरूरी है। खासतौर पर युवाओं को फाइनेंस, इन्वेस्टमेंट से जुड़ा नॉलेज अधिक होना चाहिए। इसी बात को ध्यान रखते हुए शनिवार को पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाकोशल में वित्तीय साक्षरता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ श्वेता नेमा ने विद्यार्थियों को बजट, बचत एवं निवेश के विकल्पों से संबंध में व्याख्यान दिया।

उन्होंने बताया कि मुद्रा एवं पूंजी बाजार क्या है। इसके साथ ही सरकार निगम, वित्तीय संस्थान, व्यक्तिगत निवेशक मुद्रा बाजार और पूंजी बाजार में लेनदेन की जानकारी दी गई।

### वित्तीय साक्षरता जागरुकता है जरूरी

कार्यक्रम में संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर गाइडेंस प्रकोष्ठ प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि युवा वित्तीय संसाधनों को बेहतर तरीके से प्रबंधित करने और आर्थिक निर्णय लेने में सक्षम है। ऐसे में वित्तीय साक्षरता जागरुकता से समाज के हर वर्ग को जुड़ना जरूरी है। कार्यक्रम में डॉ. अरुण कक्कड़, डॉ. महेन्द्र कुमार कुशवाहा, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. शैलेन्द्र भवदिया मौजूद थे।

## दैनिक राशिफल

रविवार 30 मार्च 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1946 हिजरी 1445। चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा, नक्षत्र- रेवती।

**मेष**
कम समय में अधिक लाभ पाने के विचार में आप फंस सकते हैं। कोर्ट-कचहरी के विषय में न पड़ने की सलाह आपको दी जाती है। स्थायी संपत्ति के काम भी टालना होंगे। मानसिक रूप से आप की एकाग्रता में कमी रहेगी।

**वृषभ**
गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है। कोई नए दोस्त मिल सकते हैं। व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। दोपहर के बाद रिश्तों में ज़रा संभलकर चलें।

ेक-

**मिथुन**
आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा।

**कर्क**
आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा।

**सिंह**
आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी।

**कन्या**
सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है।

**तुला**
आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

**वृश्चिक**
मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हो। विद्यार्थी आज अभ्यास और कॅरियर के मामले में सफलता प्राप्त कर सकेंगे।

**धनु**
पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। माता का स्वास्थ्य खराब रहेगा। धन और प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है।

**मकर**
आज कोई महत्वपूर्ण डिसीजन आप ले पाएंगे। मित्रों और प्रियपात्र के साथ मुलाकात सुखद होगी। कोई छोटी यात्रा का आयोजन हो सकता है।

**कुंभ**
आज क्रोध और वाणी पर संयम बरतें। नकारात्मक विचार से आपका मन दुखी हो सकता है।खान-पान में भी संयम बरतें। दोपहर के बाद आप वैचारिक स्थिरता के साथ सभी कार्यों को आसानी से पूरा कर पाएंगे।

म.

# पर्यावरण पर नए शोध ही संरक्षण में योगदान है



**जबलपुर, देशबन्धु।** गवर्नमेंट साइंस कॉलेज में शांति स्वरूप भटनागर क्लब और केमिकल सोसायटी के संयुक्त्त त्वावधान में पर्यावरण संरक्षण पर संगोष्ठी आयोजित हुई। मुख्य अतिथि डॉ. एचबी पालन ने भूमि जल एवं वायु प्रदूषण पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण से संबंधित यदि सभी तरह उपाय किए जाएं तो आसपास के वातावरण को अच्छा बनाया जा सकता है। प्राचार्य डॉ. एएल महोबिया ने कहा कि पर्यावरण जीव व प्रकृति के प्रत्यक्ष संबंध पर आधारित है, ऐसे में हम सभी का कर्तव्य है कि पर्यावरण का संरक्षण तथा संवर्धन करें। रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. शिखा सक्सेना ने कहा कि विद्यार्थी पर्यावरण चेतना संबंधी नई खोजों से जुड़कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने के लिए काम करना चाहिए। विशिष्ट वक्ता डॉ. आरके श्रीवास्तव ने कहा कि भूमि जल तथा जल के अन्य स्रोत को सुरक्षित रखना होगा। इस मौके पर कार्यक्रम प्रभारी डॉ. निमिषा कौर भामरा, डॉ. मंजुला वाजपेयी, डॉ. जया वाजपेयी, डॉ. मनीष शर्मा मौजूद थे।



# राई-बधाई और करमा नृत्य रहे खास

**जबलपुर, देशबन्धु।** इंद्रलोक परफॉर्मिंग आर्ट संस्था एवं जागृति लोक कल्याण परिषद के तत्वावधान में लोक उत्सव आयोजित हुआ। आयोजन में भवानी दास अहिरवार एवं सार्थियों ने बुंदेली लोकायन, सुष्मिता एवं समूह ने करमा नृत्य, जागृति कला मंच ने राई लोक नृत्य, निकिता एवं समूह ने कालबेलिया की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि सीमा त्रिवेदी, कार्यक्रम अध्यक्ष विनीता मिश्रा, विशिष्ट अतिथि कल्पना मिश्रा, बीना जैन, कविता पांडे रहीं।

इस मौके पर अर्पित खरे, सचिव प्रकाश मिश्रा, रागिनी तिवारी, संस्था अध्यक्ष इंद्र पांडे, अल्पना वर्मा, गायक मिठाई लाल चक्रवर्ती, कमलेश सोनी, मिथुन चक्रवर्ती मौजूद थे।

# मेले का आयोजन अभिभावकों का तिलक लगाकर किया गया स्वागत

**जबलपुर, देशबन्धु।** शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला पश्चिमी करिया पाथर जबलपुर में प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि एफ एल एन मेले का आयोजन किया गया प्रधानाध्यापिका श्रीमती छाया जैन द्वारा मेले में पधारे अभिभावकों का तिलक लगाकर माला पहनकर स्वागत किया गया। शालेय परिवार ने अभिभावकों का तिलक वंदन किया द्य प्रथम पंक्ति में रजिस्ट्रेशन का कार्य हरिश्चंद्र वर्मा एवं रॉबर्ट मार्टिन सर द्वारा किया गया। शारीरिक विकास की गतिविधि वंदना विश्वकर्मा एवं रश्मि गुप्ता द्वारा संचालित कराई गई बौद्धिक विकास की गतिविधि का संचालन श्रीमती राधा सोनकर एवं ममता श्रीवास्तव द्वारा संचालित कराया गया भाषा विकास का संचालन श्रीमती सीमा तिवारी और फरजाना बानो द्वारा संचालित कराया गया। गणित की पूर्व तैयारी श्रीमती कृष्णा रत्नाकर और राम शंकर श्रृंगी द्वारा संचालित करायीं गई।

बच्चों का कोना रिक्त है मिटन एवंअमिता केसरवानी द्वारा संचालित कराया गया समस्त शाला परिवार श्रीमती छाया जैन रॉबर्ट मार्टिन हरिश्चंद्र



वर्मा मोनिका सोनी पदमा मालवीय अमित केसरवानी मंजु लता सोनी शबनम कुरेशी पूजा सोनकर ममता श्रीवास्तव सीमा तिवारी राधा सोनकर कृष्णा रत्नाकर फरजाना बानो वंदना विश्वकर्मा रिक्त हैमिल्टन मिल्टन रश्मि गुप्ता राम शंकर श्रृंगी ने मेले में उत्साह के साथ भाग लिया सभी मेले में पधारे अभिभावकों का शालेय परिवार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## निधन

ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्‌गति दे भगवान

**श्री अशोक कुमार मेहरा-** पूर्वी घमापुर, थाने के सामने निवासी श्री अशोक कुमार मेहरा (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चंद्रकांत मिश्रा-** चुंगी चौकी लालमाटी निवासी श्री चंद्रकांत मिश्रा (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नारायण दास-** केसरी नगर मानेगांव रांझी निवासी श्री नारायण दास (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दशरथ प्रसाद ठाकुर-** गोकलपुर सेंट्रल बैंक के पीछे निवासी श्री दशरथ प्रसाद ठाकुर (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री अशोक कुमार पासी-** तिलहरी निवासी श्री अशोक कुमार पासी (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती ललिता बाई पटेल-** गंगामैया व्हीकल निवासी श्री इंद्रभान पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती ललिता बाई पटेल (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री काशीराम यादव-** करमेता शारदा नगर निवासी श्री काशीराम यादव (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति बाई बारी-** सुहागी अधारताल निवासी श्री राजेंद्र बारी की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई बारी (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री कृष्ण मोहन तिवारी-** शारदा चौक रतन नगर निवासी श्री कृष्ण मोहन तिवारी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

## सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग करते हुए असामाजिक तत्वों पर करें कठोर कार्यवाही

### आईजी ने दिये जोन के डीआईजी तथा एसपी की बैठक में निर्देश



**जबलपुर,देशबन्धु।** पुलिस महानिरीक्षक ने जोन डी.आई.जी. एवं पुलिस अधीक्षक की बैठक में आगामी त्योहारों के परिपेक्ष्य मे सर्तकता बरतने एवं सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग करने के साथ असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्यवाही के निर्देष जारी किये है।

बैठक में पुलिस महानिरीक्षक अनिल सिंह कुशवाह के द्वारा कानून व्यवस्था स्थिति की समीक्षा कर निर्देशित किया कि अगामी त्यौहार गुडी पडवा, ईद, नव रात्रि, राम नवमी, महावीर जयंती, गुड फ्रायडे के परिप्रेक्ष्य में सर्तकता बरती जावे, सोशल मीड़िया पर पैनी निगाह रखी जावे, साम्प्रदायिक सदभाव बिगाड़ने वाले अथवा धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले लोगो, असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जावे, त्यौहारों पर निकलने वाले जुलूस एवं आयोजित कार्यक्रमों के दौरान पर्याप्त पुलिस बल लगाने के निर्देश दिये गये। लंबित अनसुलझे अपराधों की समीक्षा कर हत्या, हत्या का प्रयास, के ऐसे प्रकरण जिनमे अभी तक आरोपियों की गिरफतारी नहीं हुई है उनमें अज्ञात आरोपियों की पतारसी करने, ईनाम उद्घोषणा करने, आरोपी शीघ्र गिरफतार करने तथा संपत्ति संबंधी अपराध नकबजनी, वाहन चोरी, लूट के प्रकरणों मे टीम बनाकर चोर गिरोह की पतारसी कर माल मशरूका बरामद करने के निर्देश दिए गए।

जघन्य गंभीर सनसनीखेज अपराधों में चिन्हित अपराधों की समीक्षा कर गंभीर अपराध को चिन्हित करने एवं उनमे तत्परता से विवेचना करने एवं विवेचना तथा न्यायालय विचारण मे लंबित चिन्हित अपराधों की प्रतिदिन की मॉनिटरिंग करने हेतु निर्देशित किया गया।

वर्ष 2025 में अभी तक जिलों के थानों में सक्रिय अपराधियों की समीक्षा कर नए सक्रिय अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने के निर्देश दिये है। ऑनलाइन सीसीटीएनएस पर प्राप्त समन्स वारंट की तामीली की समीक्षा कर इनमे प्रतिदिन मॉनिटरिंग कर तामीली कराने के निर्देश दिए गए।

गंभीर अपराधों में एवं आदतन अपराधियों को चिन्हित कर उनके गंभीर अपराध में माननीय न्यायालय से प्राप्त जमानत के निरस्तीकरण हेतु माननीय कार्यवाही में आवेदन लगाने, नए कानून बीएनएसएस के प्रावधानों के अनुसार जीरो एफ.आई.आर.एवं ई-एफ.आई.आर. की पुलिस अधीक्षक स्तर पर सतत समीक्षा हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में उप महानिरीक्षक छिंदवाड़ा रेंज सचिन अतुलकर, पुलिस उप महानिरीक्षक, जबलपुर रेंज अतुल सिंह, पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय, पुलिस अधीक्षक कटनी अभिजीत कुमार रंजन, पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता, पुलिस अधीक्षक पांढुर्णा सुंदर सिंह कनेश पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर श्रीमती मृगाखी डेका एवं पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा अजय पांडे उपस्थित रहें।



## कॉम्बिग गस्त में पकड़ाये वर्षो से फरार चल रहे वारंटी

**जबलपुर,देशबन्धु।** पुलिस टीम कॉम्बिग गस्त में निकली तो वर्षो से फरार चल रहे वारंटी गिरफ्त में आये। कॉम्बिग गस्त में एक दो दर्जन नहीं, 365 वारंटियों को पुलिस टीम ने पकडा है। इसके अलावा आधा सैकड़ा से अधिक शराब तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है।

### आधा सैकड़ा से अधिक शराब तस्कर पकड़े

पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय द्वारा अपराधों की रोकथाम हेतु गुंडे, बदमाशों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध उनके आपराधिक रिकार्ड को दृष्टिगत रखते हुए प्रतिदिन प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कराई जा रही है। शहर एवं देहात के थाना पुलिस द्वारा गत रात कॉम्बिग गस्त की गयी। कॉम्बिग गस्त के दौरान वारंटी एवं लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु 592 अधिकारी एवं कर्मचारियों की 81 टीमें बनाई गई थी। टीमों के द्वारा दबिश देते हुए कॉम्बिंग गश्त के दौरान कई वर्षों से फरार 132 गैर म्यादी वारिटयों एवं 145 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए तथा 88 जमानती वारंट भी तामील किए गए है।

इसी प्रकार अवैध शराब कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश देते हुये 54 आरोपियों को गिरफ्तार कर 52 लीटर कच्ची तथा 504 पाव देशी व विदेशी शराब जप्त की गयी है। इसके साथ ही कॉम्बिंग गस्त के दौरान सक्रिय गुंडे बदमाशों को चेक करते हुए देर रात आने जाने वालों से रोक-टोक पूछताछ एवं रेलवे स्टेशन तथा बस स्टैंड के साथ-साथ मुसाफिरखाना में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग की गई।

## प्रधानमंत्री और उपराष्ट्रपति के काफिले को बाधित करने का भेजा था व्हाट्सएप संदेश

### हाईकोर्ट ने कहा याचिकाकर्ता का संदेश से संबंध बताये

**जबलपुर,देशबन्धु।** पुलिस थाने में 24 घंटे से अधिक अवैध हिरासत में रखे जाने को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका प्रस्तुत की गयी थी। याचिका की सुनवाई के दौरान पुलिस विभाग की तरफ से बताया गया कि याचिकाकर्ता ने प्रधानमंत्री और उपराष्ट्रपति के काफिले को बाधित करने का व्हाट्सएप संदेश भेजा था।

प्रधानमंत्री और उपराष्ट्रपति के दौरे के दौरान वह अपनी मर्जी से पुलिस थाने में रहा था। हाईकोर्ट जस्टिस विषाल घगट की एकलपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता तथा व्हाट्सएप संदेश का संबंध प्रस्तुत करने पुलिस विभाग को तीन सप्ताह का समय प्रदान किया है। जबलपुर निवासी याचिकाकर्ता अजीत सिंह आनंद की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि गोरखपुर पुलिस ने 20 जून 2022 की सुबह लगभग आठ बजे घर से गिरफ्तार किया था। इसके बाद उसे गोरखपुर थाने ले जाकर 21 जून 2022 की सुबह 9.30 बजे तक अवैध रूप से लॉकअप में बंद रखा गया। जब उसे थाने लाया गया था उसे समय रोजनामचे में कोई एंट्री नहीं की गयी थी। दूसरे दिन छोडे जाने की एंट्री रोजनामचे में की गयी थी। याचिका में आरोप लगाते हुए कहा गया था कि पुलिस कर्मियों के द्वारा उसे 24 घंटो से अधिक अवैध हिरासत में रखा गया है। जो अवैधानिक व अपराध की श्रेणी में आता है। पुलिस विभाग की तरफ से बताया गया कि याचिकाकर्ता द्वारा एक व्हाट्सएप संदेश भेजा गया था, जिसमें कहा गया था कि वह प्रधानमंत्री और उपराष्ट्रपति के काफिले को बाधित या अवरुद्ध कर सकता है। ऐसा नहीं करने उसे पुलिस थाने में बुलाया गया। वह प्रधानमंत्री और उपराष्ट्रपति के दौरे के दौरान अपनी मर्जी से पुलिस थाने में रहा। याचिकाकर्ता के खिलाफ 25 आपराधिक मामलों का भी रिकॉर्ड है। पुलिस विभाग व कर्मियों ने कानून के अनुसार अपना कर्तव्य निभाया था। लोकतांत्रिक देश में प्रदर्शनकारी विरोध कर सकते हैं, लेकिन वे प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल को बाधित नहीं कर सकते। याचिकाकर्ता ने सुनवाई के दौरान निजी मोबाइल से इस प्रकार का व्हाट्सएप संदेश करना अस्वीकार कर दिया। अनावेदकों की तरफ से याचिकाकर्ता तथा व्हाट्सएप संदेश का संबंध प्रस्तुत करने समय प्रदान करने का आग्रह किया गया। एकलपीठ ने आग्रह को स्वीकार करते हुए तीन सप्ताह का समय प्रदान किया गया। याचिकाकर्ता ने अपना पक्ष स्वयं रखा।

### समयमान वेतनमान पर ले निर्णय : हाईकोर्ट

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने एक याचिका का इस निर्देश के साथ निराकरण कर दिया कि चतुर्थ समयमान वेतनमान पर 90 दिन के भीतर निर्णय लें। सीहोर निवासी सेवानिवृत्त सहायक शिक्षक महेश प्रसाद सेन सहित अन्य की ओर से अधिवक्ता वंदना त्रिपाठी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ताओं ने नियुक्ति तिथि से 35 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली है। इसके बावजूद मप्र शासन, वित्त विभाग, भोपाल के 19 अगस्त, 2023 के परिपत्र के कारण चतुर्थ समयमान वेतनमान का लाभ नहीं दिया जा रहा है। चूंकि याचिकाकर्ताओं के समकक्ष अन्य कर्मियों को सात दिसंबर, 2023 को चतुर्थ समयमान वेतनमान का लाभ प्रदान किया जा चुका है, अतः याचिकाकर्ताओं को भी दिया जाये । उनका अभ्यावेदन लंबित है। हाईकोर्ट ने तर्क से सहमत होकर जिला शिक्षा अधिकारी सीहोर को 90 दिन के भीतर निर्णय लेने के निर्देश दिये है।




### कटंगा स्थित जमीन पर सेना के हस्तक्षेप पर रोक

#### हाईकोर्ट में अगली सुनवाई 23 अप्रैल को

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने कटंगा स्थित तीन एकड़ जमीन में निर्माण कार्य में सेना और रक्षा संपदा अधिकारी द्वारा किसी भी तरह का हस्तक्षेप करने पर रोक लगा दी। जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने कहा यदि ऐसा होता है तो उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाएगी। एकलपीठ ने मामले पर अगली सुनवाई 23 अप्रैल को नियत की है। दरअसल, रक्षा संपदा अधिकारी और ग्रेनेडिर्यस रेजिमेंटल सेंटी के कमांडेंट की ओर से हाईकोर्ट में पुनरीक्षण याचिका दायर की गई है। कल्याणकारी गृह निर्माण सहकारी समिति के अध्यक्ष एसआर पाठक की ओर से अधिवक्ता कपिल दुग्गल ने कोर्ट को बताया कि सिविल कोर्ट द्वारा उनके पक्ष में डिक्री पारित करने और हाईकोर्ट द्वारा उस पर मुहर लगाने के बावजूद सेना उन्हें निर्माण कार्य करने से रोकती है। बताया गया कि विगत 21 फरवरी को सेना के अधिकारियों ने निर्माण स्थल पर आकर तोडफ़ोड़ कर दी थी और अपना टाइटल बोर्ड लगा दिया था। जिसके बाद न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये है।

### चेक बाउंस पर एक साल की सजा, साढ़े 28 लाख का जुर्माना

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी डॉ गौरव गर्ग की अदालत चेक बाउंस के आरोपी कुंडम निवासी शेख रफीक का दोषी करार दिया है। इसी के साथ एक वर्ष के कारावास की सजा सुना दी। इसके साथ ही 28 लाख 56 हजार रुपये का जुर्माना भी लगा दिया। परिवादी गोरखपुर निवासी जबर चंद चोपड़ा की ओर से अधिवक्ता सतपाल जायसवाल व मौसम पासी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपी ने परिवादी से कर्ज लिया था। जिसकी अदायगी के लिए जारी चेक बैंक में जमा करने पर खाते में अपर्याप्त राशि होने के कारण बाउंस हो गया। इसकी जानकारी देने पर भी कोई कदम नहीं उठाया गया। जिसके बाद सूचना पत्र भेजा गया। जब कोई नतीजा नहीं निकला तो अदालत में परिवाद दायर कर दिया गया। पूरे मामले का अवलोकन करने के बाद न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

### पंचायत सचिव के निलंबन का आदेश निरस्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट के जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने रीवा जिले की ग्राम पंचायत करहिया के ग्राम सचिव को जिला पंचायत सीईओं द्वारा निलंबित किये जाने के आदेश को निरस्त कर दिया है। यह मामला ग्राम सचिव रामयस साकेत की ओर से दायर किया गया था। जिनकी ओर से अधिवक्ता गोपाल सिंह बघेल ने बताया कि जिला पंचायत सीईओं रीवा ने 16 अगस्त 2024 को याचिकाकर्ता बिना किसी नोटिस के राजनीतिक दवाब व द्वेष भावना के चलते निलंबित कर दिया गया। इतना ही नहीं उसे कोई सुनवाई का अवसर भी नहीं दिया गया। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने सीईओं के निलंबन आदेश को निरस्त कर दिया।

#### हाईकोर्ट ने समझा याचिकाकर्ता का दर्द

शहर के समीप के किसी एक स्कूल में पदस्थापना दिये जाने के निर्देश जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने एक विकलांग महिला शिक्षिका के दर्द को समझते हुए कहा है कि याचिकाकर्ता की विकलांगता को मद्देनजर उसके द्वारा अभ्यावेदन में दर्शाये गये स्कूलों में से किसी एक में उसकी पदस्थापना शहर के समीप के स्कूल में की जाये। यह मामला प्राथमिक शिक्षक अभिलाषा साहू की ओर से दायर किया गया था। जिनकी ओर से अधिवक्ता गोपाल सिंह बघेल ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि 16 फरवरी 2024 को आवेदक को कतिपय कारणों से निलंबित किया गया था और उसके 18 जून 2024 को उसे बहाल किया गया, लेकिन उनका स्थानातंर्गरा 95 किमी. दूर प्राथमिक शाला हरदा पत्थर संकुल केन्द्र नंदन विकासखंड जुन्नारदेव में किया गया। इतना ही नहीं बहाली का आदेश छह माह बाद 18 नवंबर 2024 को व्हाट्सएप में भेजा गया। जिस पर आवेदक ने अनावेदकों को अभ्यावेदन देकर शहर छिंदवाड़ा शहर के नजदीक के तीन से चार स्कूलों में पदस्थापना किये जाने का आवेदन दिया, जिसमें बताया गया कि वह विकलांग है और उनके दो बच्चें भी है, इतनी दूर पदस्थापना से उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा, लेकिन आयुक्त ने 13 फरवरी 2025 को उनका अभ्यावेदन निरस्त कर दिया। जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई है। जिस पर न्यायालय ने नरमी बरतते हुए आवेदिका को छिंदवाड़ा शहर के समीप के किसी एक स्कूल में पदस्थ किये जाने का राहतकारी आदेश दिया।

### गैंगरेप के आरोपियों को 20 साल का कारावास न्यायालय ने दो-दो हजार का अर्थदंड भी लगाया

**जबलपुर,देशबन्धु।** न्यायालय ने किशोरी के साथ गैंगरेप करने वाले दो आरोपियों को सजा से दंडित किया है। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) 12वें अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती अभिलाषा एन. मवार ने दोनों आरोपियों को 20-20 साल के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया।

न्यायालय ने आरोपियों को दो-दो हजार रुपये के अर्थदंड की सजा से भी दंडित किया है। सरकार की तरफ उपस्थित लोक अभियोजक ने न्यायालय को बताया कि गोलू उर्फ विनोद चौधरी उम्र 30 वर्ष निवासी चौधरी मोहल्ला भान तलैया, बेलबाग, 2. गगन पासी उम्र 24 साल निवासी कृपाल चौक थाना गोरखपुर ने पीड़ित किशोरी के साथ गैंगरेप किया था। जिसकी रिपोर्ट पीड़ित के द्वारा 13 मार्च 2021 को गोरखपुर थाने में दर्ज करवाई गयी थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा-376, 376 ए बी, 506 ताहि, 3,4, 5 एम, 6 पाक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया था। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में चालान पेष किया था। प्रकरण की सुनवाई के दौरान अभियोजन की तरफ से पेष किये गये साक्ष्य,गवाह तथा मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर न्यायालय ने आरोपियों को विभिन्न धाराओं के तहत दोषी करार दिया। न्यायालय ने दोनों आरोपियों को पास्को एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत अधिकतम 20 साल के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। उक्त सजा से दंडित किया। प्रकरण की पैरवी जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री अजय जैन के मार्गदर्शन में विशेष लोक अभियोजक श्रीमती मनीषा दुबे के द्वारा की गई।

## जिला शिक्षा अधिकारी हाजिर होकर स्पष्टीकरण दें

### अवमानना याचिका पर हाईकोर्ट के निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस एके सिंह की एकलपीठ ने पूर्व आदेश की नाफरमानी पर जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर घनश्याम सोनी को हाजिर होकर स्पष्टीकरण पेश करने के निर्देश दिये हैं। मामले की अगली सुनवाई आठ अप्रैल को नियत की गई है।

अवमानना याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी सेवानिवृत्त शिक्षिका मुन्नी जैन, कोमल प्रसाद, राजकुमारी, कृपाल सिंह, विष्णु गिरि गोस्वामी व लखनलाल झारिया की ओर से अधिवक्ता अनिरुद्ध पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि तीन सौ दिन का अर्जित अवकाश भुगतान नहीं किया गया था। जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई है। सुनवाई के बाद राहतकारी आदेश पारित किया गया। इसके बावजूद जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर ने मनमानी करते हुए आदेश का पूर्ण पालन सुनिश्चित नहीं किया। जिससे व्यथित होकर अवमानना याचिका दायर की गई है।

न्यायालय ने जिला शिक्षा अधिकारी को अर्जित अवकाश के संपूर्ण रिकॉर्ड सहित हाजिर होने के निर्देश दिये है।

## जेल से छूटकर आये युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

### कोतवाली प्रताप धर्मकांटा के पास वारदात

**जबलपुर,देशबन्धु।** जेल से छूटकर आये एक युवक को प्रताप धर्मकांटा के पास मेघराज चौधरी नामक युवक ने रोका और पुरानी रंजिश को लेकर उस पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे युवक के पेट, कमर, सीना व पीठ में गंभीर चोटें आई है। जिसे उपचार के लिये मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

अस्पताल पहुंची पुलिस को पंजाब बैंक कालोनी निवासी 21 वर्षीय अभिषेक अहिरवार ने बताया कि वह ऑटो चलाता है। एक पुराने मामले में विगत दिवस जेल से छूटकर बाहर आया है। जिसके बाद अपने साथी प्रिंस चौबे व शिवा यादव के साथ एक्टिवा से दमोहनाका होते हुए अपने घर जा रहा था। जैसे ही वे प्रताप धर्मकांटा के पास पहुंचे तो मेघराज चौधरी मिला, जिसने रुकने का इशारा किया। जैसे ही अभिषेक ने गाड़ी रोकी तो मेघराज ने आकर कहा कि जेल से तो छूटकर आ गया है, लेकिन घर नहीं जाने दूंगा और उस पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे मौके पर भगदड़ की स्थिति निर्मित हो गई। भीड़ एकत्रित होता देख आरोपी मौके से भाग निकला। जिसके बाद गंभीर रूप से घायल अभिषेक अहिरवार को मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।

## सूने घर का ताला तोड़कर जेवर और नगदी चुरा ले गये चोर

### मझौली के ग्राम सरौदा में वारदात

**जबलपुर,देशबन्धु।** मझौली थाना अंतर्गत ग्राम सरौदा के एक सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने-चांदी के जेवर और नगदी चुरा ले गये। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

पुलिस ने बताया कि ग्राम सरौदा निवासी 48 वर्षीय विजय सिंह राजपूत रांझी स्थित अंग्रेजी शराब दुकान में काम करता है। गांव में उसकी पत्नी व बच्चे रहते है। 24 मार्च की दोपहर उनकी पत्नी दोनों बच्चों को लेकर मायके चली गई थी, घर में ताला लगा हुआ था। बीते दिवस जब वह पत्नी व बच्चों को लेकर घर वापस पहुंचा तो देखा जीना के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अंदर सामान बिखरा हुआ था। अलमारी में रखे सोने चांदी के जेवर सोने की चैन, एक जोड़ी बाला, 6 नथ, चांदी की एक जोड़ी पायल, 20 नग चूड़ी तथा नकदी 12 हजार रुपये गायब थे। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## मेडिकल कॉलेज से गायब हो गया ई रिक्शा

**जबलपुर,देशबन्धु।** ई-रिक्षा चालक सवारी को लेकर मेडिकल अस्पताल गया था। रिक्षा चालक सवार को वार्ड के अंदर छोड़ने चला गया। वापस आकर देखा तो ई-रिक्ष गायब था। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसके संबंध में पतासाजी प्रारंभ कर दी है।

थाना गढा से प्राप्त जानकारी के अनुसार छोटू बेन उम्र 27 वर्ष निवासी मरही माता मंदिर के पास हनुमानताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि ई रिक्शा चलाने का काम करता है। अपने ई रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेडपी 1587 से सिंधी केम्प से सवारी छोड़ने के लिये एक्सीलेंस न्यूरो सर्जरी नई बिल्डिंग मेडिकल कालेज आया था तथा वहीं पर सामने अपना ई रिक्शा खड़ा कर सवारी को अंदर वार्ड तक छोड़ने चला गया था अंदर से वापस आकर देखा उसका ई रिक्शा गायब था कोई अज्ञात चोर उसका ई रिक्शा कीमती लगभग 90 हजार रूपये का चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## पलंग से गिरा मासूम,मौत

**जबलपुर,देशबन्धु।** दो साल का मासूम पलंग से गिर गया था। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। उपचार के दौरान बालक की मौत हो गयी। पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को विवेचना में लिया है।

ओमती पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार चार दिन पहले नया मोहल्ला निवासी नायब खान का भतीजा ताहिर खान उम्र 2 साल पलंग से गिर गया था। जिसके कारण उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती किया गया था। उपचार के दौरान बालक की मृत्यु हो गयी। किशोरी की मौत-पनागर थानान्तर्गत इमलई मोड़ ग्राम देवरी निवासी गुलाब बंशकार बेटी महक वंशकार उम्र 17 वर्ष को काफी दिनों से सिर में दर्द रहता था। दरम्यानी रात महक को उल्टी एवं सिर में दर्द होने से इलाज हेतु मेडिकल कालेज मे भर्ती कराया था। उपचार के दौरान किशोरी की मृत्यु हो गयी। पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को विवेचना में लिया है।

## शराब के अवैध कारोबार से जुड़े तीन आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर,देशबन्धु।** रांझी पुलिस ने तीन अलग-अलग स्थानों में कार्यवाही करते हुए शराब के अवैध कारोबार से जुड़े तीन आरोपियों को दबोचा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक एक्सिस वाहन जब्त करते हुए दो सौ पाव देशी शराब जब्त की है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शांति नगर सामुदायिक भवन के पास दबिश दी गई। जहां एक्सिस वाहन से एक लड़का आते हुए दिखा। जिसे घेराबंदी कर दबोचा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रिछाई निवासी 25 वर्षीय किशन कोल बताया। पुलिस ने एक्सिस वाहन से बरामद बैग से 75 पाव देशी शराब बरामद की। पुलिस ने शराब व एक्सिस वाहन क्रमांक एमपी 20 जेड टी-1941 को जब्त किया। इसी प्रकार पुलिस ने बापूनगर सामुदायिक भवन के पास से 42 वर्षीय राजू सोनकर को हिरासत में लिया। जिसके पास से पुलिस ने 65 पाव देशी शराब बरामद की। तीसरी कार्यवाही इंदिरा नगर में धोबी घाट खंडहर क्वॉटर में दबिश दी गई। जहां से पुलिस ने 23 वर्षीय नितिन यादव को हिरासत में लिया। जिसके पास से पुलिस ने 60 पाव देशी शराब जप्त की। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की।

# चैत्र नवरात्र आज से, सज गए मातारानी के दरबार

## बंजारी माता, बड़ी मढ़िया, रामजानकी मन्दिर गांधीग्राम में आज से धार्मिक आयोजनों की धूम



**गांधीग्राम, देशबन्धु।** चैत्र नवरात्र के प्रारम्भ के धार्मिक नवदिवस की पावन बेला का शुभारम्भ आज मातारानी की भक्ति के साथ प्रारम्भ होगा।इस कड़ी में आज प्रारम्भिक दिवस से मातारानी के साँचे दरबार में क्रमशः बंजारी माता मन्दिर में मातारानी को सुंदर आभूषणों से सुसज्जित किया जायेगा। भक्तो की आस्था व विशवास का केंद्र माँ बंजारी का उदगम स्थल करदही नदी है। नदी के पानी में पड़ी माँ बंजारी की स्थापना ग्राम के स्व. चन्दन सिंह गौर ने 1956 में करायी थी।माँ बंजारी माँ नवदुर्गा के नवविविध स्वरूपों में से एक है। पौराणिक मान्यता अनुसार माँ बंजारी की मूर्ति में राक्षसराज शुम्भ निशुम्भ से माँ बंजारी को युद्ध के लिए ललकारा था।क्रोधित होकर माँ युद्ध के लिए दौड़ी तो राक्षस राज शुम्भ व निशुम्भ गिरी कन्दरा में प्रवेश कर गए। मातारानी व् राक्षसराज शुम्भ निशुम्भ का भीषण युद्ध हुआ।

मातारानी ने राक्षस राज का वध कर वापस लौटी माँ के वापस विजयी मुद्रा का गिरी कन्दरा के अंदर स्वरूप मातारानी की मूर्ती में द्रष्टव्य है। क्षेत्र में शक्तिपीठ के रूप में स्थापित उक्त मन्दिर में नवरात्रि के अवसर पर माँ के दर्शनाथ व् पूजन की उत्तम व्यवस्था मन्दिर समिति के अध्यक्ष अरविंद सिंह गौर, पुजारी हरि प्रसाद तिवारी,व्यवस्थापक बसंत तिवारी,प्रकाश मिश्रा, सोनू कुररिया, व मन्दिर समिति द्वारा की गयी है।

रामजनकी मन्दिर गांधीग्राम में अष्टधातु निर्मित राम जानकी की मूर्तियो की नयनाभिराम प्रतिमा व दूधिया संगमरमर की चतुर्भुजी माँ की प्रतिमा को स्वर्णाभूषणो से सुसज्जित किया गया है। मंदिर समिति अध्यक्ष प्रताप सिंह बघेल ने बताया कि पूजारी पुनीत तिवारी वा समिति द्वारा नव दिवसों तक लगातार मातारानी की आरती पूजन किया जाएगा।

### चैत्र नवरात्र प्रारंभद्व, बरेला शारदा मंदिर में भक्तों का लगेगा तांता



**बरेला, देशबन्धु।** शारदा मंदिर में चैत्र नवरात्रि प्रारम्भ होते ही मन्दिर में श्रद्धालुओ को देखते हुए सम्पूर्ण व्यवस्था का जैसे शुद्ध पेय जल, लाइट व्यवस्था, रास्ते में श्रद्धालुओ को छाया लिए सेट की व्यवस्था शारदा मंदिर व्यवस्थापक पण्डित आशीष शुक्ला, अभय शुक्ला एवम् परिवार के द्वारा श्रद्धालुओ को ध्यान में रखते हुए की गई है।

माता के दर्शन का समय सुबह 5 बजे से रात्री 12 बजे तक पट खुले रहेंगे है सभी श्रद्धालु माता रानी के दर्शनो का लाभ उठा सकते है नवरात्री के दौरान पूरे 9 दिन तक कोई भी वाहन उपर मन्दिर ले जाना सक्त मना है वह नीचे अपनी गाड़ी खडी कर पैदल ही माता रानी के दर्शनो का पुण्य लाभ उठाए ।

## चलते हार्वेस्टर के पीछे से ट्रक ने मारी टक्कर, दोनों वाहन सड़क किनारे गड्ढे में पलटे

**सिहोरा, देशबन्धु।** भीषण भिड़ंत के बाद चालकों को मामूली चोट आई है जबकि तेज भिड़ंत वाले हादसे में ट्रक तेजी से चलते हुए हार्वेस्टर को टक्कर मारकर घसीटते हुए अपने साथ ले गया और दोनों फोरलेन के किनारे गहरे गड्ढे में जाकर पलट गए। सिहोरा थाना के मोहसाम और मनसकरा पुलिया के बीच फोरलेन में शनिवार तड़के करीब 5 बजे हार्वेस्टर कटनी तरफ जा रहा था तभी पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मारते हुए हार्वेस्टर को घसीटते हुए दोनों वाहन सड़क किनारे गड्ढे में जाकर पलट गए। इस घटना में ट्रक चालक और क्लीनर को चोटें आईं है जबकि हार्वेस्टर का सिर्फ पिछला हिस्सा छतिग्रस्त हुआ है वहीं ट्रक का सामने का हिस्सा बुरी तरह से छतिग्रस्त हुआ है जिसे देखकर हर कोई अचंभित है क्योंकि वाहनों की स्थिति देखकर यही अनुमान लगाते हैं कि बड़ा हादसा हुआ।

## अभद्र टिप्पणी से नाराज करणी सेना ने फूंका पुतला

**गोसलपुर, देशबन्धु।** राज्यसभा सांसद सपा नेता रामजीलाल सुमन के द्वारा संसद में वीर शिरोमणि राणा सांगा जी के लिए की गई अभद्र टिप्पणी करने के विरोध में गोसलपुर बस स्टैंड मे करणी सेना के सदस्यों ने सपा नेता का पुतला दहन कियाइस मौके पर पप्पू चौहान गनपत चौहान अभिषेक सिंह नरेंद्र सिंह गोविंद सिंह राजेंद्र सिंह आदर्श चौहान विक्रम सिंह शनि सिंह गन्नू बिट्टू छोटू भूपेंद्र चिक्की अमित,अमन सिंह, आदित्य सिंह, दीपू सहित करणी सैनिक मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### रमजान का अलविदा जुमा जामा मस्जिद शहपुरा में अदा किया

**शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** पवित्र माह रमजान का अलविदा जुमा जामा मस्जिद शहपुरा में अदा किया गया। समस्त मुस्लिम समाज ने इस मौके पर देश की शान्ति सद्भाव की दुआ मांगी। हसनी हुसैनी सोसायटी शहपुरा मानव सेवा समिति ने सेहरी ए आम का आयोजन किया, जिसमें सोसायटी शहपुरा अध्यक्ष शेख़ शाहिद, जनाब जलाल भाई, सचिव साजिद खान, सोनू भाई, नवीन भाई, आशिक चाचा, समीर, यूनिस, आशिफ ताज, अकरम भाई, गोलू, राशिद, साबिर, यासीन आदि उपस्थित थे।

### स्वच्छता की बात अपना के साथ कार्यशाला आयोजित

**बरेला, देशबन्धु।** नगर परिषद बरेला के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 ओडीएफ प्लस-प्लस, जीएफसी, स्टार रेटिंग हेतु आवश्यक तैयारियों हेतु संचालनालय से प्राप्त निर्देशानुसार स्वच्छता की बात अपना के साथ, सह-क्षमतावर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें सफाई मित्रो को स्वच्छता/सफाई एवं सुरक्षा से संबंधित निर्देशों के साथ ही नगर को स्वच्छ, सुंदर बनाने विचार साझा किए गए, साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन, बेहतर प्रदर्शन अपने कार्य को जिम्मेदारी से करने वाले सफाई मित्रो को अध्यक्ष प्रतीक दुबे, उपाध्यक्ष सोनम सोनू सोनकर के साथ समस्त पार्षदगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी,उपयंत्री नोडल अधिकारी, स्वच्छता प्रभारी, सफाई प्रभारी एवं निकाय के सभी अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### मेरेडियन स्कूल का 5वीं, 8वीं उत्कृष्ट प्रदर्शन

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** विकासखण्ड सिहोरा अंतर्गत हिन्दी, अंग्रेजी माध्यम के उत्कृष्ट विद्यालय में शुमार एस एस मेरेडियन स्कूल गांधीग्राम ने प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी बोर्ड पैटर्न पर ली गई 5वीं, 8वीं की वार्षिक परीक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय की प्राचार्य अंकिता अग्रवाल ने बताया 5 वीं में 45 में से 37 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में और 8 वीं में 48 में से 38 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की है।8 वीं की छात्राओं में क्रमशः जागृति पटेल 93.17 प्रतिशत, अनुष्का तिवारी ने 92.5 प्रतिशत, प्रांजल पटेल 89 प्रतिशत, इसी प्रकार 5 वीं में भावना तिवारी 93 प्रतिशत, सृष्टि असाटी 89 प्रतिशत, माधुरी पटेल ने 87 प्रतिशत अंकों के साथ शाला में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए हैं। एस एस मेरेडियन स्कूल गांधीग्राम के संचालक प्रताप सिंह बघेल ने विद्यालय प्राचार्य अंकिता अग्रवाल के कुशल दिशा निर्देशन,शाला शिक्षकों के नियमित और सुचारू अध्यापन कार्य की सराहना की है।

### नव वर्ष के उपलक्ष में नगर भ्रमण करेगा जुलूस, देगे एक दूसरे को शुभकामनाएं

**गोसलपुर, देशबन्धु।** आज हिंदू नव वर्ष एवं चैत्र नवरात्र के प्रारंभ होने के उपलक्ष्य में हर साल की भांति गोसलपुर नगर के समस्त हिंदू धर्मा लंबियों द्वारा एक पैदल जुलूस निकला जाएगा जो शंकर कॉलोनी पर स्थित शिव जी के मंदिर से प्रारंभ होकर बाबा रामदास मंदिर हनुमान मंदिर बड़ी खेर माता छोटी खेर माता शिवघाट मंदिर सहित नगर के सभी मंदिरो देवालयो मे पहुंचकर पूजन अर्चन किया जावेगा एवं जुलूस का समापन रामसागर जलाशय के तट पर स्थित राधा कृष्ण कुटी मंदिर पर होगा जुलूस नगर भ्रमण करेगा।

इसी माध्यम से सभी हिंदू धर्मालंबी एक दूसरे के गले मिलकर तिलक बंदन कर नववर्ष की शुभकामनाएं एक दूजे को प्रेषित करेंगे वहीं लोगों द्वारा हिंदू नव वर्ष व चैत नवरात्र को लेकर मंदिरों में विशेष सजा रंग रोगन रंगोली तोरण दूर सहित अनेक प्रकार से सुजज्जित किया गया है साथ ही नगर के प्रमुख मार्गो में भगवा ध्वज भी लगाए जा रहे है।

### बसंती विश्वकर्मा का निधन



पनागर, देशबन्धु। जयप्रकाश वार्ड देवरी कलां निवासी स्व. देवेंद्र विश्वकर्मा की धर्मपत्नी बसंती विश्वकर्मा का 63 वर्ष की आयु में निधन हो गया( आप जितेंद्र विश्वकर्मा, रवि विश्वकर्मा की भाभी,सौरभ विश्वकर्मा, आकाश विश्वकर्मा की बड़ी मां थी अंतिम संस्कार शनिवार सुबह 10 बजे पड़ाव स्थित शमशान घाट मे किया जायेगा।



## महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की बैठक का आयोजन

**पनागर, देशबन्धु।** शासकीय कला महाविद्यालय पनागर जनभागीदारी समिति की बैठक श्रीमान गोवर्धन खेटपाल, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष की अध्यक्षता एवं डॉ. पी. के. जैन प्राचार्य के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। बैठक के आरंभ में अवधेश दुबे प्रभारी जनभागीदारी समिति ने बैठक में लिये गये प्रस्तावों से जनभागीदारी समिति के सदस्यों को अवगत कराया। तत्पश्चात महाविद्यालय विकास के विभिन्न प्रस्ताव जैसे- साइकिल स्टैंड सेट, सोलर पैनल, ऑडिटोरियम निर्माण, महाविद्यालय में कैंटीन संचालक एवं अन्य प्रस्तावों पर सभी की सहमति से पास किया गया। समस्त जनभागीदारी सदस्यों ने अपने स्वयं के व्यय पर महाविद्यालय में सरस्वती जी की मूर्ति स्थापना हेतु अपनी सहमति प्रदान की। बैठक के पश्चात समस्त जनभागीदारी सदस्यों ने महाविद्यालय में हुये निर्माण कार्य, कम्प्यूटर लेब, ग्रंथालय का भ्रमण तथा इंडोर जिम का अवलोकन किया। बैठक के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. के. जैन ने सभी का आभार प्रदर्शन किया।

## टैक्स राशि घोटाला : सोमेश गुप्ता पर एफआईआर दर्ज

- असली मास्टर माइंड कब होंगे बेनकाब, रसूख के आगे ठंडी पड़ी जांच



निकाय के दैवेभो कर्मी पर संपत्तिकर, जलकर की राशि के गमन का आर[illegible]

जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं होने से करदाता परेशान

पाटन, देशबन्धु। मार्च के महीने में शासन प्रशासन पूरी मुस्तादी से संपत्तिकर,जलशुल्क एवं अन्य लेनदारियों की वसूली के लिए पूरे सरकारी अमले को तैनात करता है वही पिछले डेढ़ दशक से पाटन निकाय के जिम्मेदारों द्वारा संपत्तिकर, जल शुल्क एवं अन्य कर के रूप में मिले 54 लाख रुपए की राशि वार्ड-वासियों से वसूल करके उनको निकाय की फर्जी रसीद धमाकर निकाय के खजाने में जमा नहीं हुई। उक्त राशि के गमन का [illegible] निकाय क्षेत्र में रहने वाले पीड़ित जब अपनी शिकायत लेकर सीएमओ के पास जा रहे हैं तो मैडम उन्हें थाने में शिकायत करने की नसीहत देती हुई नजर आती है।

ये है मामला

प्राप्त जानकारी के अनुसार गोविंद ठाकुर निवासी वार्ड नंबर 15 पाटन ने संपत्तिकर की राशि जमा करने की डिमांड निकाय के दैनिक वेतनभोगी कर्मी सोमेश गुप्ता के द्वारा की गई तब श्री ठाकुर ने निकाय कर्मी के कहने पर प्रियंका गुप्ता के फोनपे पर 11 जनवरी को आठ हजार रुपए की राशि ट्रांसफर की इसके बाद निकाय कर्मी ने पच्चीस [illegible] उतनी ही राशि निकाय के खजाने में जमा करनी पड़ी। जब पीड़ित इसकी शिकायत लेकर सीएमओ श्रीमति जयश्री चौहान के पास गया तो मैडम ने बोला आपने क्यों कंप्यूटर ऑपरेटर सोमेश गुप्ता की बात का भरोसा करके उसके कहने पर प्रियंका गुप्ता को आठ हजार रुपए की राशि ट्रांसफर कर दी और सोमेश को पच्चीस सौ रुपए नकद देने से पहले निकाय के अधिकारियों से बात क्यों नहीं की, वो तो हम लोगों की भी बात नहीं सुन रहा है तो तुम्हारी बात क्या सुनेगा? उसने निकाय के सैकड़ों करदाताओं से मिले 21 लाख 63 हजार रुपए की राशि का [illegible] किया है हम भी उसका कुछ नहीं [illegible] रहे है। हम उसकी पुलिस में [illegible] करने वाले हैं तुम चाहो तो [illegible] थाने जा कर उसकी शिकायत [illegible]। वही निकाय के कई पार्षदगण 54 लाख रुपए के गमन का आरोप लगा रहे है। अब सवाल उठता है कि राजस्व अधिकारी की आईडी से ही यह सारा खेल खेला गया है वह तो छोटा सा कंप्यूटर ऑपरेटर था इसका काम पैसा लेकर रसीद जारी करना और उन जारी रसीदों को कंप्यूटर में एंट्री करने तक ही उसका काम सीमित था।

इसके साथ ही सीएमओ,राजस्व अधिकारी और निकाय का ऑडिट करने वाली टीम को इस गमन की फनक क्यों नहीं लगी क्या इस गमन में सिर्फ दैनिक वेतनभोगी कर्मी सोमेश गुप्ता की बलि देने की कोशिश की जा रही है। शासन प्रशासन को चाहिए कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करके इस सनसनी खेज गमन कांड के सभी बड़े मगरमच्छों के नाम उजागर करने चाहिए, क्योंकि सरकार ने जनता जनार्दन से वादा किया था [illegible] खाऊंगा ना खाने दूंगा भ्रष्टाचा[illegible] सबसे अहम मुद्दा था.यानी ना भ्रष्ट होंगे ना अपने इर्द-गिर्द होने देंगे। अब देखना होगा [illegible] जिम्मेदार इस मामले प[illegible] कार्यवाही करते है।

इनका कहना

जब इस संबंध में निकाय [illegible] से बात की गई तो उन्होंने ब[illegible] में अभी क्षेत्रीय विधयक के [illegible] में हू अभी थोड़ी देर से आ[illegible] करती हूं। वही इसी मामले में [illegible] बताया था कि निकाय कर्मी [illegible] गुप्ता मामले की जांच चल रही [illegible] ही पुलिस में इसकी शिका[illegible] जाएगी।

जयश्री चौहान, सीएम[illegible] परिषद पाटन जिला [illegible]

देशबन्धु खबर का असर

**पाटन, देशबन्धु।** नगर के गलियारों में खबर है कि इस पूरे खेल में पूर्व सीएमओ, उपयंत्री, टैक्स अधिकारी,अकाउंट सेक्शन के जिम्मेदारों सहित निकाय का आडिट करने वाली टीम के अधिकारी भी बराबर के दोषी है। 3-4 महीने पहले जैसे ही घोटाला उजागर हुआ तो इस मामले को जिम्मेदारों ने रफा दफा करने की भरपूर कोशिश की लेकिन मीडिया में उक्त मामला आने से क्षेत्रीय विधायक ने मामले को संज्ञान में लेते हुए सीएमओ को जमकर फटकार लगाई और जिम्मेदारों को संबधित व्यक्ति पर मामला दर्ज करने के निर्देश दिए तब जाकर 27 मार्च दिन गुरुवार को पाटन पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत सिर्फ सोमेश गुप्ता पर मामला दर्ज किया है।

**ये है मामला-** जानकारी के अनुसार पिछले डेढ़ दशक से पाटन निकाय के जिम्मेदारों के द्वारा संपत्ति और जलकर की राशि वसूल करके उनको निकाय की फर्जी रसीद धमाकर उक्त राशि को निकाय के खजाने में जमा नहीं कराकर आपस में बंदरबाट कर लिया। वर्तमान सीएमओ श्रीमति जयश्री चौहान ने पूर्व में बताया था कि नगर के करदाताओं से मिले 21 लाख 63 हजार की राशि का गमन हुआ है। जबकि सत्ताधारी पार्षदगण 54 लाख रुपए के गमन का आरोप लगा रहे है। वही पाटन थाने से मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 27/03/2025 को दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी,थापक वार्ड निवासी सोमेश गुप्ता पर 1808842 लाख रुपए की शासकीय राशि गमन करने के मामले पर 338,336,340,318,316 धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

## प्रशासनिक अधिकारियों को शहर की ज्वलंत समस्याओं से सरोकार नहीं

- अनेक बार मांग करने के बाद भी नहीं हटीं मांस, मछली की दुकान

**सिहोरा, देशबन्धु।** नगर के मुख्य विभाग में पदस्थ प्राशसनिक अधिकारियों को लगता है शहर की अनेक ज्वलंत समस्याओं से कोई सरोकार नहीं तभी तो खितौला रेलवे फाटक के पास खुली मांस मछली की दुकानों को लोगों द्वारा अनेक बार मांग करने बावजूद अभी तक न हटाया जाना इस बात का प्रमाण है।जबकि हिन्दुओं के प्रमुख त्यौहार चैत्र नवरात्र पर्व की एक दिन बाद शुरुआत हो रही है।

सिहोरा के खितौला रेलवे फाटक के पास पुराने थाने के बाजू से कुछ लोगों द्वारा अस्थाई कब्ज़ा कर धड़ल्ले से मछली एवं मुर्गे की दुकाने संचालित की जा रही है। जिसमे शाम होते ही शराब पीने वालों का



खुलेआम जमावड़ा लगने लगता है। जिससे स्थानीय रहवासियों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। और महिलाओं एवं बच्चों में दहशत का माहौल है। लेकिन स्थानीय निकाय एवं प्रशासन को इस समस्या से अवगत कराने के बाद भी इन्हें हटाया नहीं गया है प्रशासन ने सिर्फ औपचारिकतायें पूर्ण कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली इन अवैध मछली मांस विक्रेताओं को हटाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाये गए हैं। जिसमें आमलोगों में आक्रोश व्याप्त है तथा प्रशासन के खिलाफ लोगों ने उग्र आन्दोलन की चेतावनी भी दी है। चर्चा है कि स्थानीय नगर पालिका के कुछ कर्मचारियों के संरक्षण में ही उक्त अवैध दुकाने संचालित हैं जिसके कारण इनपर ठोस कार्यवाही नहीं हो पा रही है। जबकि लोगों ने अनेक बार शिकायत की है। नवरात्र के पहले उक्त दुकानें हटाई की मांग एक बार फिर है।

## फसल पककर तैयार, गेहूं की कटाई प्रारम्भ

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** रबी की सीजन में गेहूं की फसल पककर तैयार है। चार माह की मेहनत से तैयार की गई गेहूं की फसल खेतों मे हार्वेस्टर के द्वारा कटना प्रारंभ हो गई है। गांधीग्राम, माल्हा, डूड़ी, मिढ़ासन, देवनगर, पथरई, शहजपुरा, हृदयनगर, धरमपुरा, रामपुर,धमकी,बेला,बम्होरी, कुसनेर, पिपरिया आदि ग्रामों के किसानों ने बताया कि गेहूं की फसल पक गई है। समय पर ये हार्वेस्टर आ गए तो गेहूं घरों में आ जाएंगे, ताकि वहां गेहूं की कटाई व गहाई की जा सके।



**कम आ रहे हार्वेस्टर-** ग्रामीण क्षेत्रों पहले से ही मजदूरों की कमी बनी हुई है, जिससे किसान 95 प्रतिशत गेंहू की कटाई के लिए हार्वेस्टर पर ही आश्रित हो चुका है। लेकिन अंचल के पचासों गांव में अपेक्षाकृत कम हार्वेस्टर ही पहुंच रहे हैं।जो फसल कटाई के इतने बड़े क्षेत्र में नाकाफी साबित हो रहे हैं।किसानों ने बताया कि पंजाब, हरियाणा एवं समीपी क्षेत्रों के हार्वेस्टर ग्रामीण क्षेत्रों तक क्षेत्र में पहुंच रहे हैं।

**परिवार के साथ खुद शुरू की कटाई-** मवेशियों को खिलाने के लिए बहुत से किसान भूसे के लिए मजदूरों से कटाई करवाते हैं गांधीग्राम के कछरा हार, गोला पुलिया हार,हाइवे के किनारे स्थित खेतों में कटाई शुरू हो गई है।किसानों का कहना है कि मजदूर की मजदूरी बढ़ाकर भी मजदूर खोजे नहीं मिल रहे हैं। बहुत से किसान पूरे परिवार के साथ फसल कटाई करना तो शुरू कर दी है। कटाई के बाद दूसरा संकट थ्रेसिंग के लिए मजदूरों की समस्या है। वहीं हार्वेस्टर के रेट भी इस वर्ष बढ़े हुए हैं वे प्रति एकड़ कटाई का लगभग 2000रूपये ले रहे हैं।

**अधिक विलम्ब हुआ तो झड़ने लगेगी गेहूं की बाल-** ग्राम डूंडी के वासुदेव मिश्रा, माल्हा के उत्तम तिवारी, राजेश पटेल,प्रकाश मिश्रा,भूपेन्द्र चौरसिया ने बताया गेहूं की फसल पूरी तरह पककर तैयार है। जो बड़े किसान हैं उनका कहना है कि समय पर कटाई नहीं हुई तो फसल के दाने खेत में ही झड़ने लगेंगे।

## लाइन काटने पर पार्षद ने बिजली दफ्तर में किया हंगामा

- पेट्रोल डालकर आत्मदाह की चेतावनी से बिजली आफिस में मंचा हड़कंप

**पाटन, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड उप संभाग पाटन के द्वारा मार्च क्लोजिंग को देखते हुए बकाया बिजली बिल वसूली अभियान चलाया जा रहा है। बिजली विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सत्ताधारी पार्षद सत्यम मेहरा का बिजली बिल की बकाया राशि पांच हजार रुपए से अधिक थी। चुकी स्मार्ट मीटर में इससे अधिक राशि होने पर जबलपुर ऑफिस से ही संबधित बिजली उपभोक्ता की विद्युत सप्लाई को बंद और चालू करने की सुविधा उपलब्ध रहती है। इस प्रकरण में भी बिल राशि अधिक होने पर जिले से ही पार्षद के घर की विद्युत सप्लाई बंद की गई थी। सत्यम झारिया की





लाइन काटे जाने पर संभागीय कार्यालय में आकर उनके द्वारा यह कहा जा रहा है कि मेरा विद्युत बिल सही नहीं है और इसी बात को लेकर भीड़ इकठ्ठा कर हंगामा किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सत्यम झारिया का विद्युत बिल की बकाया राशि माह जनवरी 25 की स्थिति में 25141/- रुपए में से फरवरी माह में 10000/- रुपए जमा किया गया है। माह जुलाई 2024 में उपभोक्ता के विद्युत बिल में 1265 रुपए का संशोधन भी किया गया है। वर्तमान में 15420 रुपए बिजली बिल बकाया है। पुनः परिसर एवं मीटर रीडिंग का भौतिक निरीक्षण भी किया जा चुका है। हंगामे के बीच थाना प्रभारी नवल आर्य ने मौके पर पहुंचे और पूरे मामले को बातचीत से शांत करा दिया।

### इनका कहना

जब इस संबंध में कार्यपालन अभियंता से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ए.ई के द्वारा पाटन नगर के बिजली बकाया उपभोक्ताओं के 96 कनेक्शन काटे गए है उनमें पार्षद सत्यम मेहरा का भी कनेक्शन था। उनका आरोप निराधार है कि पूर्व में पार्षद के नेतृत्व में बिजली विभाग की अनियमितताएं को लेकर पाटन एसडीएम को ज्ञापन सौंपा था। उसी दुर्भावना बस पार्षद के घर की लाईट काटी गई है। फिलहाल उनकी बिजली लाइन जोड़ दी गई है।

**नवनीत राठौर,** कार्यपालन अभियंता
मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पाटन





## शांति निकेतन विद्यालय का पांचवी-आठवीं बोर्ड परीक्षा में शत- प्रतिशत रहा परिणाम

**पनागर, देशबन्धु।** नगर में स्थित अंग्रेजी माध्यम विद्यालय शांति निकेतन में माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित पांचवी एवं आठवीं माध्यमिक बोर्ड परीक्षा में सभी बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अच्छे परिणाम दिए हैं विद्यालय की कक्षा आठवीं के छात्र छात्राओं ने जिसमें छात्र संचिता साहू ने 90प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है इसी प्रकार कक्षा पांचवी में छात्रा आदित्या तिवारी ने 87.75प्रतिशत अंक प्राप्त किया और कक्षा 11 की अननया खरे ने भी 95.4त्न अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम रही है कक्षा आठवी एवं पांचवी के सभी छात्र-छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

## वीजा पढ़ाई के लिए था, आंदोलन के लिए नहीं, तुर्किए की छात्रा पर ऐक्शन को लेकर अमेरिका

अमेरिका में राष्ट्रपति ट्रंप का शासन आने के बाद ऐसे छात्रों का वीजा रद्द किया जा रहा है, जो किसी भी तरह से हमास समर्थक या अन्य आंदोलनों में सक्रिय रहे हैं। अमेरिका के सेक्रेटरी जनरल मार्को रुबियो ने सरकार के इस फैसले का बचाव किया है। रुबियो का कहना है कि अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को अमेरिकी वीजा नियमों की शर्तों का सही से पालन करना चाहिए। यदि अमेरिकी प्रशासन ने आपको वीजा दिया है और आप अमेरिकी हितों के विपरीत कुछ करते हैं तो हम इसे वीजा को रद्द करने का निर्णय लेंगे। अमेरिकी विदेश मंत्री का यह बयान ऐसे समय में आया है जब ट्रंप प्रशासन ने तुर्किए की छात्रा रुमेसा ओजतुर्क वीजा रद्द कर दिया है। रुमेसा पर आरोप है कि वे अपने छात्र वीजा के दायरे के बाहर की गतिविधियों में शामिल थीं। रुबियो ने रुमेसा के वीजा को रद्द करने की पुष्टि करते हुए कहा कि हां हमने उनका वीजा रद्द कर दिया है। उन्होंने कहा, हमने आपको पढ़ने और डिग्री हासिल करने के लिए वीजा दिया था न कि एक तुर्किए की छात्रा रुमेसा ओजतुर्क टफ्ट्स यूनिवर्सिटी में डॉक्टरेट की छात्रा हैं। ओजतुर्क को मंगलवार को सोमरविले में उसके ऑफ-कैंपस अपार्टमैंट के बाहर गिरफ्तार कर लिया गया था।

# भूकंप: म्यांमार में अब भी चिल्ला रहे हैं बिल्डिंग में फंसे लोग

## बैंकॉक में लापता हो गए 100 मजदूर

म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप में मरने वालों की संख्या शनिवार को बढ़कर 1,000 के पार पहुंच गई। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। भूकंप के कारण क्षतिग्रस्त हुईं कई इमारतों के मलबे से और शव निकाले जा रहे हैं, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। सेना के नेतृत्व वाली सरकार की ओर से जारी एक बयान के अनुसार भूकंप के कारण अब तक 1,002 लोगों की मौत हो चुकी है तथा 2,376 अन्य लोग घायल हुए हैं। इसके अलावा 30 लोग लापता बताए जा रहे हैं।

बीबीसी की रिपोर्ट की मानें तो भूकंप को 24 घंटे से ज्यादा वक्त होने के बाद भी लोग मलबे में फंसे चिल्ला रहे हैं। सेना और राहत बचाव कर्मी उन्हें निकालने की कोशिश में लगे हैं। अधिकारियों का कहना है कि बड़ी मशीनों से मलबा हटाने के बाद ही पता चल पाएगा कि वे कहां फंसे हैं। थाइलैंड की राजधानी बैंकॉक में भी भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे। यहां करीब 94 लोगं की मौत हो गई है। बताया गया कि बैंकॉक में कम से कम 100 मजदूर लापता हैं। जानकारी के मुताबिक बैंकॉक में एक निर्माणाधीन इमारत गिर गई थी जिसमें कई मजदूरों के फंसे होने की आशंका है। बयान में कहा गया है कि मृतकों की संख्या के बढ़ने की आशंका है तथा भूकंप से जुड़े विस्तृत आंकड़े अब भी एकत्र किए जा रहे हैं। शुक्रवार को आए भूकंप का केंद्र म्यांमा के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले से ज्यादा दूर नहीं था। भूकंप के कारण



कई इलाकों में इमारतें ढह गईं और व्यापक क्षति हुई है। म्यांमा लंबे समय से चल रहे खूनी गृहयुद्ध की चपेट में है, और वहां पहले से ही एक बड़ा मानवीय संकट बना हुआ है। भूकंप के कारण म्यांमा में राहत एवं बचाव कार्यों को चलाना भी काफी मुश्किल हो रहा है। भूकंप शुक्रवार दोपहर को आया जिसका केंद्र म्यांमा के मांडले शहर से ज्यादा दूर नहीं था, इसके बाद कई झटके महसूस किए गए, जिनमें से एक की तीव्रता 6.4 थी। भूकंप के कारण कई क्षेत्रों में इमारतें ढह गई, सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं, पुल ढह गए तथा एक बांध टूट गया भूकंप आने पर, थाईलैंड की सरकार के लिए एक चीनी कंपनी द्वारा बनाई जा रही 33 मंजिला ऊंची इमारत हिलने लगी। इसके बाद इमारत धूल के विशाल गुबार के साथ जमीन पर धराशायी हो गयी, जिससे लोग चीखने लगे और घटनास्थल से भागने लगे। भूकंप के बाद कई टन मलबे को हटाने के लिए शनिवार को और अधिक भारी उपकरण लाए गए, लेकिन लापता लोगों के मित्रों और परिवार के सदस्यों के बीच यह आशा धूमिल होती जा रही थी कि वे जीवित मिल जाएंगे। अपने साथी और उसके पांच अन्य दोस्तों की तलाश में जुटी 45 वर्षीय नारुमोल थोंगलेक ने कहा, 'मैं प्रार्थना कर रही थी कि वे बच गए हों, लेकिन जब मैं यहां पहुंची और खंडहर देखा – वे कहां हो सकते हैं।

किस कोने में। क्या वे अब भी जीवित हैं। मैं अब भी प्रार्थना कर रही हूं कि सभी छह लोग जीवित हों। % म्यांमा की सरकार ने कहा कि भूकंप से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्रों में रक्त की मांग अत्यधिक है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, चीन के युन्नान प्रांत से 37 सदस्यों का एक बचाव दल भूकंप डिटेक्टर, ड्रोन और अन्य सामान के साथ शनिवार सुबह यांगून शहर पहुंचा। रूसी सरकारी समाचार एजेंसी तास की रिपोर्ट के अनुसार, रूस के आपातकालीन मंत्रालय ने 120 बचावकर्मियों और राहत सामग्री को लेकर दो विमान भेजे हैं। भारत ने एक बचाव दल तथा एक चिकित्सा दल के साथ-साथ राहत सामग्री भी भेजी है। संयुक्त राष्ट्र ने भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में बचाव अभियान के लिए 50 लाख अमेरिकी डॉलर की सहायता की घोषणा की है।

## आज का इतिहास

1030– गजनवी वंश के पहले स्वतंत्र शासक सुल्तान महमूद का निधन।
1598– अमेरिका में पहली बार थियेटर का आयोजन।
1789– जॉर्ज वॉशिंगटन सर्वसम्मति से अमेरिका के पहले राष्ट्रपति चुने गए।
1870– भारतीय सिनेमा के पितामह धुंदीराज फाल्के उर्फ दादा साहब फाल्के का जन्म।
1908– खुदीराम बोस और प्रफुल्ल चाकी ने मुजफ्फरपुर में किंग्सफोर्ड के मजिस्ट्रेट की हत्या करने के लिए बम फेंका, लेकिन दो बेगुनाह बम की चपेट में आकर मारे गए।
1945– जर्मन तानाशाह हिटलर एवं उसकी पत्नी इवा ब्राउन ने आत्महत्या की।
1956– अमेरिका के पूर्व उप राष्ट्रपति एल्बेन बार्कली की वर्जीनिया में एक भाषण के दौरान मौत।
1973– अमेरिका के राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने देश के राष्ट्रपति के नाते वॉटरगेट कांड की जि़म्मेदारी ली हालांकि उन्होंने साफ तौर पर कहा कि वह निजी तौर पर इसके लिए जिम्मेदार नहीं हैं।

## सुडोकू 6867

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | | 2 | 7 | 3 | |
| | | 1 | | 9 | | | | |
| 5 | | | | | 4 | 1 | | |
| 8 | | | 6 | | | | | 2 |
| | 3 | 4 | | | | 6 | 7 | |
| 7 | | | | | 1 | | | 8 |
| | | 9 | 7 | | | | | 3 |
| | | | | 1 | | 8 | | |
| | 8 | 2 | 4 | | | | 5 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## नेपाल में कर्फ्यू हटा, हिंसा के बाद 51 राजशाही समर्थक प्रदर्शनकारी गिरफ्तार

**काठमांडू, (आईएएनएस)।** नेपाल के बानेश्वर-टिंकुने और आसपास के इलाकों में शनिवार को तनाव कम होने के बाद कर्फ्यू हटा लिया गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, अब तक 51 लोगों पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया गया है, जिनमें अधिकतर शीर्ष राजशाही समर्थक प्रदर्शनकारी हैं। इनमें राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवींद्र मिश्रा, महासचिव धवल शमशेर राणा, स्वागत नेपाल, शेफर्ड लिम्बू, संतोष तमांग और कुछ अन्य नेता शामिल हैं। नेपाल की पुलिस ने काठमांडू के तिनकुने में हुए राजशाही समर्थक प्रदर्शनों के बाद गिरफ्तारियां तेज कर कर दी हैं। राजशाही समर्थक प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा में शुक्रवार को लोगों की मौत हुई, निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया नेपाल के गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने काठमांडू पोस्ट को बताया, शुक्रवार की आगजनी, बर्बरता, हत्याओं के कारण राजतंत्रवादियों के प्रति जनता की सहानुभूति और समर्थन में काफी कमी आई अधिकारी ने कहा, शुक्रवार की हिंसा के बाद विभिन्न हिंदू समर्थक और राजतंत्र समर्थक समूहों के बीच गहरे मतभेद की आशंका है। लेकिन, हम उनकी गतिविधियों को रोकने के लिए सभी जरूरी कदम उठाएंगे।' शुक्रवार को जिला प्रशासन की ओर से कर्फ्यू लगाया गया था, क्योंकि सुरक्षाकर्मियों और राजशाही समर्थक प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़पों में दो लोगों की मौत हो गई थी और 45 अन्य घायल हो गए थे। प्रदर्शनकारी नेपाल में समाप्त राजशाही की बहाली की मांग कर रहे थे। नेपाली समाचार आउटलेट अन्नपूर्णा एक्सप्रेस के मुताबिक तिनकुने में उस समय तनाव बढ़ गया जब लोगों ने सुरक्षा बैरिकेड तोड़ने की कोशिश की।

## चीन की चुनौती : फिलीपींस, जापान और अमेरिका का संयुक्त सैन्य अभ्यास

**मनीला, (आईएएनएस)।** फिलीपींस, जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका ने फिलीपींस के विशेष आर्थिक क्षेत्र के भीतर एक संयुक्त समुद्री सैन्य अभ्यास का आयोजन किया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यह अभ्यास शुक्रवार को क्षेत्र में बढ़ते खतरों और चीन की बढ़ती आक्रामकता के बीच आयोजित किया गया। बहुपक्षीय समुद्री सहकारी गतिविधि (एमसीए) का आयोजन इस तरह से किया जाता है जो अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुरूप हो और सभी देशों की सुरक्षा, नौवहन अधिकारों, स्वतंत्रता का उचित सम्मान करता हो अमेरिकी नौसेना ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि अमेरिका अपने सहयोगियों और साझेदारों के साथ मिलकर नौवहन और उड़ान की स्वतंत्रता से संबंधित समुद्र के अन्य अंतरराष्ट्रीय रूप से वैध उपयोग के अधिकार का समर्थन करता है। फिलीपींस की सरकारी समाचार एजेंसी पीएनए की रिपोर्ट के अनुसार, फिलीपींस की सशस्त्र सेनाओं (एएफपी) ने यह भी कहा कि बहुपक्षीय एमसीए समन्वय, रणनीति और साझा समुद्री जागरूकता में महत्वपूर्ण सुधारों पर प्रकाश डालता है।

## घरों में घुसकर अफगानियों को पकड़ेगी पाक सरकार, मंत्री बोले- वापस भेजने की तैयारी पूरी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की शरीफ सरकार ने अपने देश में बसे अफगानियों को निकालने या फिर उन्हें हिरासत में लेने के लिए तैयारी कर ली है। सरकार की तरफ से बताया गया कि इसके लिए अवैध रूप से रहने वाले अफगानियों को पकड़ने के लिए प्रशासन अब धरपकड़ अभियान चलाएगा।

दरअसल, शरीफ सरकार ने जनवरी में ही पाकिस्तान में बसे अफगान नागरिकों को वापस अफगानिस्तान जाने के लिए 31 मार्च तक का अल्टीमेटम दिया था। अब जैसे-जैसे 31 मार्च की तारीख पास आ रही है वैसे ही पाक सरकार की तैयारियां भी पूरी हो गई है। पाक अधिकारियों के मुताबिक 31 मार्च के बाद अफगान नागरिकों को हिरासत में लेकर निष्कासित करने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

शुक्रवार को पाकिस्तान के गृहमंत्री मोहसिन नकवी की अध्यक्षता में की गई बैठक में इस पूरे मामले को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि एसीसी धारकों



को वापस अफगानिस्तान भेजने की तैयारी पूरी कर ली गई है। दरअसल, पाकिस्तान सरकार के अल्टीमेटम के बाद तमाम मानवाधिकार निकायों ने समय सीमा को बढ़ाने का अनुरोध किया था लेकिन पाक सरकार ने ऐसे किसी भी अनुरोध को मानने से इनकार कर दिया।

पाकिस्तानी अखबार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारियों ने कहा कि अफगान नागरिकों को हिरासत में लेने के बाद होल्डिंग सेंटर में रखा जाएगा। वहां पर इनके खाने और स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। इसके बाद इन्हें यहाँ से अफगानिस्तान बॉर्डर पर छोड़ दिया जाएगा। इसके अलावा 31 मार्च के बाद अफगान नागरिकों को किराए पर अपनी संपत्ति देने वाले पाकिस्तान के नागरिकों को भी परिणाम भुगतने होंगे। इतना ही नहीं इन अफगानियों को ट्रैक करने के लिए प्रशासन तलाशी अभियान भी चलाएगी और उनके बायोमैट्रिक रिकॉर्ड भी लेगी ताकि भविष्य में उनके पाकिस्तान में घुसने पर रोक लगाई जा सके।

बैठक में मौजूद एक अधिकारी ने बताया कि अवैध रूप से कागजात बनवाने वाले अफगान नागरिकों के जाली दस्तावेजों को रद्द कर दिया जाएगा और हो सकता है कि उन्हें इसके लिए सजा का सामना भी करना पड़े। पाकिस्तान से अफगान नागरिकों को निकालने का यह घटनाक्रम नवंबर 2023 से शुरू हो गया था। तब भी कई नागरिकों को अफगानिस्तान वापस भेज दिया गया था। इसके बाद सरकार ने 29 जनवरी को दूसरे चरण की घोषणा करते हुए 31 मार्च तक का अल्टीमेटम दिया था।

## नेपाल : पत्रकार की मौत पर विरोध प्रदर्शन, राजशाही समर्थकों पर जिंदा जला देने का आरोप

**काठमांडू, (आईएएनएस)।** एवेन्यूज टीवी के पत्रकार सुरेश रजक की मौत के बाद शनिवार को नेपाल के मीडिया समुदाय में आक्रोश की लहर दौड़ गई। रिपोर्ट्स के अनुसार, काठमांडू के टिंकुने इलाके में राजशाही समर्थक हिंसक प्रदर्शन के दौरान रजक को जिंदा जला दिया गया।

इस घटना के बाद नेपाल के विभिन्न हिस्सों में विरोध प्रदर्शन तेज हो गए और पत्रकारों ने मैतीघर मंडल में एकत्रित होकर न्याय और जवाबदेही की मांग की। कांतिपुर टेलीविजन के पत्रकार रामकृष्ण भंडारी ने घटनास्थल पर की गई हिंसा के बारे में बताया, वे कह रहे थे कि हम मीडिया पर भी हमला करेंगे, हम आग लगा देंगे, हम आपको नहीं छोड़ेंगे। भंडारी ने बताया कि कैसे प्रदर्शनकारियों ने मीडिया कर्मियों को निशाना बनाया, संपत्ति को आग लगा दी और स्थिति को और अधिक तनावपूर्ण बना दिया, जिसके परिणामस्वरूप रजक की मौत हुई। इस बीच, काठमांडू के बनेश्वर-टिंकुने क्षेत्र और आसपास के इलाकों में स्थिति के शांत होने के बाद कर्फ्यू हटा लिया गया।

कर्फ्यू हटने से पहले, पुलिस ने 51 लोगों को हिंसा भड़काने के आरोप में गिरफ्तार किया, जिनमें राजशाही समर्थक प्रदर्शनों के शीर्ष नेता शामिल थे। गिरफ्तार किए गए नेताओं में राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवींद्र मिश्रा, महासचिव धवल सुमशेर राणा, स्वागत नेपाल, शेफर्ड लिम्बू और संतोष तमांग जैसे लोग शामिल हैं। शुक्रवार को हुई हिंसा में दो लोग मारे गए थे, जबकि 45 लोग घायल हुए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों ने नेपाल में समाप्त राजतंत्र की बहाली की मांग कर रहे थे।

## वर्ग पहेली 6867

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**
१. समय सारिणी (टाईम टेबल)
४. तकलीफदेह
६. किसी वस्तु का टूटा हुआ भाग
७. राजा, हुकूमत करने वाला
८. परखने वाला, जांचने वाला, रवैया, रीति-रिवाज
११. शाश्वत, सत्य, नित्य, अनादि, प्राचीन
१३. सुबह, भोर
१४. सशक्त, तीव्र
१५. दोष, ऐब, बुराई
१७. टिकना, ठहरना, स्थायी रूप से निवास करना
१९. समूह, संघ, दल, सभा समिति विशेष उद्देश्य की पूर्ति के लिए संघहित संस्था, एकत्र होना
२१. पानी में पैदा होने वाला
२२. नकल उतारने वाला (उर्दू)
२४. नकार देने या हुंकार करने योग्य

**ऊपर से नीचे:-**
१. वह स्थान जहां से यंत्रों आदि की सहायता से ग्रहों आदि का पर्वेक्षण किया जाता है
२. अशक्त होना, विवश होना (मुहावरा)
३. कड़वी और अप्रिय बात
४. कठोरता,
५. आंखों के सामने
९. कतराना, बचकर किनारे से निकल जाना (मुहावरा)
११. प्राणवान, जानदार
१२. युवक, जवान
१३. मांग, चाह, इच्छा (उर्दू)
१४. मूर्ति
१५. जिसका निवारण न किया जा सके, अदद, अत्यावश्यक
१६. पूज्य, पुरुष, बड़ा, बुजुर्ग
१८. कामयाब
१९. विहान, भोर
२०. जन्मदाता
२३. चित्कार (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6866

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ दो | ष | २ वे | च | ३ क | ■ | ४ वि | लं | ५ ब | न |
| प | ■ | त | ■ | ६ म | री | चि | ■ | टो | ■ |
| ७ ह | न | न | ■ | ला | ■ | ८ त्र | पा | ही | ९ न |
| र | ■ | मा | ■ | १० स | म | ता | ■ | ■ | क्शा |
| ■ | ११ अ | न | १२ श | न | ■ | ■ | १३ प्र | धा | न |
| ■ | र्ज | ■ | बा | ■ | १४ सु | ल | भा | ■ | वी |
| १५ बे | न | १६ का | ब | ■ | गं | ■ | १७ त | १८ म | स |
| न | ■ | लां | ■ | १९ अ | ध | २० र | ■ | ल | ■ |
| २१ जी | न | त | ■ | स्मि | ■ | २२ खै | रि | य | २३ त |
| र | ■ | २४ र | ज | ता | च | ल | ■ | ■ | था |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**राहत**

## रेखा सरकार ने दिल्ली की नौकरशाही को दी बड़ी राहत

■ जोगेंद्र सोलंकी

**नई दिल्ली, (देशबन्धु)। दिल्ली सरकार के अलग-अलग अधिकारियों को विधानसभा से बड़ी राहत मिली है। दरअसल, आम आदमी पार्टी सरकार ने अधिकारियों के साथ अलग-अलग मुद्दों पर टकराव के चलते कई के खिलाफ जांच शुरू की थी। इनमें वित्त विभाग, स्वास्थ्य विभाग, दिल्ली जल बोर्ड, पीडब्ल्यूडी जैसे कई विभाग के अधिकारी शामिल थे।**

विशेष अधिकार समिति और याचिका समिति के तहत जांच बिठाई गई थी, अब इन सभी जांचों को बंद करने का निर्णय लिया गया है।

इन वरिष्ठ अधिकारियों में डॉ. एमएम कुट्टी, वर्षा जोशी, अमजद टांक, अमित सिंगला, संजीव खीरवाल, अमित सिंगला, जयदेव सारंगी, रूपेश ठाकुर, निधि श्रीवास्तव के नाम शामिल हैं। इन अधिकारियों के खिलाफ आम आदमी पार्टी की सरकार के दौरान विधानसभा की विशेषाधिकार समिति और याचिका समिति के तहत जांच बिठाई गई थी, मगर अब इन सभी जांचों को बंद करने का निर्णय लिया गया है। विधानसभा में जारी बजट सत्र के दौरान लक्ष्मी नगर से बीजेपी विधायक और विधानसभा में मुख्य सचेतक अभय वर्मा ने इस संबंध में एक प्रस्ताव पेश किया, जिसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बताया था कि यह मामला उनके संज्ञान में लाया गया और उनसे छठीं और सातवीं विधानसभा की समितियों के अधूरे कामों के संबंध में विचार करने को कहा गया था।

अपने वक्तव्य में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि 4 दिसंबर, 2024 को आयोजित बैठक में सातवीं विधानसभा ने तीन प्रस्ताव पारित किए गए थे कि विशेषाधिकार समिति, याचिका समिति और प्रश्न एवं संदर्भ समिति



के अधूरे कार्यों की जांच नियम-183 के तहत आठवीं विधानसभा की संबंधित समितियों द्वारा जारी रखी जाए। मगर समिति के समक्ष लंबित सभी मामलों की जांच करने के बाद वे इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि इन मामलों को आगे नहीं बढ़ाया जाना चाहिए था।

**इन वरिष्ठ अधिकारियों में डॉ. एमएम कुट्टी, वर्षा जोशी, अमजद टांक, अमित सिंगला, संजीव खीरवाल, अमित सिंगला, जयदेव सारंगी, रूपेश ठाकुर, निधि श्रीवास्तव के नाम शामिल**

उन्होंने बताया कि इसी तरह याचिका समिति के पास छठीं विधानसभा के 107 और सातवीं विधानसभा के 72 मामले लंबित थे। प्रश्न एवं संदर्भ समिति में भी 4 मामले लंबित हैं।

इन समितियों में भी अधिकारियों को ही निशाना बनाने का प्रयास किया गया। इसलिए अब इन सभी जांचों को बंद करने का निर्णय लिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि नियम-223 के अनुसार समिति को एक महीने में अपनी रिपोर्ट देनी चाहिए थी।

अधिकतर शिकायतें तत्कालीन आम आदमी पार्टी सरकार के सदस्यों द्वारा दिल्ली सरकार के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज की गई थीं। अगर यह शिकायतें वास्तविक होती, तो समितियां इन मामलों की जांच करके सदन को रिपोर्ट देती, लेकिन समिति के तत्कालीन सदस्यों ने जिन कारणों से जांच को लंबित रखा, जिससे मंशा गलत लगती है। अब इन सभी जांचों को बंद करने का निर्णय लिया गया है।

# खेल जगत

## ओलंपियन अंकिता ने जीता 3000 मीटर स्टीपलचेज का खिताब

**कैलिफोर्निया।** ओलंपियन अंकिता ध्यानी ने शनिवार को अमेरिका के कैलिफोर्निया में आयोजित मैंग्रम आमंत्रण 2025 एथलेटिक्स मीट में महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज का खिताब जीता। इस इवेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए, अंकिता ने 9:44.05 सेकंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकाला, जो आगामी एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के लिए भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के 9:48.48 के क्वालीफाइंग मार्क को आसानी से पार कर गया। पेरिस 2024 ओलंपिक में महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में भाग लेने वाली अंकिता ने 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में भाग लिया है। 26 वर्षीय धावक ने राष्ट्रीय खेलों 2025 में दर्ज अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ 9:53.63 सेकंड से लगभग नौ सेकंड कम समय लिया। हालांकि, कोरिया गणराज्य के गुमी में इस साल होने वाली एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय टीम के लिए उनका चयन एएफआई के विवेक पर निर्भर है।



### दिल्ली कैपिटल्स का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से विशाखापत्तनम में होगा

# जीत के पटरी पर लौटना चाहेगी हैदराबाद

**विशाखापत्तनम,** 29 मार्च (एजेंसियां)। रविवार को आईपीएल 2025 डबल हेडर के पहले मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का सामना सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) से विशाखापत्तनम में होगा। दोनों के बीच अब तक हुए 24 मुकाबले में एसआरएच को 13 जबकि डीसी को 11 मैचों में जीत मिली है। हालांकि विशाखापत्तनम में हुए दो मुकाबलों में दोनों में मेजबान टीम डीसी को ही जीत मिली है। वहीं हालिया रिकॉर्ड भी डीसी के नाम है और दोनों टीमों के बीच 2023 से हुए छह मुकाबलों में चार में डीसी को जीत मिली है। आइए डालते हैं इस मुकाबले से जुड़े ऐसे ही कुछ दिलचस्प आंकड़ों पर नजर।




**आशुतोष शर्मा को करना होगा काबू**

एसआरएच को दिल्ली के बल्लेबाज आशुतोष शर्मा को काबू करना होगा जिन्होंने पिछले मुकाबले में नाबाद 66 रन की जबरदस्त पारी खेलकर दिल्ली को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ एक विकेट से रोमांचक जीत दिलाई थी। आशुतोष ने यह पारी ऐसे समय खेली थी जब दिल्ली ने 210 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अपने पांच विकेट मात्र 65 रन पर गंवा दिए थे। क्या हेड फिर से होंगे स्टार्क का डक पर शिकार

हां, आंकड़े तो यही कहते हैं। जहां ट्रैविस हेड ने आईपीएल 2024 की तरह आईपीएल 2025 में भी अपनी आतिशी बल्लेबाजी का जलवा बिखेरना शुरू किया है, वहीं मिचेल स्टार्क इस मैच में हेड का इलाज हो सकते हैं। बाएं हाथ से गेंदबाजी करने वाले स्टार्क ने बाएं हाथ के हेड को 10 टी20 पारियों में पांच बार आउट किया है। इसमें से भी चार बार वह डक और चार में से तीन बार गोल्डन डक पर आउट हुए हैं। हेड के जोड़ीदार अभिषेक शर्मा भी दो पारियों में एक बार स्टार्क का शिकार हुए हैं, जबकि अभिषेक उन पर सिर्फ 78 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। अक्षर के पास है एसआरएच के शीर्ष क्रम का तोड़

यू तो बाएं हाथ के स्पिनरों को बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ एक अच्छा विकल्प नहीं माना जाता है, लेकिन अक्षर पटेल के पास एसआरएच के बाएं हाथ के शीर्ष क्रम की बल्लेबाजी तिकड़ी का तोड़ है। डीसी के कप्तान ने इशान किशन और अभिषेक को दो-दो बार जबकि हेड को तीन पारियों में एक बार आउट किया है। इसमें से किशन को छोड़कर दोनों आतिशी बल्लेबाज, अक्षर के खिलाफ 100 से कम के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं।

## राहुल दिल्ली कैपिटल्स की टीम में फिर से शामिल हुए



**विशाखापत्तनम।** भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल रविवार को आईपीएल 2025 सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले मैच से पहले शनिवार को विशाखापत्तनम में दिल्ली कैपिटल्स की टीम में शामिल हो गए। राहुल पिछले हफ्ते लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ डीसी के सीजन के पहले मैच में अपनी पत्नी अथिया शेट्टी के साथ पहले बच्चे के जन्म के कारण नहीं खेल पाए थे। अथिया ने 24 मार्च को एक बच्ची को जन्म दिया। दिल्ली कैपिटल्स ने एक्स पर जाकर राहुल के आगमन का वीडियो शेयर किया और लिखा, आप प्यारे हैं। आप हमारे हैं। आप घर पर हैं। दिल्ली में आपका स्वागत है, केएलआर। एक अन्य पोस्ट में, फ्रेंचाइजी ने डीसी की ट्रेनिंग जर्सी में राहुल की एक तस्वीर शेयर की और पोस्ट को कैप्शन दिया, खेल शुरू होने दें। राहुल के रविवार को विशाखापत्तनम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ दिल्ली के लिए पदार्पण करने की उम्मीद है, पिछले साल की मेगा नीलामी में उन्हें 14 करोड़ रुपये में फ्रेंचाइजी ने खरीदा था। अक्षर पटेल की अगुआई वाली टीम ने राहुल की पूर्व फ्रेंचाइजी लखनऊ पर एक विकेट से रोमांचक जीत के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत जीत के साथ की।

## केकेआर और एलएसजी के बीच मुकाबले का शेड्यूल बदला, अब 8 अप्रैल को होगा मैच

**कोलकाता,** 29 मार्च (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेड्यूल में बदलाव किया गया है। बीसीसीआई ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के बीच होने वाले मैच नंबर 19 की तारीख को बदल दिया है। यह मुकाबला पहले 6 अप्रैल 2025 को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला जाना था, लेकिन अब इसे 8 अप्रैल को दोपहर 3:30 बजे के लिए रीशेड्यूल किया गया है। आईपीएल की तरफ से जारी की गई प्रेस रिलीज में इस बदलाव की वजह कोलकाता पुलिस की ओर से की गई सिफारिश को बताया गया है। पुलिस ने क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (कैब) को सूचित किया था कि शहर में त्योहारों के कारण सुरक्षा बलों की तैनाती प्रभावित हो सकती है। इसी वजह से बीसीसीआई ने इस मैच को दो दिन आगे बढ़ाने का फैसला किया है। अब 6 अप्रैल को अब सिर्फ एक मैच खेला जाएगा, जिसमें सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और गुजरात टाइटंस (जीटी) की टीमें शाम 7:30 बजे आमने-सामने होंगी। वहीं 8 अप्रैल को डबल हेडर होगा। पहले दोपहर 3:30 बजे कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मुकाबला होगा, और फिर शाम 7:30 बजे पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीमें न्यू चंडीगढ़ में भिड़ेंगी। गतविजेता कोलकाता नाइट राइडर्स को अपने पहले मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन दूसरे मैच में उन्होंने

# नूपुर श्योराण का भिवानी में जोरदार स्वागत, गोल्ड मेडल के साथ घर वापसी

**भिवानी,** 29 मार्च (एजेंसियां)। हाल ही में ग्रेटर नोएडा में आयोजित राष्ट्रीय महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप में हरियाणा की बेटियों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में कुल 10 वेट कैटेगरी थीं, जिनमें से 9 गोल्ड मेडल हरियाणा की बेटियों ने जीते और इनमें से 5 गोल्ड मेडल अकेले भिवानी की बेटियों के नाम रहे। इन विजेताओं में एक प्रमुख नाम था, नूपुर श्योराण, जिन्होंने 80+ वेट कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीता और पांचवीं बार राष्ट्रीय चैंपियन बनीं। नूपुर श्योराण के भिवानी लौटने पर शनिवार को उनका शानदार स्वागत किया गया। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए नूपुर ने कहा कि यह मेरी पांचवीं राष्ट्रीय चैंपियनशिप है और मुझे इस उपलब्धि पर बहुत गर्व है। अब मेरी नजरें वर्ल्ड चैंपियनशिप पर हैं, जो सितंबर में इंग्लैंड में होगी। उन्होंने आगे कहा कि हरियाणा की बेटियां विशेष होती हैं, लड़ना और जीतना हमारे डीएनए में है। इस दौरान नूपुर ने सरकार द्वारा खिलाड़ियों के लिए की जा रही योजनाओं की सराहना की और कहा कि इस तरह की योजनाएं खेलों को बढ़ावा देती हैं और खिलाड़ियों को उनके सपने साकार करने का अवसर प्रदान करती हैं। वहीं, नूपुर के पिता और कोच संजय श्योराण ने कहा कि मेरे पिता, मैं और मेरी बेटी, तीन पीढ़ियां बॉक्सिंग में हैं और यह एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है। इस चैंपियनशिप में नूपुर और उनकी दूसरी शिष्या पूजा बोहरा ने गोल्ड मेडल जीते हैं। अब नूपुर वर्ल्ड चैंपियनशिप की तैयारी में जुटेंगी। भिवानी, जिसे मिनी क्यूबा के नाम से जाना जाता है, के बॉक्सिंग खिलाड़ियों ने हमेशा से ही राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन किया है। इस बार भी भिवानी की बेटियां पूरी दुनिया में अपनी सफलता का परचम लहरा रही हैं। राष्ट्रीय महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप में हरियाणा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 गोल्ड मेडल जीते। इनमें से 5 गोल्ड मेडल अकेले भिवानी की बेटियों ने जीते हैं, जो इस इलाके की बॉक्सिंग के प्रति लगन और मेहनत को



- हरियाणा की बेटियां विशेष होती हैं, लड़ना और जीतना हमारे डीएनए में है : नूपुर श्योराण
- 9 गोल्ड 5 मेडल भिवानी की बेटियों ने जीते हैं

# आईपीएल 2025 'मेरा काम टीम पर से दबाव हटाना है' : फिल साल्ट

**चेन्नई,** 29 मार्च (एजेंसियां)। फिल साल्ट ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में विराट कोहली के साथ अपनी साझेदारी के बारे में बात की है और खुलासा किया है कि जब फ्रेंचाइजी ने आईपीएल 2025 की नीलामी में उन्हें खरीदा था, तब वह उनकी भूमिका को लेकर बहुत स्पष्ट था।

पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसिस के जाने के बाद आरसीबी को कोहली के लिए एक नए ओपनिंग पार्टनर की जरूरत थी और साल्ट के रूप में टीम को एक अच्छा पार्टनर मिला। इंग्लैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज ने आरसीबी के शुरुआती दो मैचों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे दूसरे छोड़ पर कोहली भी खुलकर अपने शॉट्स खेलने में कामयाब हुए हैं। शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) पर जीत के दौरान, दोनों ने सिर्फ पांच ओवरों में 45 रन जोड़े। कोहली के शुरू में तेजी से रन बनाने में संघर्ष करने के बावजूद, साल्ट ने अपनी भूमिका को बखूबी अंजाम दिया।



मैच के बाद आरसीबी बल्लेबाज फिल साल्ट ने इस बात पर जोर दिया कि उनका काम पावरप्ले का पूरा फायदा उठाकर टीम के बाकी खिलाड़ियों से दबाव हटाना है। मुझे टीम मैनेजमेंट की ओर से यह बहुत स्पष्ट रूप से बताया गया है कि मैं आरसीबी में क्यों हूं और नीलामी में विराट के साथ साझेदारी करने के लिए वे क्या चाहते थे। मैं इससे वाकिफ हूं। यदि आप शुरुआती सीम ओवरों का फायदा नहीं उठाते हैं।

# मनीषा ने पहला स्वर्ण जीता, अंतिम ने वापसी पर कांस्य पदक जीता

### सीनियर एशियाई कुश्ती

**अम्मान (जॉर्डन),** 29 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय महिला पहलवानों ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा, क्योंकि मनीषा ने देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता, जबकि अंतिम पंघाल ने शुक्रवार को यहां 2025 सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा में वापसी करते हुए कांस्य पदक जीता। जॉर्डन की राजधानी में आयोजित इस प्रतियोगिता का तीसरा दिन भारतीय कुश्ती के लिए ऐतिहासिक दिन साबित हुआ, क्योंकि भारतीय महिला कुश्ती टीम ने एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता, जिससे भारत के कुल पदकों की संख्या 1 स्वर्ण, 1 रजत और 5 कांस्य हो गई।

दिन का मुख्य आकर्षण मनीषा (62 किग्रा) रहीं, जिन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को चैंपियनशिप का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। उन्होंने कुछ सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वियों को हराकर फाइनल तक अपना दबदबा बनाया। कजाकिस्तान की टाइनिस डुबेक (विश्व रैंकिंग 9) को 11-0 से हराने के बाद, विश्व रैंकिंग में नंबर 10 भारतीय ने कोरिया की हनबिट ली को हराया, इसके बाद 2023 एशियाई चैंपियन कलमीरा बिलिमबेकोवा को 5-1 से हराया। एक करीबी मुकाबले में, मनीषा ने डीपीआर कोरिया की ओक जे किम को 8-7 से हराकर भारत को टूर्नामेंट का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। इस बीच, 2024 पेरिस ओलंपिक के बाद अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में वापसी कर रही अंतिम पंघाल (53 किग्रा) ने कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में चीन की जिन झांग (2024 विश्व चैंपियनशिप रजत पदक विजेता) पर 10-6 से जीत के साथ जोरदार शुरुआत की। हालांकि, उन्हें सेमीफाइनल में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा।



- भारत के कुल पदकों की संख्या 1 स्वर्ण, 1 रजत और 5 कांस्य हो गई

## सार संक्षेप

### स्टुअर्ट लॉ नेपाल टीम के कोच नियुक्त

**काठमांडू।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टुअर्ट लॉ की नियुक्ति के साथ नेपाल में नए मुख्य कोच की तलाश समाप्त हो गई है।नेपाल क्रिकेट संघ ने सोशल मीडिया पर इस खबर की पुष्टि करते हुए घोषणा की कि पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज अगले दो वर्षों के लिए टीम का नेतृत्व करेंगे। लॉ ने यूएसए पुरुष टीम के मुख्य कोच के रूप में एक यादगार भूमिका का निर्वहन किया है। लगभग सात महीनों के कार्यकाल में उन्होंने यूएसए की टीम को आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 में एक जुझारु टीम के तौर पर स्थापित करने में सफलता हासिल की। घरेलू धरती पर खेले गए टूर्नामेंट में यूएसए ने ग्रुप चरण में पाकिस्तान के खिलाफ उलटफेर किया वहीं अपने शुरुआती मैच में कनाडा पर जीत हासिल कर ली थी, जिससे वे सुपर आठ चरण में पहुंचे थे। 56 वर्षीय लॉ ने 1994 से 1999 के बीच 55 मैचों में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया था। उनके पास कोचिंग का बहुत अनुभव है।

### तमीम इकबाल ने शुभचिंतकों के प्रति व्यक्त किया आभार

**ढाका।** बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल ने उन शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया है जिन्होने बीमारी के मुश्किल समय में उनकी सलामती की दुआ की। तमीम को सोमवार को दिल का दौरा पड़ा था जिसके बाद एंजियोप्लास्टी के लिये उन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उन्होने फेसबुक पर शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया। जनवरी 2025 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बावजूद तमीम घरेलू क्रिकेट खेलना जारी रखे हुए हैं। वह ढाका प्रीमियर डिवीजन क्रिकेट लीग के मैच में शिनेपुकुर क्रिकेट क्लब के खिलाफ मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब की अगुआई कर रहे थे, जब टॉस के तुरंत बाद उन्हें बेचैनी महसूस हुई।

### हरियाणा ने जीता राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग का खिताब

**रांची।** हरियाणा ने शुक्रवार को हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा को करीबी मुकाबले में हराकर राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-2025 का खिताब अपने नाम किया। आज यहां झारखंड के रांची में मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ पर खेले गये फाइनल मुकाबले में हरियाण ने हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा को 3-2 से हराया। हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा के लिए अहल्या लाकड़ा ने (आठवें) मिनट में गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। लेकिन चैंपियन हरियाणा की आज अलग ही योजना थी। हरियाण की काजल ने(12वें) मिनट में गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद काजल ने एक बार फिर (22वें) मिनट में गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। हरियाणा के लिए सावी ने (44वें) मिनट में विजयी गोल किया।

# जोकोविच मियामी ओपन के फाइनल में, 100वें खिताब के करीब

- दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी जोकोविच ने पहला सेट जीतने के लिए लगातार पांच गेम जीते

**फ्लोरिडा,** 29 मार्च (एजेंसियां)। नोवाक जोकोविच ने ग्रिगोर दिमित्रोव को हराकर 2016 के बाद पहली बार मियामी ओपन के फाइनल में प्रवेश कर लिया है और इसके साथ ही वह अपने 100वें एटीपी खिताब से मात्र एक कदम दूर रह गये हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी 37 वर्षीय जोकोविच ने पहला सेट जीतने के लिए लगातार पांच गेम जीते। दिमित्रोव ने दूसरे सेट में खराब शुरुआत की और 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने इसका फायदा उठाते हुए 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। जोकोविच ने कहा कि पेरिस ओलंपिक में अपना 99वां खिताब जीतने के बाद मैं स्पेशल 100 खिताब जीतने की संभावना के साथ खेल रहा हूं। मैं टेनिस के उस बेहद जरूरी स्तर को खोजने की कोशिश कर रहा हूं जो मुझे एक बड़ी ट्रॉफी के लिए लड़ने की स्थिति में लाएगा। मैं टूर्नामेंट के लिए जिस तरह से तैयार हुआ हूं और जिस तरह से खेल रहा हूं, उससे मैं बहुत खुश हूं। मैंने एक भी सेट नहीं गंवाया है। उन्होंने कहा कि यह एक शानदार अवसर है। देखते हैं कि दो दिनों में क्या होता है। 14वीं वरीयता प्राप्त 33 वर्षीय दिमित्रोव के लिए हवा की स्थिति खेल की शुरुआत अच्छी रही।



## आईपीएल 2025: टीम की हार के बावजूद नूर अहमद चमके

**नई दिल्ली,** 29 मार्च (एजेंसियां)। चेपॉक के मैदान पर शुक्रवार को 17 साल बाद चेन्नई सुपर किंग्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के हाथों मात मिली। आरसीबी से मिली करारी हार के बावजूद सीएसके के लिए खेल रहे अफगानी मूल के क्रिकेटर नूर अहमद चमक उठे।

नूर अहमद ने चार ओवर में 36 रन देकर तीन विकेट लिए और इसके साथ ही वह टूर्नामेंट में पर्पल कैप की रेस में सबसे आगे निकल गए। टूर्नामेंट में नूर अहमद ने कुल दो मैच खेले हैं और उनके नाम 7 विकेट हैं। आरसीबी के खिलाफ उतरने से पहले उनके खाते में चार विकेट थे और वह पर्पल कैप की रेस में दूसरे नंबर पर थे। आरसीबी के खिलाफ नूर ने अच्छी गेंदबाजी की और महज 36 रन खर्च कर तीन कीमती विकेट अपने नाम किए। नूर अहमद के बाद पर्पल कैप की रेस में लखनऊ सुपर जायंट्स के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर दूसरे नंबर पर बने हुए हैं। शार्दुल ठाकुर के बाद तीसरे नंबर पर आरसीबी के गेंदबाज जोश हेजलवुड हैं।

# मेरी प्रक्रिया अच्छी रही, तो नतीजे मेरे पक्ष में होंगे

## कुलदीप सेन



> मैं अब ठीक हूं। मेरा बस एक ही विचार है- मैं भारत के लिए खेलने के बारे में बहुत ज्यादा नहीं सोचता : कुलदीप सेन

**नई दिल्ली,** 29 मार्च (एजेंसियां)। आईपीएल टीम पंजाब किंग्स के मध्यम तेज गेंदबाज कुलदीप सेन ने कहा है कि वह भारत के लिए खेलने के बारे में बहुत ज्यादा नहीं सोचते। उन्हें अपनी प्रक्रिया पर भरोसा है। अगर उनकी प्रक्रिया अच्छी है, तो नतीजे उनके पक्ष में होंगे। वह बस प्रक्रिया का पालन कर रहे हैं। भारतीय टी20 टीम में वापसी के बारे में पूछे जाने पर कुलदीप सेन ने कहा कि मैं अब ठीक हूं। मेरा बस एक ही विचार है- मैं भारत के लिए खेलने के बारे में बहुत ज्यादा नहीं सोचता। मुझे अपनी प्रक्रिया पर भरोसा है। अगर मेरी प्रक्रिया अच्छी है, तो मेरे नतीजे मेरे पक्ष में होंगे। मैं बस प्रक्रिया का पालन कर रहा हूं। जब भी मुझे मौका मिलेगा, मैं अपना सर्वश्रेष्ठ दूंगा। मैं भारत के लिए खेलने के बारे में नहीं सोचता। अगर मैं अच्छा करता हूं, तो मैं खेलूंगा।

यही मेरी सोच है। मैं बस प्रक्रिया पर भरोसा करता हूं और उस पर विश्वास करता हूं। कुलदीप ने टेस्ट क्रिकेट और इस प्रारूप में अपने भविष्य के बारे में कहा कि मैंने किसी खास प्रारूप पर फैसला नहीं किया है।

# चैपमैन और स्मिथ की बदौलत न्यूजीलैंड की 73 रनों से जीत

**नेपियर,** 29 मार्च (एजेंसियां)। मार्क चैपमैन ने 111 गेंदों पर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 132 रनों की पारी खेलकर पाकिस्तान पर अपना दबदबा कायम रखा और मैकलीन पार्क में खेले गए पहले वनडे में न्यूजीलैंड को 73 रनों से जीत दिलाई।

बाएं हाथ के इस बल्लेबाज की शानदार पारी, डेरिल मिशेल की 76 रनों की पारी और मोहम्मद अब्बास के रिकॉर्ड-तोड़ डेब्यू फिफ्टी की बदौलत मेजबान टीम ने 344 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की टीम लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रही थी। बाबर आजम की 78 रनों की पारी और आगा सलमान की विस्फोटक फिफ्टी ने उन्हें शीर्ष स्थान पर पहुंचा दिया, लेकिन नाटकीय ढंग से ढहने के कारण उन्होंने मात्र 22 रनों पर सात विकेट गंवा दिए और 249/3 से 271 पर सिमट गई।

पाकिस्तान के लिए शुरुआती संकेत तब अच्छे रहे जब कप्तान मोहम्मद रिजवान ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। नसीम शाह और आकिफ जावेद ने जीवंत पिच का पूरा फायदा उठाया और न्यूजीलैंड को 3 विकेट पर 64 रन पर समेट दिया। विल यंग जल्दी ही आउट हो गए, डेब्यू करने वाले निक केली ने आकिफ के हाथों कैच आउट होने से पहले संघर्ष किया और हेनरी निकोल्स ने हुक करने से पहले काफी संघर्ष किया।


लेकिन पाकिस्तान की चार गेंदबाजों की रणनीति उल्टी पड़ गई क्योंकि चैपमैन और मिशेल ने सलमान आगा की पार्ट-टाइम स्पिन का फायदा उठाते हुए मैच को परिभाषित करने वाली 199 रनों की साझेदारी की।



- चैपमैन अपने बेहतरीन खेल में थे और उन्होंने शानदार स्ट्रोक खेलकर पाकिस्तान की गेंदबाजी को तहस-नहस कर दिया
- डैथ ओवर में शाहीन अफरीदी पर उनके शानदार हमले ने न्यूजीलैंड को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया

## स्टुअर्ट लॉ को दो साल के लिए नेपाल पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया

**नई दिल्ली,** 29 मार्च (एजेंसियां)। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टुअर्ट लॉ को अगले दो साल के लिए नेपाल की पुरुष क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। वह मोंटी देसाई की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल दो साल तक इस पद पर रहने के बाद फरवरी में समाप्त हो गया था। नेपाल क्रिकेट एसोसिएशन ने 'एक्स' पर इसकी जानकारी दी। पोस्ट में लिखा, कि ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज स्टुअर्ट लॉ अगले दो वर्षों के लिए नेपाल पुरुष राष्ट्रीय क्रिकेट टीम की कमान संभालेंगे। लॉ के पास कोचिंग का बहुत अनुभव है; उन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय टीमों के साथ काम किया है। उनकी सबसे हालिया भूमिका यूएसए पुरुष टीम के साथ थी, जहां उन्होंने बांग्लादेश पर ऐतिहासिक टी20 सीरीज जीत और 2024 टी20 विश्व कप के सुपर आठ में जगह बनाने में सफलता प्राप्त की।



# अर्थ जगत

## लगातार 3 दिन शेयर बाजार बंद, सोमवार को भी नहीं होगा कारोबार

**मुम्बई।** भारतीय शेयर बाजार लगातार तीन दिन बंद रहेगा। 29 मार्च शनिवार को बाजार बंद रहा वहीं 30 मार्च (रविवार) को साप्ताहिक अवकाश के कारण बाजार नहीं खुलेगा, जबकि 31 मार्च (सोमवार) को ईद-उल-फितर के उपलक्ष्य में बीएसई और एनएसई पर ट्रेडिंग पूरी तरह बंद रहेगी। इस दौरान इक्विटी, डेरिवेटिव और अन्य सेगमेंट में कोई लेनदेन नहीं होगा यानी अब स्टॉक मार्केट सीधा 1 अप्रैल को ओपन होगा। निवेशक अगले हफ्ते मंगलवार को ही अब सीधा कारोबार कर पाएंगे।



# अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के सुर एकदम से बदले, बोले- मोदी मेरे बहुत अच्छे दोस्त

## व्यापार शुल्क पर चल रही वार्ता के बहुत अच्छे नतीजे निकलने के दिए संकेत

*नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सुर भारत के लिए एकदम से बदल गए हैं। अमेरिका और भारत के बीच चल रही ट्रेड डील को लेकर दिए गए बयान में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बेहद बुद्धिमान व्यक्ति और अपना बहुत अच्छा दोस्त बताने के साथ ही कहा है कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापार शुल्क पर चल रही वार्ता के बहुत अच्छे नतीजे निकलकर आएंगे।*

ट्रंप की यह टिप्पणी विदेश सचिव विक्रम मिस्री की अमेरिकी उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ से द्विपक्षीय व्यापार पर हुई चर्चा के दिन आई। इस चर्चा के दौरान संतुलित व्यापारिक संबंधों के लिए बाधाओं को कम करने का मुद्दा भी शामिल रहा।

**हम हमेशा से बहुत अच्छे मित्र** – ट्रंप ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में कहा, प्रधानमंत्री मोदी हाल ही में यहां आए थे और हम हमेशा से बहुत अच्छे मित्र रहे हैं। उनकी यह टिप्पणी दो अप्रैल से भारत समेत कई देशों पर जवाबी सीमा शुल्क लगाने की अमेरिकी घोषणा पर अमल होने के कुछ दिन पहले



आई है। ट्रंप ने कहा, भारत दुनिया में सबसे अधिक शुल्क लगाने वाले देशों में से एक है। यह निष्ठुर है, यह निर्दयी है। वे बहुत बुद्धिमान हैं। वह (मोदी) बहुत बुद्धिमान व्यक्ति हैं और मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। हमारी बातचीत बहुत अच्छी रही। मुझे लगता है कि भारत और हमारे देश के बीच यह बहुत अच्छा काम करेगा। इसके साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी की तरफ इशारा करते हुए कहा, मैं कहना चाहता हूं कि आपके पास एक महान प्रधानमंत्री है। प्रधानमंत्री मोदी ने फरवरी में अमेरिका का दौरा किया था और ट्रंप के साथ द्विपक्षीय चर्चा की थी। इस दौरान दोनों पक्षों ने पारस्परिक रूप से लाभकारी, बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत करने की योजना की घोषणा की थी।

### दोनों देशों के बीच जारी है बात

ट्रंप भारत पर बेहद ऊंचे सीमा शुल्क लगाने का आरोप पहले भी कई बार लगा चुके हैं। उन्होंने कहा है कि अब अमेरिका भी जवाबी सीमा शुल्क लगाएगा। इस बीच, भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि मिस्री और लैंडौ ने बढ़ते द्विपक्षीय व्यापार, रक्षा और प्रौद्योगिकी सहयोग और आवागमन एवं प्रवास से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा कि दोनों अधिकारियों ने निष्पक्ष और संतुलित द्विपक्षीय व्यापार संबंध प्राप्त करने के लिए बाधाओं को कम करने के लिए चल रहे प्रयासों और रक्षा एवं प्रौद्योगिकी में सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की।

# सोना 93 हजार की ओर चांदी 1.03 लाख प्रति किलो



**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमत में अंधाधुंध तेजी जारी है। घरेलू सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,100 रुपये के उछाल के साथ 92,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गई। वहीं, चांदी की कीमत शुक्रवार को 1,300 रुपये की तेजी के साथ 1,03,000 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई। हालांकि, ऐसा नहीं कि अब इन दोनों कीमती धातु की कीमत नहीं बढ़ेगी। तमाम कमोडिटी एक्सपर्ट और रिसर्च एजेंसी का मानना है कि बदलते भौगोलिक हालात में सोने और चांदी की कीमत में तेजी जारी रहेगी। गोल्डमैन सैक्स ने सोने के लिए टारगेट प्राइस बढ़ा दिया है। गोल्डमैन सैक्स ने 2025 के अंत तक सोने की कीमत का टारगेट 3,100 डॉलर से बढ़ाकर 3,300 डॉलर प्रति औंस कर दिया है। बैंक ऑफ अमेरिका ने गोल्ड का टारगेट प्राइस 2025 में बढ़ाकर 3,063 डॉलर प्रति औंस और 2026 में 3,350 डॉलर प्रति औंस कर दिया है।

# इस साल पेट्रोल-डीजल के घट सकते हैं दाम

## पेट्रोलियम मंत्री ने दिए कीमतों में कटौती के संकेत

*नई दिल्ली। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने संकेत दिया है कि इस साल पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कटौती हो सकती है। पुरी ने कहा कि अगर कच्चे तेल की कीमतें मौजूदा स्तर पर बनी रहती हैं, तो ईंधन की दरों में कमी आ सकती है।*

गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव से पहले 14 मार्च को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 2 रुपए प्रति लीटर की कटौती की गई थी। इससे पहले 22 मई 2022 को केंद्र सरकार ने एक्साइज ड्यूटी घटाकर पेट्रोल पर 13 रुपए और डीजल पर 16 रुपए प्रति लीटर की राहत दी थी। हरदीप सिंह पुरी ने कहा, मैं पूरी गंभीरता से कह सकता हूं कि यदि लोग पूछते हैं कि ईंधन की कीमतें और कब कम होंगी, तो मेरा जवाब होगा कि यदि



कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट का यह रुझान जारी रहता है, तो ईंधन की कीमतों में कटौती की पूरी संभावना है।

**कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट-** एक रिपोर्ट के अनुसार, ईंधन की कीमतों में कटौती की उम्मीदें सितंबर 2023 से बनी हुई हैं, जब वैश्विक बाजार में ब्रेंट क्रूड की कीमतें 70 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गई थीं। हालांकि, बीच-बीच में मामूली बढ़ोतरी देखी गई लेकिन ज्यादातर समय यह 70-75 डॉलर प्रति बैरल के दायरे में बनी रही।

### एलपीजी पर घाटे की भरपाई कर रही सरकार

पुरी ने यह भी कहा कि सरकार उज्वला योजना के तहत एलपीजी सिलेंडर पर सब्सिडी दे रही है, जिससे सरकारी तेल कंपनियों को घाटे की भरपाई करने में मुश्किल हो रही है।

# पीएनबी ग्राहकों के लिए चेतावनी

## केवाएसी अपडेट नहीं करने पर खाता निष्क्रिय हो सकता है

*नई दिल्ली। पंजाब नेशनल बैंक के ग्राहकों के लिए अहम सूचना है। बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के तहत ग्राहकों से 10 अप्रैल 2025 तक अपना नो योर कस्टमर अपडेट करने की अपील की है। यह 31 मार्च, 2025 तक केवाएसी अपडेट होने वाले खातों पर लागू होता है। केवाएसी अपडेट नहीं करने पर खाते के संचालन में रुकावट आ सकती है या खाता निष्क्रिय हो सकता है।*

**केवाएसी अपडेट क्यों जरूरी है?-** केवाएसी एक अनिवार्य प्रक्रिया है, जिससे बैंक अपने ग्राहकों की पहचान सत्यापित कर पाते हैं। यह मनी लॉन्ड्रिंग, धोखाधड़ी और अन्य वित्तीय अपराधों को रोकने में मदद करता है।





आरबीआई के नियमों के अनुसार, बैंकों को खातों की सुरक्षा और नियामकीय अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर केवाएसी अपडेट कराना जरूरी होता है। यह अपडेट उन खाताधारकों के लिए आवश्यक है, जिनके खाते 31 मार्च 2025 तक रिन्यूअल के लिए निर्धारित हैं। प्रभावित ग्राहकों को बैंक द्वारा भेजे गए एसएमएस, ईमेल या आधिकारिक अधिसूचनाओं की जांच करनी चाहिए। ग्राहकों को सलाह दी जाती है कि वे समय सीमा से पहले अपना केवाएसी अपडेट कराएं, ताकि किसी भी असुविधा से बचा जा सके। अधिक जानकारी के लिए पीएनबी की आधिकारिक वेबसाइट या नजदीकी शाखा से संपर्क करें।

# एलन मस्क ने फिर दुनिया को चौंकाया

## बेच दिया अपना सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स

*नई दिल्ली। दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क अपने अतरंगी फैसलों के लिए जाने जाते हैं। अब उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को अपनी ही एक कंपनी को बेच दिया है। मस्क ने कहा कि उन्होंने एक्स को अपनी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी एक्सएआई को बेच दिया है।*

यह 33 अरब डॉलर की एक ऑल स्टॉक डील है। एलन मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, एक्सएआई और एक्स का भविष्य आपस में जुड़ा हुआ है। आज हम डेटा, मॉडल, कंप्यूट, डिस्ट्रीब्यूशन और टैलेंट को कंबाइन करने के लिए आधिकारिक कदम उठा रहे हैं। एक्सएआई एक्स के लिए 45



अरब डॉलर का भुगतान करेगा, जो मस्क द्वारा 2022 में इसके लिए भुगतान की गई रकम से थोड़ा अधिक है, लेकिन इस सौदे में 12 अरब डॉलर का कर्ज भी शामिल है।मस्क ने कहा कि यह कदम एक्सएआई की एडवांस एआई कैपेसिटी और एक्सपर्टीज को एक्स की विशाल पहुंच के साथ मिलाकर अपार क्षमता को अनलॉक करेगा। उन्होंने कहा कि इस सौदे में एक्सएआई की वैल्यूएशन 80 अरब डॉलर और एक्स की वैल्यूएशन 33 अरब डॉलर आंकी गई है।

उन्होंने कहा, एक्सएआई की स्थापना को 2 साल हो गए हैं और यह अभूतपूर्व गति और पैमाने पर मॉडल व डेटा सेंटर बनाते हुए दुनिया की अग्रणी एआई प्रयोगशालाओं में से एक बन गया है। मस्क ने लिखा, यह कॉम्बिनेशन एक्सएआई की एडवांस एआई क्षमता और विशेषज्ञता को एक्स की विशाल पहुंच के साथ मिलाकर अपार क्षमता को अनलॉक करेगा। संयुक्त कंपनी अरबों लोगों को स्मार्टर और अधिक मिनिंगफुल अनुभव प्रदान करेगी।

### मुद्रा बाजार

**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 85. 78 |
| एक यूरो | 92. 23 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 111 . 40 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54. 04 |
| एक जापानी येन | 0. 56 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**
864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 84 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 100 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-112 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -56 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

### सराफा बाजार

**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 90800 चांदी -102400

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 90800 चांदी -102400

### दाल- चावल भाव

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338
**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 11000-12000, फाइन 130000-13500, एकस्ट्रा बोल्ड 13500-14000, चना दाल एवरेज 7600-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7500-7700, मसूर दाल फाइन 7800-8000, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9500, उड़द धुली 10000-11000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10000- 10500, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4200-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5200-5500 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5600-5800, फाइन 6000-6300, बासमती कनकी चालू 3200-3600, बासमती कनकी मीडियम 4000-4200, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4300-5200, दुबार- 5200-5800, तिबार- 6500-6800, बासमती 8500-1000, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4400-4500, फाइन 5400-5500, मुरमुरा- 5500-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।

### लोहा भाव

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

# भारत की विदेशी दौलत में भारी इजाफा

*नई दिल्ली। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 21 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा, विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.67 अरब डॉलर बढ़कर 558.86 अरब डॉलर हो गईं। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 21 मार्च को समाप्त सप्ताह में 4.53 अरब डॉलर बढ़कर 658.8 अरब डॉलर हो गया. भारतीय रिजर्व बैंक ने जानकारी दी।*



इसके एक सप्ताह पहले देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 654.27 अरब डॉलर हो गया था. ये लगातार तीसरा सप्ताह है जब विदेशीमुद्रा भंडार में इजाफा हुआ है.हाल ही में पुनर्मूल्यांकन और रुपये में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप के कारण इसमें गिरावट देखी गई थी. सितंबर 2024 में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.885 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था. रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 21 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा, विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.67 अरब डॉलर बढ़कर 558.86 अरब डॉलर हो गईं।

# बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर पांच महीने के निचले स्तर पर

*नई दिल्ली। देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर फरवरी में घटकर पांच महीने के निचले स्तर 2.9 प्रतिशत पर आ गई। जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। पिछले साल इसी महीने में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 7.1 प्रतिशत रही थी।*

मासिक आधार पर इन उद्योगों की वृद्धि दर जनवरी में दर्ज 5.1 प्रतिशत की वृद्धि से कम रही। इससे पहले सितंबर में 2.4 प्रतिशत की न्यूनतम वृद्धि दर्ज की गई थी। फरवरी में कच्चा तेल तथा प्राकृतिक गैस उत्पादन की वृद्धि में गिरावट आई। कोयला, रिफाइनरी उत्पाद, इस्पात और बिजली की उत्पादन वृद्धि क्रमशः 1.7 प्रतिशत, 0.8 प्रतिशत, 5.6 प्रतिशत और 2.8 प्रतिशत रही। फरवरी 2024 में यह 11.6 प्रतिशत, 2.6 प्रतिशत, 9.4 प्रतिशत और 7.6 प्रतिशत थी। हालांकि, समीक्षाधीन महीने में उर्वरक तथा सीमेंट उत्पादन में क्रमश 10.2 प्रतिशत और 10.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-फरवरी अवधि में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली की वृद्धि



दर 4.4 प्रतिशत रही। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि में यह 7.8 प्रतिशत थी। आठ प्रमुख क्षेत्र औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का योगदान है। आईआईपी समग्र औद्योगिक विकास को मापता है। रेटिंग एजेंसी इक्रा लि. की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने इन आंकड़ों पर कहा, "फरवरी 2025 में बुनियादी उद्योग की वृद्धि दर घटकर पांच महीने के निचले स्तर 2.9 प्रतिशत पर आ गई, जो जनवरी 2025 में 5.1 प्रतिशत थी। हालांकि यह आंशिक रूप से उच्च तुलनात्मक आधार के कारण है।

# रुपये के लिए मार्च छह साल में सबसे अच्छा

*नई दिल्ली। रुपये ने मार्च में छह साल की सबसे ज्यादा मासिक बढ़त हासिल की। डीलरों ने कहा कि इसकी वजह मजबूत विदेशी निवेश और स्थानीय मुद्रा के खिलाफ शॉर्ट पोजीशन की बिकवाली रही। नवंबर 2018 में रुपया 6.3 फीसदी चढ़ा था।*

शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 85.47 पर टिका जो इस वित्त वर्ष का आखिरी कारोबारी सत्र था। मार्च में कुल मिलाकर इसमें डॉलर के मुकाबले 2.39 फीसदी की उछाल दर्ज हुई।

डीलरों ने कहा कि शुक्रवार को भारतीय मुद्रा में 0.4 फीसदी का इजाफा हुआ और इसकी वजह विदेशी बैंकों और निजी बैंकों की डॉलर बिकवाली रही। गुरुवार को रुपया 85.79 पर रहा था। एक निजी बैंक के ट्रेजरी प्रमुख ने कहा, हमने महीने के दौरान इक्विटी और डेट दोनों में निवेश देखा और रुपये के खिलाफ दांव लगाने वालों ने अपनी पोजीशन की बिकवाली की। इस बारे में भारतीय रिजर्व बैंक से निर्देश की भी खबरें थीं। चालू वित्त वर्ष में रुपये में 2.12 फीसदी की गिरावट आई जबकि वित्त वर्ष 24 में इसमें 1.47 फीसदी की गिरावट आई थी।

जानकारों ने कहा, रुपये की मजबूती का एक प्रमुख चालक आरबीआई लगता है, जो कथित तौर पर बैंकों को ऑनशोर और ऑफशोर



बाजारों के बीच बड़े आर्बिट्रेज दांव से बचने की सलाह दे रहा है। विशेष रूप से रुपये में यह तेजी चीनी युआन में स्थिरता के बावजूद आई है। वास्तव में युआन के मुकाबले रुपया कुछ ही सत्रों में 2 फीसदी से अधिक मजबूत हुआ है, जो 12.05 से बढ़कर 11.81 पर पहुंच गया है। साथ ही यह अन्य एशियाई मुद्राओं के मुकाबले 1.5-2.5 फीसदी तक चढ़ा है।

हालांकि 2025 की शुरुआत में भारतीय मुद्रा पर दबाव था। लेकिन केंद्रीय बैंक के आक्रामक हस्तक्षेप के बाद फरवरी से इसमें सुधार शुरू हो गया और मार्च में उसने 2025 में हुए अपने सारे घाटे की भरपाई कर ली। जनवरी-मार्च तिमाही में स्थानीय मुद्रा में 0.12 फीसदी की वृद्धि हुई जो अप्रैल-जून 2023 के बाद से इसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। तब इसमें 0.17 फीसदी का इजाफा हुआ था। हालांकि, अप्रैल में घरेलू मुद्रा पर फिर से दबाव आ सकता है क्योंकि विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) देसी बाजारों से निकासी शुरू कर सकते हैं जिससे रुपया 86 प्रति डॉलर के स्तर को पार कर सकता है। एक सरकारी बैंक के डीलर ने कहा, साल की शुरुआत में रुपया भू-राजनीतिक मुद्दों के कारण दबाव का सामना कर रहा था। आरबीआई ने बाजार के सभी तीनों खंडों में कदम रखा। स्वैप ने मदद की और फिर मार्च में साल और तिमाही खत्म होते हैं जिसमें हमने निवेश देखा। इससे भी रुपये को मदद मिली। डॉलर इंडेक्स भी इस दौरान स्थिर रहा। लेकिन अप्रैल से रुपया दबाव में आ सकता है क्योंकि एफआईआई फिर से निकासी शुरू कर सकते हैं।

**देशबन्धु**
**ग्राहक सेवा**



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

**100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज**
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**फ्लैट बेचना है**
गोलबाजार, जबलपुर में 742 वर्गफुट का 2 BHK बालकनी सहित फ्लैट दूसरी मंजिल पर बिक्री हेतु उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
एडवोकेट रविशंकर पटेल
फोन नंबर-
9827087838

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com





## "विक्रम सम्वत् 2082" भारतीय नववर्ष, सृष्टि आरंभ दिवस एवं गुड़ी पड़वा के पावन पर्व की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



मंगुभाई पटेल, राज्यपाल



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

# विक्रमोत्सव 2025

26 फरवरी से 30 जून

**मुख्य अतिथि**
**मंगुभाई पटेल**
राज्यपाल

**अध्यक्षता**
**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री

**गरिमामयी उपस्थिति**
**डॉ. अर्जुनराम मेघवाल**
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
विधि एवं न्याय, भारत सरकार

**प्रदेश स्तर पर ब्रह्मध्वज स्थापना एवं सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रित नाट्य प्रस्तुति**

**वीर भारत संग्रहालय का भूमिपूजन**
सायं 5:00 बजे, कोठी महल


**रुद्र सागर, लाइट एंड साउंड शो का उद्घाटन**
सायं 6:30 बजे, श्री महाकाल-महालोक परिसर

**सम्राट विक्रमादित्य हेरिटेज होटल का लोकार्पण**
सायं 6:00 बजे, महाराजवाड़ा परिसर

**30 मार्च, 2025, उज्जैन**

जन सहभागिता से जलस्रोतों को सहेजने के लिए
**जल गंगा संवर्धन अभियान**
**शुभारंभ**
30 मार्च से 30 जून, 2025
सायं 7:00 बजे, क्षिप्रा तट

'जल दूत' के रूप में सहभागिता के लिए mybharat.gov.in पर पंजीयन करायें



सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

D-11218/24